शर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 203 | गुवाहाटी | बुधवार, 15 फरवरी, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

दो परिवारों के खूनी संघर्ष में महिला समेत तीन की मौत, सात घायल पेज 3
रक्षा मंत्री ने विदेशी कंपनियों को भारत में उद्योग लगाने का न्योता दिया पेज 4
मंत्री जिलों के दौरे पर जाकर प्रदेश के उन्नयन की कहानी बताएं : योगी पेज 5
विधानसभा में विपक्ष की तरफ से पूनियां उठाएंगे सवाल, कटारिया की... पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graphy Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

कोई मनुष्य अगर बड़ा बनना चाहता है, तो छोटे से छोटा काम भी करे, क्योंकि स्वावलंबी ही श्रेष्ठ होते है।

ईश्वर चंद्र विद्यासागर

## न्यूज गैलरी

### चुनावी रैली में दिखीं महिला आयोग अध्यक्ष ईसी का नोटिस

**शिलांग।** निर्वाचन आयोग ने मेघालय में सत्तारूढ़ दल नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के उम्मीदवार की रैली में शिरकत का वीडियो सामने आने के बाद राज्य महिला आयोग की प्रमुख फिदालिया तोई को कथित तौर पर नियमों का उल्लंघन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) एफ आर खारकोंगोर ने कहा कि जोवई विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी ने तोई को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा -शेष पृष्ठ दो पर

### सड़क हादसा : 17 महिलाओं को रौंदा पांच की मौत

**मुंबई (हि.स.)।** पुणे जिले में शिरोली इलाके के राजगुरुनगर में पुणे-नासिक हाईवे पर अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रही 17 महिलाओं को रौंद दिया, जिसमें पांच महिलाओं की मौत हो गई जबकि 12 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। इनमें चार महिलाओं की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को शिरोल ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खेड़ पुलिस के अनुसार, सोमवार देर रात शिरोली के राजगुरुनगर में स्थित एक कार्यक्रम -शेष पृष्ठ दो पर

### बीबीसी पर आईटी के कथित सर्वे की एडिटर्स गिल्ड ने की आलोचना

**नई दिल्ली।** बीबीसी के दिल्ली-मुंबई स्थित कार्यालयों पर इनकम टैक्स विभाग के कथित सर्वे की एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने आलोचना की है। गिल्ड ने कहा है कि यह मीडिया की आजादी पर हमला है। इसके पहले भी कई ऐसे मीडिया संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जिन्होंने सरकार की आलोचना की है। माना जा रहा है कि बीबीसी पर आईटी की यह कार्रवाई उसकी उस डॉक्यूमेंट्री के कारण की गई है, जो उसने 2002 में हुए -शेष पृष्ठ दो पर


## त्रिपुरा चुनाव : अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं सील, मतदान कल



**अगरतला।** त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक पार्टियों के साथ-साथ राज्य चुनाव आयोग ने भी पूरी तैयारी कर ली है। लोग भयमुक्त होकर चुनाव में अपनी भागेदारी कर सकें, उसके लिए चुनाव आयोग ने कई रणनीति बनाई हैं। खास नंबर जारी किए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय सीमा को चुनाव तक सील कर दिया गया है। त्रिपुरा के साथ लगने वाले राज्यों की सीमाएं सील कर दी गई हैं। त्रिपुरा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी किरण गिट्टे ने *शून्य मतदान हिंसा मिशन* को हासिल करने की रणनीति के तहत 60 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिए एक अलग लैंड लाइन फोन, मोबाइल और व्हाट्सएप नंबर जारी कर दिया है। साथ ही मतदान के दिन यदि किसी को मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार -शेष पृष्ठ दो पर

### नगालैंड विस चुनाव : नड्डा ने जारी किया घोषणा पत्र

## राज्य बना विकास का प्रतीक



**कोहिमा।** नगालैंड में 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा कोहिमा पहुंचे। यहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान नड्डा ने कहा कि पांच साल पहले नॉर्थ ईस्ट में अवरोध, उग्रवाद, लक्षित हमले आदि का सामना करना पड़ता था। मगर आज नगालैंड फिर से शांति, समृद्धि और विकास की राह पर आ गया है। नगालैंड की विकास की एक कहानी रही है। पिछले आठ सालों में विद्रोह 80 फीसदी कम हो गए हैं और अफस्पा 66 फीसदी क्षेत्रों से हटाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वोत्तर के राज्यों को अष्ट लक्ष्मी मानते हैं, उनमें विकास के आधार पर शांति, बिजली, पर्यटन, 5जी संकेत, संस्कृति, प्राकृतिक-खेती और खेल के साथ-साथ -शेष पृष्ठ दो पर

## अयोध्या में बनेगा आरएसएस का नया मुख्यालय




**अयोध्या।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) 2025 में अपना शताब्दी वर्ष मनाने की तैयारी में है। इससे पहले वह अयोध्या में अपना एक और मुख्यालय बनाना चाहती है। इसके लिए संघ ने आवास विकास परिषद से 100 एकड़ जमीन मांगी है। संघ यह जमीन ग्रीन फील्डशिप योजना (नव्य अयोध्या) में चाहता है। इसके लिए आवेदन किया गया है। ये बात आवास विकास परिषद के एक अधिकारी ने भास्कर को बताई। यानी, अगर सब कुछ ठीक रहा तो अयोध्या आरएसएस का नया गढ़ होगा। अभी आरएसएस का मुख्यालय नागपुर है। यह करीब 1 एकड़ में बना हुआ है। वहीं, दिल्ली का झंडेवालान भी बड़ा केंद्र है, जो करीब 3 एकड़ में फैला हुआ है। संघ के शीर्ष पदाधिकारियों में से कुछ -शेष पृष्ठ दो पर

## बीबीसी पर इनकम टैक्स का छापा उसकी पहली प्रतिक्रिया सामने आई




**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के सार्वजनिक प्रसारक बीबीसी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय आयकर विभाग के अधिकारी नई दिल्ली और मुंबई स्थित उसके कार्यालयों में हैं तथा वह उनके साथ पूरा सहयोग कर रहा है। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने आयकर सर्वे के संबंध में अधिक विवरण नहीं दिया। इस सर्वे के दौरान स्थानीय बीबीसी कर्मचारियों को कथित तौर पर कार्यालय परिसर में प्रवेश करने से रोका गया और उनके मोबाइल फोन बंद कर दिए गए। बीबीसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि आयकर अधिकारी इस समय नई दिल्ली और मुंबई में बीबीसी कार्यालयों में हैं और हम पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि यह स्थिति जल्द से जल्द सुलझ जाएगी। अधिकारियों ने नई दिल्ली में बताया कि आयकर विभाग ने मंगलवार को कथित कर चोरी की जांच के तहत दिल्ली और मुंबई में बीबीसी के कार्यालयों में *सर्वे ऑपरेशन* चलाया। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) द्वारा दो कड़ियों वाला वृत्तचित्र *इंडिया: द मोदी क्वेश्चन* प्रसारित किए जाने के कुछ -शेष पृष्ठ दो पर

## बाल विवाह : गिरफ्तारी के डर से की आत्महत्या

**धुबड़ी (हि.स.)।** बाल विवाह को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के आदेश के बाद असम पुलिस राज्य में जोरदार अभियान छेड़े हुए है। कथित तौर पर कहा गया है कि गौरीपुर थानांतर्गत बरईबाड़ी बाघमारा गांव में एक व्यक्ति पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए आत्महत्या कर ली है। बाल विवाह करने वाले युवाओं को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी कर हजारों लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस का डर अब आम लोगों को बुरी तरह से सता रहा है। मंगलवार को धुबड़ी जिला के गौरीपुर थानांतर्गत बरईबाड़ी बाघमारा गांव निवासी काशेम अली परमानिक (28) पुलिस की पकड़ से बचने के लिए अपना गला रेतकर आत्महत्या कर ली। काशेम अली तीन बच्चों का पिता है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर -शेष पृष्ठ दो पर

### सौ से अधिक देशों के रक्षा प्रमुखों का सम्मेलन

## भारत की ओर से मित्रों देशों की साझेदारी की पेशकश




**नई दिल्ली (हि.स.)।** रक्षा मंत्री ने बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दूसरे दिन मंगलवार को रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी की। उन्होंने वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में तेजी से हो रहे बदलावों से निपटने के लिए अधिक सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत नियमों पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का पक्षधर है, इसलिए आतंकवाद जैसे खतरों का मुकाबला करने के लिए नई रणनीति तैयार करने की आवश्यकता है। भारत की ओर से मित्र देशों को रक्षा साझेदारी की पेशकश करते हुए राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और क्षमताओं को गिनाया। रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में 27 देशों के रक्षा और उप रक्षा मंत्रियों, 80 देशों के 15 रक्षा एवं सेवा प्रमुखों और 12 स्थायी सचिवों सहित कई देशों के 160 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन का व्यापक विषय *रक्षा में संवर्धित संलग्नताओं के माध्यम से साझा समृद्धि* था। अपने उद्घाटन भाषण में रक्षा मंत्री ने तेजी से जटिल वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में अधिक सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक और सुरक्षा वास्तविकताएं अब अज्ञात गति से बदल रही हैं। उन्होंने ऐसे तेज गति वाले परिवर्तनों का जवाब देने के लिए वास्तविक समय के सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने शिखर सम्मेलनों के दौरान नियमित बातचीत पर जोर दिया कि सभी की चिंताओं को एक सामान्य, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य के -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**


# जल्द ही भारतीय विमान स्वदेश निर्मित इंजनों के साथ उड़ान भरेंगे : राजनाथ

**नई दिल्ली ( हिंस )।** रक्षा मंत्रालय एयरोस्पेस क्षेत्र को एक नया प्रोत्साहन देने और पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए एयरो-इंजनों के स्वदेशी निर्माण पर काम कर रहा है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के बाद भारत *अमृत काल* में प्रवेश कर रहा है। यही समय सुनिश्चित करने का है कि भारतीय विमान स्वदेश निर्मित इंजनों के साथ उड़ान भरें। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन जल्द ही उस दिशा में तेजी से प्रगति करके अपनी उपलब्धियों की सूची में *पृथ्वी, आकाश* और *अग्नि* मिसाइलों को शामिल करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बातें मंगलवार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। इसका विषय *स्वदेशी एयरो इंजनों के विकास के लिए आगे बढ़ने सहित भविष्य के एयरोस्पेस टेक्नोलॉजीज का स्वदेशी विकास* था। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, स्टील्थ, हाइपरसोनिक और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी प्रमुख प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके आवश्यक हथियार प्रणालियों के स्वदेशी डिजाइन और विकास पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने अब भारतीय वायु सेना के लिए एलसीए एमके दो को स्वीकृति दे दी है, जबकि भारतीय नौसेना के लिए दोहरे इंजन डेक आधारित लड़ाकू विमान पर विचार किया जा रहा है। हमने 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ एयरक्राफ्ट के रूप में एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के डिजाइन और विनिर्माण की राह पर भी आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। चाहे जल हो, जमीन हो या आसमान हो, डीआरडीओ सुरक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में हमेशा सबसे आगे रहा है। रक्षा मंत्री ने संगोष्ठी के दौरान प्रौद्योगिकी विकास कोष (टीडीएफ) के माध्यम से विकसित एमआईजी-29के के लिए स्वास्थ्य उपयोग और निगरानी प्रणाली वाइस एडमिरल सतीश नामदेव घोरमडे को सौंपी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने उद्योगों को 12 प्रौद्योगिकियां सौंपी। इन तकनीकों का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण-टीओटी देश में रक्षा प्रणालियों और प्लेटफार्मों के क्षेत्र में विनिर्माण इको-सिस्टम को और मजबूत करेगा। अब तक डीआरडीओ ने भारतीय उद्योगों के साथ 1,500 से अधिक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते किए हैं। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. जी सतीश रेड्डी भी उपस्थित थे।

# पंजाब : राज्यपाल व मुख्यमंत्री के *पत्र वार* से गरमाई राजनीति

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** स्कूली प्रिंसिपलों को विदेश भेजने के मामले में पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित के पत्र के जवाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के जवाबी पत्र लिखने से राज्य की राजनीति गरमा गई है। सोमवार को राज्यपाल ने विदेश जाने वाले प्रिंसिपलों के चयन पर के मानदंड पूछे। इसके जवाब में मुख्यमंत्री ने मंगलवार को पत्र लिखकर यह पूछ लिया कि राज्यपाल की नियुक्ति के क्या मानदंड होते हैं। इस विवाद में कांग्रेस, भाजपा व अकाली दल भी गए हैं। दरअसल, पंजाब के राज्यपाल पुरोहित ने सोमवार की शाम एक पत्र लिखकर मुख्यमंत्री भगवंत मान से पूछा था कि हालही में सिंगापुर गए प्रिंसीपलों के लिए क्या चयन प्रक्रिया अपनाई गई है। राज्यपाल ने पुराने पत्रों का हवाला देते हुए कहा था कि वह कई तरह की नियुक्तियों में बरती गई अनियमितताओं, चंडीगढ़ के एसएसपी को तरक्की देने समेत कई मामलों पर उन्हें पत्र लिख चुके हैं, लेकिन उनके किसी भी पत्र का जवाब नहीं दिया जा रहा है। राज्यपाल ने चेताया था कि अगर 15 दिनों के भीतर उन्हें जवाब नहीं मिला तो वह कानूनी राय लेने के लिए मजबूर होंगे। मुख्यमंत्री मान ने मंगलवार को गवर्नर का नाम लिए बगैर तंज कसते हुए कहा कि पंजाब के फैसले जनता द्वारा चुने हुए लोग ही लेंगे, नामजद लोग नहीं लेंगे। मुख्यमंत्री ने गवर्नर को उनके द्वारा इसी मुद्दे पर लिखे गए पत्र का जवाब भी भेज दिया गया। इस पत्र में भगवंत मान ने लिखा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं मैं और मेरी सरकार तीन करोड़ पंजाबियों को जवाबदेह है। आपने मुझे पूछा है कि सिंगापुर में ट्रेनिंग के लिए टीचरों का चुनाव किस आधार पर किया है। पंजाब के लोग पूछना चाहते हैं कि भारतीय संविधान में किसी स्पष्ट योग्यता के बगैर केंद्र सरकार द्वारा अलग-अलग राज्यों में राज्यपाल किस आधार पर चुने जाते हैं। यह बताकर पंजाबियों की जानकारी बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच छिड़े विवाद पर कांग्रेस विधायक दल नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि राज्यपाल संवैधानिक पद पर हैं। उन्हें अगर कोई आशंकाएं हैं तो मुख्यमंत्री को चाहिए कि वह राज्यपाल से मुलाकात करके अपनी स्थिति स्पष्ट करें। भाजपा नेता तरूण चुघ ने कहा कि पंजाब के हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है।

## किशोरी को प्रताड़ित करने का वीडियो वायरल, पांच गिरफ्तार

**हैलाकांदी ( हि.स. )।** जिले में चोरी के आरोप में एक नाबालिग किशोरी के बाल काट कर अपमानित और प्रताड़ित करने के बाद उसका वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना हैलाकांदी जिले के रामनाथपुर पुलिस चौकी के तहत जालनेछड़े इलाके में हुई है। चोरी के आरोप में कथित तौर पर कुछ लोगों ने एक नाबालिग युवती के हाथ-पैर बांधकर उसके सिर के बाल काट दिए और उसे बुरी तरह से प्रताड़ित किया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया, जो तेजी से वायरल हुआ। जानकारी मिलने पर हैलाकांदी पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया है कि इस मामले में पांच लोगों, अब्दुल मनाफ मजूमदार, आपताब उद्दीन चौधरी, अमीर उद्दीन मजूमदार, बदर उद्दीन चौधरी और अब्दुल मजूमदार को गिरफ्तार किया गया है। रामनाथपुर चौकी पुलिस पांचों से पूछताछ कर रही है। इससे पहले भी इसी तरह की घटना का एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में हैलाकांदी जिले के कृष्णापुर इलाके में एक युवक दूसरे युवक को तालिबानी तरीके से प्रताड़ित करता दिखा था। जिसको लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखी गई थी।

## करीमगंज जिले में घरेलू एलपीजी कनेक्शनों की होगी सुरक्षा जांच

**करीमगंज ( हि.स. )।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश पर करीमगंज जिले में पाइप से आपूर्ति किये जाने वाले घरेलू एलपीजी गैस कनेक्शन की सुरक्षा की जांच के लिए एक आदेश जारी किया है। एलपीजी वितरकों को उपभोक्ता के घर पर घरेलू एलपीजी कनेक्शन के उचित सुरक्षा और सुरक्षित उपयोग के लिए अनिवार्य रूप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। आदेश में कहा गया है कि इसके लिए सामान्य श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए जीएसटी सहित 236 रुपए और पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए 50 रुपए का फिक्स चार्ज इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को देना होगा।

## रंगिया रेलवे प्लेटफार्म के 22 स्टॉलों को बंद करने का नोटिस

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** कामरूप (ग्रामीण) जिलांतर्गत रंगिया रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म पर 22 स्टालों को बंद किये जाने के नोटिस पर इनके संचालक परेशान हैं। रंगिया रेल विभाग ने वर्षों से प्लेटफार्म पर लगे स्टालों को बंद करने के आदेश से इससे जुड़े करीब 150 लोगों को अपनी जीविका को लेकर चिंतित हैं। रेलवे विभाग पहले ही इन स्टालों की बिजली आपूर्ति काट चुका है। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि इन स्टॉलों को बंद करने के पीछे रेलवे विभाग की मंशा क्या है। इन स्टालों के मालिकों और यहां काम करने वालों को अपनी आजीविका की चिंता सता रही है। वहीं, रेल विभाग के इस फैसले पर चुपी साधे हुए हैं। इन स्टालों के मालिकों और वहां काम करने वालों ने रेलवे विभाग से अपने फैसले को रद्द करने की अपील की है।

## बुढ़ाचापरी अभ्यारण्य में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**नागांव ( हि.स. )।** नगांव जिो के बुढ़ाचापारी अभ्यारण्य में प्रशासन ने मंगलवार को बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस, अर्धसैनिक बल और वन कर्मियों मौजूद रहे। जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया। नगांव और शोणितपुर जिलों को कवर करने वाले वन्यजीव अभ्यारण्य में लोगों के एक वर्ग ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। इससे जैव विविधता को खतरा पैदा हो गया था। इसके मद्देनजर राज्य सरकार के आदेश पर इस वन क्षेत्र की करीब छह हजार बीघा जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए वन विभाग ने अभियान चलाया है। अभ्यारण्य के बेतनी और लंगकेटापू चर में नगांव और शोणितपुर जिला प्रशासन ने बेदखली अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि लगभग 44 वर्ग किमी के इस वन क्षेत्र को 1974 में आरक्षित वन और 1995 में वन्यजीव अभ्यारण्य के रूप में मान्यता दी गई थी।

## कराईखाती में आग से दो लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जली

**नगरबेरा ( निसं )।** बारपेटा जिले के चेंगा निर्वाचन क्षेत्र के कशुमारा थाना अंतर्गत कराईखाईति में बीती रात भीषण आग्निकांड से अंचल में सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक पीड़ित की पहचान कराईखाईति गांव के निवासी समेज अली के गृह में रात के समय अचानक अग्नि कांड से तुरंत परिवार का एकमात्र घर पुरी तरह से भस्म हो जाते हैं।घर के भीतर का सारा सामान के साथ जरुरी कागजात जलकर खाक हो जाने पर परिवार में हहाकारमय परिस्थिति छा गया। कमसे कम दो लाख रुपए का संपत्ति जलकर खाक हो गया बोल के परिवार का लोग जानकारी दी। अग्निकांड का प्रकृत कारण अब तक जानकारी नहीं मिली।


No. SSUHS/630/2022/722-25

**NOTICE INVITING QUOTATION**

Sealed quotation affixing court fees Stamp of Rs 8.25 (Rupees Eight and Twenty Five paisa) are invited for supply and installation of following items for office use at Srimanta Sankaradeva University of Health Sciences.

The quotation complete in all respect is to be submitted on or before **28-02-2023** upto 2:00 PM and the same will be opened **28-02-2023** at 3:00 PM

| Sl. No. | Item | Specification | Rate per Unit (including GST) |
|---|---|---|---|
| 1 | Steel Almirah (Godrej) | - Size: 6 feet x 3 feet | |
| 2 | Book Shelve (Godrej) | - Lockable<br>- 4door compartment<br>- Material : steel<br>- Warranty should be one year | |
| 3 | Security Lockers (Godrej) | - Capacity49 L<br>- Dimensions608mm X 430mm X 466mm<br>- Weight100kg<br>- Strength : Extreme Strength<br>- Fire Resistance : Non Fire Resistant<br>- Intelligence: Basic<br>- Lock Type: Key Lock | |

**Terms &Conditions :**

1. The price of items is to be quoted inclusive/exclusive of all taxes as applicable.
2. The copies of GST registration, Trade Licences, Pan Card to be annexed with the Quotation.
3. The bill/bills to be submitted in duplicate.
4. The bills to be produced for payment only after successful and satisfactory supply of the item.
5. The undersigned has every right to accept and reject the quotation as deemfit it proper.

Sd/-
Registrar
Srimanta Sankaradeva University of Health Sciences.

**-- Janasanyog /C/19993/22**


## विस चुनाव : करीमगंज जिले के त्रिपुरा के सीमावर्ती इलाकों में ड्राई डे घोषित

**करीमगंज ( हि.स. )।** त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने सीमावर्ती इलाके में 14 फरवरी की शाम 4 बजे से 16 फरवरी की शाम 4 बजे तक और मतगणना के दिन सभी शराब की दुकानों को बंद करने की घोषणा की है। करीमगंज जिलाधिकारी मृदुल यादव ने त्रिपुरा चुनाव के मद्देनजर 14 फरवरी की शाम 4 बजे से 16 फरवरी की शाम 4 बजे तक और मतगणना के दिन आगामी 2 मार्च को मतगणना प्रक्रिया पूरी होने तक करीमगंज जिला में त्रिपुरा की सीमा से लगे क्षेत्रों में ड्राई डे घोषित किया है।

## पुलवामा शहीदों को किया याद, अर्पित की श्रद्धांजलि

**मीरजापुर ( हिंस )।** 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए अर्धसैनिक बलों को उनकी शहादत दिवस पर ऑल टीचर्स एम्प्लॉई वेलफेयर एसोसिएशन के शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर प्रदेश भर के सभी जिला मुख्यालय पर विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में मीरजापुर मुख्यालय स्थित बरियाघाट बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर अटेवा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों ने शहीद सैनिकों को कैंडल जला कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। अटेवा की मंडल अध्यक्ष अंजना सिंह ने सरकार से अर्धसैनिक बलों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने की जोरदार मांग की। उन्होंने कहा कि जो किसान का बेटा सीमा पर देश की रक्षा में अपनी कुर्बानी दी है, उनको पेंशन नहीं मिलेगी, इससे दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता। सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। जिलाअध्यक्ष दीपक सिंह व प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष पहाड़ी संजय सिंह ने पेंशन आंदोलन में अटेवा का हर कदम पर साथ का भरोसा दिया।

## हरि पैलेस जम्मू में सुचेतगढ़ सिलाई केंद्र के प्रशिक्षक और प्रशिक्षु सम्मानित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर स्थित एनजीओ सर्वेश्वर स्माइल फाउंडेशन ने आज हरि पैलेस जम्मू में सुचेतगढ़ सिलाई केंद्र के प्रशिक्षक और प्रशिक्षु को सम्मानित किया। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि कुंवरानी रितु सिंह रहीं। मुख्यअतिथि कुंवरानी रितु सिंह जो महान सामाजिक कार्यकर्ता हैं और महिला सशक्तिकरण में गहरी रु चि रखती हैं, ने अपने संबोधन में ऐसे प्रशिक्षणों के महत्व पर बात की जो महिलाओं को उनकी बेहतर आजीविका के लिए सशक्तिकरण प्रदान करते हैं और इस मिशन को जारी रखते हुए उन्होंने प्रतिभागियों को कुछ आदेशों के बारे में आश्वासन दिया। उन्हें दिया जाना है जो उनके हाथों में कुछ आय उत्पन्न करेगा। कुंवारानी रितुने एक ब्रांड भूमिका के लिए सर्वेश्वर स्माइल फाउंडेशन के साथ महाराजा हरि सिंह फाउंडेशन और अशोक कपूर के सहयोग की घोषणा की, जिसमें ये प्रशिक्षित महिलाएं मंदिर के विभिन्न उत्पादों की सिलाई करेंगी और इसे भूमिका




ब्रांड के तहत विभिन्न दुकानों/मंदिरों पर जनता के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने टेम्पल लाइन उत्पादों की व्यावसायिक तैयारी के लिए नमूने भी प्रदान किए, जो सीधे सीमावर्ती क्षेत्रों की महिलाओं के लिए आय उत्पन्न करेंगे। सर्वेश्वर स्माइल्स फाउंडेशन की चेयरपर्सन पूजा गुप्ता ने बताया कि सर्वेश्वर स्माइल्स फाउंडेशन ने भारत पाक सीमा के एक गांव सुचेतगढ़ में 45 दिवसीय सिलाई एवं टेलिरंग कोर्स का आयोजन किया। यह भी बताया कि हम प्रशिक्षुओं के दरवाजे पर आय सृजन गतिविधि सुनिश्चित करने के लिए सीमा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर इस तरह के छह प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने जा रहे हैं। उन्होंने प्रेस को यह भी बताया कि जैविक खेती, वित्तीय साक्षरता और आय सृजन गतिविधि के बारे में कृषक समुदाय के बीच जागरूकता फैलाने के लिए सर्वेश्वर स्माइल फाउंडेशन का गठन किया गया है। सर्वेश्वर स्माइल फाउंडेशन फेसिलिटेशन वर्तमान में उदयवाला, पलौड़ा, पल्लांवाला, झीरी, आर एस पुरा और परगवाल में स्थित अपने उपग्रह सुविधा केंद्र के माध्यम से इन सभी का प्रचार करता है। फील्ड स्तर पर ऐसे तीन और केंद्र खोले जा रहे हैं। सर्वेश्वर स्माइल फाउंडेशन वी वर्कऑन रीबिल्डिंग एंड इंस्पायरिंग लाइव्स की अवधारणा पर काम करता है। सुनिश्चित करके :- महिला समुदाय के लिए इष्टतम सेवा, जैविक खेती को बढ़ावा देना, वित्तीय लक्ष्यों के परिप्रेक्ष्य में किसानों और उनके परिवारों को साक्षर करना।

# पृष्ठ एक का शेष

### त्रिपुरा चुनाव : अंतर्राष्ट्रीय ...

की समस्या की स्थिति में मतदाताओं से इन नंबरों पर संपर्क करने का आग्रह किया। विपक्षी पार्टियों ने चुनाव आयोग से हिंसा मुक्त चुनाव कराने की मांग है, ताकि लोग भयमुक्त होकर अपने मताधिकारों का प्रयोग कर सकें। गिट्टे ने कहा, मतदाता भयमुक्त होकर मतदान करें। किसी भी परेशानी होने पर दिए गए नंबरों पर जानकारी दें। हम जल्द से जल्द मौके पर पहुंचेंगे और कानून के मुताबिक स्थिति से निपटेंगे। उन्होंने बताया कि आयोग ने चौबीसों घंटे निगरानी के लिए, विशेष रूप से मतदान के दिन, एक सिविल सेवा अधिकारी के साथ-साथ प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए जमीनी स्तर के पुलिस अधिकारियों को नामित किया है। जो कोई भी बूथ कैप्चरिंग, जबरदस्ती, डराना-धमकाना या किसी भी मतदाता को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से डराने-धमकाने और उसे मतदान केंद्र पर जाकर वोट डालने से रोकने का अपराध करता है, तो अपराधी के खिलाफ लोक अधिनियम, 1951 की धारा 35 ए (सी) के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गिट्टे ने चेतावनी देते हुए कहा, अपराधी को ना केवल तीन वर्ष तक की कारावास हो सकती है, बल्कि जुर्माने भी हो सकता है। यदि ऐसा अपराध सरकार की सेवा में किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है तो उसे कम से कम तीन साल लेकिन इसे पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुर्माने भी अदा करना होगा। उन्होंने कहा कि ईसीआई ने सभी चुनाव लड़ने वाले दलों के लिए एक समान अवसर सुनिश्चित किया है, और पुलिस गड़बड़ी फैलाने वालों एवं अपराधियों को उनकी पार्टी की संबद्धता पर विचार किए बिना गिरफ्तार कर रही है।

### राज्य बना विकास ...

अन्य क्षमताएं हैं। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री और नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) के नेता नेफ्यू रियो की उपस्थिति में एक जनसभा को संबोधित किया। नड्डा ने मंगलवार को कहा कि आज नगालैंड में शांति है, राज्य समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। नड्डा ने पूर्ववर्ती सरकारों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने कभी इसकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नेफ्यू रियो के नेतृत्व में आज नगालैंड विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। नगालैंड के हर वर्ग की समस्या को हम सुनेंगे और उन समस्याओं का समाधान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जनजाती लोगों से बहुत प्यार है, वे चाहते हैं कि नगालैंड के लोग भी विकास में सहभागी बनें। कोहिमा में आयोजित एक समारोह के संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि पहले की सरकारों की पहचान बंद, नाकेबंदी, अपहरण, टारगेट हत्या और आतंकवाद के लिए जानी जाती थीं। लेकिन जबसे नेफ्यू रियो ने नगालैंड की बागडोर संभाली है, प्रदेश का नक्शा ही बदल गया है। उनके नेतृत्व में आज नगालैंड शांति और समृद्धि का स्थल बन गया है। आज नगालैंड में विकास की बयार चल पड़ी है। हर ओर विकास आपको दिखाई देता है। उन्होंने कहा, नगालैंड के लोग बहुत बड़े देशभक्त हैं।

### अयोध्या में बनेगा ...

नागपुर और कुछ दिल्ली में रहते हैं। मुंबई भी संघ का अहम केंद्र है। अब 100 एकड़ में सबसे बड़ा केंद्र अयोध्या में बनाने की तैयारी हो रही है। आने वाले साल में आरएसएस की स्थापना का शताब्दी वर्ष है। आरएसएस अयोध्या में बड़ा कार्यक्रम करने की तैयारी में है। इसलिए आरएसएस यहां मुख्यालय तैयार करा लेना चाहता है। ये संभवत: देश का सबसे बड़ा कार्यालय होगा, जो 100 एकड़ में बना होगा। संघ सूत्रों ने बताया कि यहां बड़े आयोजन के साथ ही कार्यकर्ताओं के रहने की व्यवस्था होगी। दरअसल, कोविड की लहर थमने के बाद से ही आरएसएस के 3 बड़े कार्यक्रम यहां हो चुके हैं। इसमें अखिल भारतीय शारीरिक शिक्षा वर्ग और बौद्धिक शिक्षा वर्ग के आयोजन हैं। अगर नव्य अयोध्या टाउनशिप में संघ का मुख्यालय बनकर तैयार होता है तो यह अयोध्या में संघ का दूसरा मुख्यालय होगा। इससे पहले, साकेतपुरी कॉलोनी में लगभग 1 लाख वर्ग फीट में आरएसएस का प्रांतीय मुख्यालय साकेत निलयम बनकर तैयार हो चुका है।

### बीबीसी पर इनकम ...

हफ्तों बाद यह औचक कार्रवाई हुई। भारत ने वर्ष 2002 में हुए गुजरात दंगों पर बने बीबीसी के वृत्तचित्र को *दुष्प्रचार का एक हिस्सा* करार देते हुए कहा था कि यह एक विशेष *गलत आख्यान* को आगे बढ़ाने के लिए दुष्प्रचार का एक हिस्सा है। गौरतलब है कि यह वृतचित्र 2002 में गुजरात में हुए दंगों पर है, जब नरेंद्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। प्रवासी भारतीयों ने वृत्तचित्र के खिलाफ पिछले महीने ब्रिटेन के विभिन्न शहरों में बीबीसी कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किया था।

### बाल विवाह : गिरफ्तारी ...

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धुबड़ी सदर अस्पताल में भेज दिया है। साथ ही, इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है। काशेम अली को 15 दिन पहले एक बेटी हुई थी। काशेम अली की आत्महत्या से इलाके में मातम पसरा हुआ है। जनता के एक वर्ग ने आरोप लगाया है कि पुलिस के डर से काशेम ने आत्महत्या की है। बाल विवाह के कानून से आम जनता का एक वर्ग नाखुश वहीं आमतौर पर लोग सरकार के इस कदम का स्वागत कर रहे है।

### भारत की ओर से मित्रों ...

लिए उपयुक्त रूप से संबोधित किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी गुट या राष्ट्रों के एक समूह के दूसरे के खिलाफ गठबंधन के बिना भारत ने सभी राष्ट्रों, विशेष रूप से विकासशील लोगों के उत्थान के लिए निरंतर काम किया है। भारत ने हमेशा दुनियाभर के नए विचारों का स्वागत किया है, इसलिए हमारा प्राचीन लोकाचार आपसी लाभ के लिए सहयोग की दिशा में काम करने के लिए मार्गदर्शन करता है। रक्षा मंत्री ने कोविड-19 से निपटने के लिए वैश्विक प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस महामारी ने सिखाया है कि साझा वैश्विक समृद्धि के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सभी देशों के बीच अधिक समन्वय की आवश्यकता है, जिनमें से रक्षा और सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संस्थानों और क्षमताओं के निर्माण के संदर्भ में सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, ताकि सहायता प्राप्त राष्ट्रों के लोकाचार के अनुरूप नीचे से ऊपर के समाधान व्यवस्थित रूप से सामने आ सकें।

### चुनावी रैली में...

21 के अनुसार, महिला आयोग की अध्यक्ष को सरकारी कर्मचारी माना जाता है और मेघालय सेवा (आचरण) नियम 2019 ऐसे कर्मचारी को किसी भी राजनीतिक दल या राजनीतिक प्रभाव वाले संगठन से संबद्ध होने से रोकता है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें तोई को जोवई से एनपीपी उम्मीदवार वेलादमिकी शायला के साथ देखा जा सकता है जब उन्होंने पिछले सप्ताह अपने नामांकन पत्र दाखिल करने के दिन रैली निकाली थी। राज्य महिला आयोग की प्रमुख को जारी पत्र में कहा गया है कि आपको कारण बताना है कि क्यों न मेघालय सेवा (आचरण) नियम 2019 के उल्लंघन के लिए आपके खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव रखा जाए।


### सड़क हादसा : 17 ...

में भोजन बनाकर 17 महिलाएं घर लौट रहीं थीं। इस बीच पुणे-नासिक हाईवे पार करने के दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने इन सभी को रौंद दिया। दुर्घटना में सुनंदा सत्व गजेशी, सुशीला वामन डेढ़े, इंदुबाई कोंडिबा कांबले, सायराबाई प्रभु वाघमारे और एक अन्य महिला की मौत हो गई और 12 महिलाएं घायल हो गईं। घायलों में शोभा राहुल गायकवाड़, सारिका देवकर, वैशाली लक्ष्मण धोत्रे, शोभा सुभाष शिंदे की हालत गंभीर बनी हुई है।

### बीबीसी पर आईटी के ...

गोधरा दंगों पर बनाई थी। डॉक्यूमेंट्री में दंगों के दौरान तत्कालीन गुजरात सरकार पर दंगों को रोकने के लिए सही समय पर अपेक्षित कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाया गया था। हालांकि, इस डॉक्यूमेंट्री के प्रसारण के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था और सरकार समर्थकों ने इसे बीबीसी का भारत विरोधी एजेंडा करार दिया था। सरकार समर्थकों का कहना था कि दंगों पर भारत के सर्वोच्च अदालत में सुनवाई हो चुकी है और उसने अपनी पूरी जांच में सरकार को कार्रवाई न करने का दोषी नहीं पाया।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **अष्टम अध्याय**

**( योगाभ्यास )**

**भजन निरन्तर धार है, टूट सके हिंं तार।**
**निशिदितन एक प्रकार से, बढ़त अगम घर पार॥ 39॥**

**शब्दार्थ :** (भजन) प्रकृतिपार आत्मा की चेतन क्रिया (धार) प्रवाह (तार) एक प्रकार, निरन्तर।

**भाष्य :** आत्मा की चेतन क्रिया सदैव एक प्रकार से चलती रहे, उसका तार टूट नहीं सके। जब निशिदिन इस प्रकार से भजन होता है, तब आत्मा चेतनशक्ति से अगम स्थान में चढ़ती हुई प्रकृतिपार परमप्रभु को प्राप्त कर लेती है।

**विरह लगन लव खुब लगी, सहज अखण्ड अनाम।**
**अचल अमोघ अटूट में, पूरण सब विधि काम॥ 40॥**

**शब्दार्थ :** (विरह) वियोग (लगन) प्रेम (अनाम) परब्रह्म (सहज) स्वाभाविक (अखण्ड) एक प्रकार (अचल) दृढ़ (अमोघ) जो व्यर्थ न हो सके (पूरण काम) कृतकृत्य, सफल।

**भाष्य :** जब चेतन शब्द में स्वाभाविक एकरूप से विरह लगन लग जाती है, तब उस अचल, अटूट और अमोघ भक्ति से पूर्ण रूप से सर्व काम सफल हो जाते हैं। महाप्रभु की भक्ति से जीवन के सभी लक्ष्य पूर्णरूप से प्राप्त होते हैं, यही भक्ति की महिमा है। धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष चारों फलों को देने वाला परमप्रभु है।

# दो परिवारों के खूनी संघर्ष में महिला समेत तीन की मौत, सात घायल



**बरपेटा ( हि.स. )।** बरपेटा जिलांतर्गत सरभोग के कलबारी गांव में मंगलवार को दो परिवारों में खूनी संघर्ष हुआ। इस हिंसक दो परिवारों के पिता-पुत्र और एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। इस घटना में बच्चे समेत कुल सात लोग घायल हुए हैं। दो व्यक्तियों को गंभीर अवस्था में बरपेटा मेडिकल कालेज एंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक पुत्र सीआरपीएफ में कार्यरत था। घटना के अनुसार हासमत अली के रिश्ते में भतीजे के परिवार को मिले प्रधानमंत्री आवास के निर्माण के लिए नदी किनारे से ठेला के जरिए ईंटें लाया रहा था। इस दौरान गांव के अब्दुलील अजीज के परिवार के कुछ लोगों ने ईंट लाने का विरोध किया। इसकी जानकारी मिलते ही पिता हसमत अली और उसका पुत्र साइफुल इस्लाम मौके पर पहुंचकर उनसे पूछताछ शुरू की। इसी बीच अब्दुल अजीज के परिवार के लोगों ने पिता-पुत्र पर धारदार दाव, डेगार, आदि से हमला कर दिया, जिसके चलते हसमत अली (57) और उसके पुत्र सैफुल इस्लाम की मौत हो गई। सैफुल इस्लाम सीआरपीएफ में कार्यरत था और उसकी शादी 3 फरवरी, 2013 को ही हुई थी। इसकी जानकारी मिलने पर उत्तेजित ग्रामीणों ने अब्दुल अजीज के घर में आग लगा दी। घर में आग लगने एक बुजुर्ग महिला की जिंदा जलने से मौत हो गई। मृतका की पहचान असिमन नेसा के रूप में हुई है। इस घटना में बच्चे समेत कुल सात लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर बरपेटा पुलिस अधीक्षक अमिताभ सिन्हा पहुंचे और मामले में पूछताछ की। पुलिस ने तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए बरपेटा मेडिकल कालेज एंड अस्पताल में भेज दिया है। गंभीर रूप से घायल अब्दुल कसेद अली को बरपेटा मेडिकल कालेज एंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि वातेन अली नामक एक व्यक्ति का इलाज आईसीयू में चल रहा है। इस घटना को लेकर पूरे गांव में दहशत व्याप्त है। सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

## ड्रग्स समेत एक तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** कामरूप (ग्रामीण) जिला के रंगिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर हेरोइन समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि रंगिया के बालागांव निवासी तफीकुल इस्लाम को हेरोइन समेत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित के पास से 7 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया है। गिरफ्तारी के वक्त आरोपित इलाके में ड्रग्स बेचने के लिए पहुंचा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर तस्कर से सघन पूछताछ कर रही है।

## भूकंप से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी : डॉ. तापस

**डिब्रूगढ़ ( हि.स. )।** तुर्की और सीरिया के विनाशकारी भूकंपों के बाद पिछले 24 घंटे में असम में भी भूकंप के दो हल्के झटके आए। इन झटकों से राज्य के लोगों में दहशत बनी हुई है। भूकंपों को लेकर डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. तापस गोस्वामी ने आसपास के राज्यों में उच्च तीव्रता वाले भूकंप की संभावना को दोहराया है। उन्होंने भूकंप आने पर सुरक्षित बचाव के तरीके जानने के लिए जागरूक होना जरूरी है। भू वैज्ञानिकों का मानना है कि बड़े भूकंप आने से पहले प्रकृति कुछ संकेत देती है, जैसे छोटे भूकंप आते हैं। इसलिए एक के बाद एक भूकंप आने के बाद स्वाभाविक रूप से राज्य के लोगों के मन में डर पैदा हो गया है। तुर्की में लंबे समय से उच्च तीव्रता वाले भूकंप की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन यह कहना कठिन है कि यह कब आएगा। हाल के दिनों में तुर्की और सीरिया में आए भूकंप में हजारों लोगों की जान चली गई और बड़े पैमाने पर संपत्ति का भी नुकसान हुआ है। भू विज्ञानियों का मानना है कि भारत के हिमालयी क्षेत्र को भूकंप प्रबलता वाला क्षेत्र है, मुख्य रूप से असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र। इसीलिए असम और पूर्वोत्तर राज्यों में उच्च तीव्रता वाले भूकंप की आशंका बनी रहती है। डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. तापस गोस्वामी ने कहा कि भूकंप की आशंका से घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन साथ में भूकंप आने पर कैसे सुरक्षित रहा जाए, इसके लिए लोगों को जागरूक होना भी जरूरी है।

## होजाई : बाल विवाह के आरोप में गिरफ्तार पिता-पुत्र को मिली जमानत

**होजाई ( हि.स. )।** राज्य के अन्य हिस्सों के साथ ही होजाई जिले में भी बाल विवाह के आरोप में सैकड़ों लोगों को पुलिस जेल भेज चुकी है। मंगलवार को पहली बार बाल विवाह के आरोप में गिरफ्तार पिता-पुत्र को स्थानीय कोर्ट से जमानत मिल गई। स्थानीय लंका थाने में दर्ज बाल विवाह मामला के तहत लंका निवासी पिता-पुत्र रहीम उद्दीन और अजीजुर्रहमान को 4 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। मंगलवार को होजाई की शंकरदेव नगर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने दोनों को जमानत दे दी। वरिष्ठ अधिवक्ता अब्दुल हसीब ने आरोपितों की तरफ से दलीलें रखीं। होजाई जिला में बाल विवाह मामले में जमानत का यह पहला फैसला सामने आया है। इस फैसले के बाद अन्य आरोपियों को भी जमानत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्वशर्मा के निर्देश पर गत 3 फरवरी से पूरे राज्य में बाल विवाह के विरुद्ध पुलिस ने बड़ा अभियान चलाया था। इस अभियान में पूरे राज्य में अब तक 28 सौ से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर टुपामारी में व्याख्यानमाला

**नगरबेरा ( निसं )।** कामरूप जिले के बोको निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत एक प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान टुपामारी आंचलिक महाविद्यालय और विद्याभारती उच्च शिक्षा संस्थान, असम एक संयुक्त उद्योग में आनेवाले 18 फरवरी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया वृहत्तर तुपामारी क्षेत्र के कई शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक इस व्याख्यान में भाग लेंगे। भौगोलिक रूप से एक दुर्गम और अविकसित क्षेत्र में शिक्षा पर नवीनतम समाचारों और कॉलेज और माध्यमिक स्तर की शिक्षा के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में सभी संबंधितों को सूचित करने के लिए यह आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति के रूप में गुवाहाटी विश्व विद्यालय के उप नियंत्रक तथा विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान,असम के सभापति और सहयोग सचिव क्रमानुसार डॉ. देवहरी तालुकदार और डॉ. दुलाल हजारिका, आइकन कमार्स कालेज के बैंकिंग विभाग का मुख्य डॉ. पंकज शर्मा, और शूवालकुछि वुदराम माधव सत्राधिकार महाविद्यालय का आईक्यूएसी का समन्वयक डॉ. निहार रंजन कलिता ने भाग लेंगे बोलके आयोजकों ने कहा।

## ज्ञानशाला में शिक्षामूलक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन

**गुवाहाटी ( नसं )।** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के तत्वावधान में संचालित गुवाहाटी ज्ञानशाला की मुख्य प्रशिक्षिका कांता देवी बच्छावत, संयोजक आशीष कोचर, सह-संयोजक हेमंत सेठिया और समस्त प्रशिक्षिकाओं की देखरेख में ज्ञानार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एक्सकर्शन साइंस म्यूजियम एवं शिक्षामूलक भ्रमण का आयोजन किया गया। स्थानीय तेरापंथ धर्मस्थल में विराजित समणी निर्देशिका विपुलप्रज्ञाजी एवं समणी आदर्शप्रज्ञाजी से मंगल पाठ सुनकर बच्चों को बसों के माध्यम से गंतव्य स्थान तक ले जाया गया। जिसके तहत बच्चों को साइंस सिटी म्यूजियम विज्ञान से संबंधित संपूर्ण जानकारी मिली, पृथ्वी की संपूर्ण जानकारी, सोलर सिस्टम, सप्तऋषि मंडल, रहस्यमय 3डी फिल्म बच्चों को दिखाई। वहां विद्यमान गाइड महोदय ने बच्चों के मन की जिज्ञासा का समाधान किया। दूसरे चरण में बच्चों को श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र ले जाया गया और वहां पर विभिन्न तरह के खेल खिलाए गए, साहित्य संगीत नाटक अकादमी पूर्वा जोशी म्यूजियम का भी बच्चों ने अवलोकन किया।



मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों के खाने-पीने की व्यवस्था बहुत सुंदर तरीके से की गई थी। धन्यवाद ज्ञापन के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ। इस आशय की जानकारी ज्ञानशाला सहयोगी यश सुराणा ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

## गांधीबस्ती में श्याम फागुन उत्सव का आयोजन




**गुवाहाटी ( नसं )।** महानगर के गांधीबस्ती स्थित शुभम एलाइट परिसर में मंगलवार को श्याम फागुन उत्सव का आयोजन विभिन्न कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से किया गया। इस मौके पर खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु का भव्य दरबार बैठाया गया, जिसमें शीश के दानी श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार किया गया। आयोजक सरोज रूंगटा ने बताया कि कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसका आयोजन महिलाओं द्वारा किया गया, जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उत्सव का शुभारंभ बाबा की पूजा, अर्चना व ज्योत प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात भजन कीर्तन के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें स्थानीय गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया एवं श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में सभी का भरपूर सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम का आयोजन पिछले 3 दशकों से प्रत्येक वर्ष किया जाता आ रहा है, जिसमें सभी महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है।

## जेमा प्रीमियर लीग पर अनबीटेबल वारियर्स का कब्जा



**गुवाहाटी।** अपने सदस्यों के बीच आपसी दोस्ताना माहौल एवं भाईचारा स्थापित करने के उद्देश्य से गुवाहाटी इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन (जेमा) के तत्वाधान में जेमा खेल सप्ताह के तहत दो दिवसीय जेमा प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था। संयोजक आनंद सराफ ने बताया कि दूधिया रोशनी में लतासिल खेल मैदान में आयोजित फाइनल मैच में अनबीटेबल वारियर्स ने एबी रॉयल्स को 46 रनों से हराकर जेमा प्रीमियर लीग पर कब्जा जमाया। अध्यक्ष नवल किशोर शारदा ने जेमा प्रीमियर लीग के मुख्य प्रायोजक जानी-मानी इलेक्ट्रिकल कंपनी मारू के पूर्वोत्तर के प्रमुख दिलीप गुरसहानी के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से दो दिवसीय जेमा प्रीमियर लीग का शानदार आयोजन हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह में उपाध्यक्ष गोपाल पसारी ने विजयी टीम एवं उप विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करने के अलावा सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट आदि पुरस्कार भी दिए गए। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल, सलाहकार राजकुमार धनुका एवं अशोक मालू , संस्थापक सचिव नंदकिशोर सिकरिया, उपाध्यक्ष प्रमोद मोर, सचिव साकेत पुगलिया, उपसचिव अभिषेक केजरीवाल , कोषाध्यक्ष नवीन सेठिया, अशोक सेठिया, सुरेन पूरेबी, राजेश सोनी, कार्यक्रम के सह संयोजक अभिषेक कांगलिवाल, दीपक अग्रवाल, कमल अग्रवाल आदि सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। उपाध्यक्ष गोपाल पसारी ने बताया कि जेमा खेल सप्ताह के दूसरे चरण में आगामी 18 व 19 फरवरी को पान बाजार स्थित डोन बॉस्को ऑडिटोरियम में चेस, बैडमिंटन, टेबल टेनिस व कैरम प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें संस्था के सभी सदस्य बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

## टीबीए ने प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त का किया अभिनंदन



**गुवाहाटी ( नसं )।** टैक्स बार एसोसिएशन, गुवाहाटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष सीए गोपाल सिंघानिया के नेतृत्व में आज आयकर भवन, गुवाहाटी में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (पूर्वोत्तर क्षेत्र) राजू तयेंग से मुलाकात की और उनका अभिनंदन किया। उन्हें हाल ही में इस पद पर नियुक्त किया गया है। उनके पास पश्चिम बंगाल का अतिरिक्त प्रभार भी है। प्रतिनिधिमंडल ने आयकर प्रावधानों के अनुपालन में करदाताओं और कर पेशेवरों के सामने आने वाले विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुख्य मुद्दा पैन को आधार से जोड़ने पर लगने वाला शुल्क था। असम छूट की श्रेणी में होने के कारण शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। हालांकि, आयकर पोर्टल शुल्क के भुगतान के बिना लिंकिंग की अनुमति नहीं देता है। प्रधान मुख्य आयुक्त ने सभी मुद्दों को सुना और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सीए गोपाल सिंघानिया और कार्यकारी समिति सदस्य एडवोकेट राजेश अग्रवाला शामिल थे। बैठक के बाद एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए गोपाल सिंघानिया ने घोषणा की कि एसोसिएशन जल्द ही करदाताओं और कर पेशेवरों के सामने आने वाले विभिन्न मुद्दों पर प्रधान मुख्य आयुक्त को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपेगा।

## बिमला प्रसाद चलिहा कॉलेज, नगरबेरा में अनऔपचारिक संस्कृत शिक्षा पाठ्यक्रम का शुभारंभ



**नगरबेरा ( निसं )।** कामरूप जिले के एक प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान बिमला प्रसाद चलिहा कॉलेज में गया काल अनऔपचारिक संस्कृत शिक्षा का शुभारंभ और पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय के असमिया विभाग के पूर्व प्रमुख अध्यापक शाह जामाल मुल्ला के नेतृत्व मे असमिया विभाग के अनऔपचारिक संस्कृत शिक्षा पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए नवंबर 2022 में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से मंजूरी मिली। बाद में, केंद्रीय विश्वविद्यालय ने डॉ. लक्ष्मण राय को बिमला प्रसाद चलिहा कॉलेज में अनऔपचारिक संस्कृत शिक्षा के प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया और प्रवेश प्रक्रिया और पाठ्यक्रम नियमित रूप से जारी रहा। इस मौके पर आज कॉलेज कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ कमल चंद्र पाठक ने महाविद्यालय के चर्चा कक्ष में किया. कार्यक्रम में डॉ. कमल चंद्र पाठक, प्राचार्य ने भाग लिया, जिन्होंने संस्कृत शिक्षा के महत्व और प्रासंगिकता के बारे में बात की और छात्रों से इस पाठ्यक्रम को अपनाने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम का संचालन असमिया विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. रूमी दास ने किया संस्कृत के प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मण राय ने अपरंपरागत संस्कृत शिक्षा के पाठ्यक्रम की जानकारी दी। कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. अलका हुजूरी और शिक्षक समूह के अध्यक्ष बिरेन बोरा ने भी स्वागत भाषण दिया। बैठक में अपरंपरागत संस्कृत शिक्षा केंद्र के समन्वयक और असमिया विभाग के प्रमुख प्रोफेसर बिद्युत दत्ता ने भाग लिया।उन्होंने संक्षेप में जन्म अंतराल के बारे में भी बताया। दत्ता ने कहा कि यह उत्साहजनक है कि आधे सौ से अधिक छात्रों ने पाठ्यक्रम के पहले वर्ष में दाखिला लिया। अनुष्ठान में महाविद्यालय का बहुत अध्यापक-अध्यापिका के साथ संस्कृत के प्रति आग्रह युक्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ट्रेनों और स्टेशनों में फायर डिटेक्शन एंड प्रिवेंशन सिस्टम उपलब्ध



**गुवाहाटी ( विभास )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसी रेल) ने ट्रेनों और स्टेशनों में यात्रियों की सुरक्षा को और अधिक बढ़ावा देने के लिए कई सुरक्षात्मक कदम उठाए हैं। यात्रीवाही ट्रेनों के पैंट्री कार या जनरेटर कारों से अग्नि दुर्घटना की घटनायें हुई है, जिससे नुकसान हुआ। इस तरह की अग्नि दुर्घटना पर ध्यान नहीं देने और समय पर आग नहीं बुझाये जाने से जान-माल का नुकसान होने की संभावना है। ट्रेनों और स्टेशनों पर आग दुर्घटनाओं के रोकथाम के अपने प्रयास में, पूसी रेल ने कोचों और स्टेशनों को ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन एवं अलार्म सिस्टम से सुसज्जित किया हैं। अप्रैल-दिसंबर, 2022 के दौरान 55 एसी कोचों में अत्याधुनिक फायर डिटेक्शन सिस्टम और ऑटो स्टॉपेज सिस्टम स्थापित किया गया है। चूंकि पावर कार और पैंट्री कार आग के प्रति अधिक संवेदनशील हैं, इसलिए दिसंबर, 2022 तक 272 एलएचबी (लिंक हॉफमैन बुश) एसी कोचों के अलावा 98 पावर कारों और 38 पैंट्री कारों को फायर डिटेक्शन सिस्टम से लैस किया गया था। इसके अलावा, चोरी रोकथाम प्रणाली सह अग्निशामक यंत्र से युक्त 500 नॉन- एसी कोचों के साथ इस वित्तीय वर्ष के दिसंबर तक पूसी रेल में 2155 नॉन-एसी कोचों में यह तकनीक स्थापित की गई है। रेलवे स्टेशन भी आग लगने की घटनाओं में काफी संवेदनशील होते हैं। स्टेशनों के भवनों पर ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन एवं अलार्म सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीकें स्थापित की गई हैं। अप्रैल से दिसंबर, 2022 के दौरान, 13 स्टेशनों को फायर डिटेक्शन एवं अलार्म सिस्टम से लैस किया गया। ट्रेन परिचालन और स्टेशनों में सुरक्षा में वृद्धि करते हुए, पूसी रेल रात्रिकालीन यात्रा हेतु उपयोग होने वाले सभी एसी कोचों और स्टेशनों पर पूर्व चेतावनी वाले फायर डिटेक्शन सिस्टम से सुसज्जित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

Ref AVS/RFP & EOI2023/01/55

**REQUEST FOR PROPOSAL**

Adarsha Vidyalaya Sangathan. Assam an autonomous body under Department of School Education, Government of Assam hereby invites Request for Proposal (RFP) fom registered well experienced and reputed Firms of Assam for implementation of design development and implementation of 'Website and Human Resource Management System (HRMS) for Adarsha Vidyalaya Sangathan, Assam and the Adarsha Vidyalayas thereunder'

The RFP is to be submitted in a sealed envelope affixing Court fee stamp of Rs 8 25 to the office of the undersigned upto 4:00 pm on **23rd February, 2023.**

Details of terms and conditions of the RFP is available in the official website of the Directorate of Technical Education, Assam: www.dte.assam@gov.in

Important Dates

| | |
|---|---|
| Date of issue of RFP (on-line. www.dte.assam@gov.in) | 2:00 pm, 15th February, 2023 |
| Date of Pre-bid meeting | 2:00 pm, 18th February, 2023 |
| Last date and time of submission of RFP | 4:00 pm, 23th February, 2023 |
| Date & Time for opening of technical proposal | 6:00 pm, 24th February, 2023 |
| Date & Time for opening of financial proposal | 6:00 pm, 27th February, 2023 |

*Note*

*(i) The above timelines are indicative, and Adarsha Vidyalaya Sangathan, Assam reserves the right to change the timelines as per the requirement.*

*(ii) In the event of any of the above-mentioned dates being declared as a holiday, then the event or activity shall be postponed to the next working day at the appointed time.*

*(iii) Selected bidder shall have to sign an agreement and furnish Performance security in the form of PB.*

Sdi-
Managing Director,
Adarsha Vidyalaya Sangathan, Assam

***-- Janasanyog /C/20033/22***

# रक्षा मंत्री ने विदेशी कंपनियों को भारत में उद्योग लगाने का न्योता दिया

**- एयरो इंडिया के दूसरे दिन विदेशी मूल उपकरण निमार्ताओं के साथ बैठक**
**- रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करके द्विपक्षीय वार्ता की**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 14वें एयरो इंडिया के दूसरे दिन मंगलवार को बेंगलुरु में विदेशी मूल उपकरण निमार्ताओं (ओईएम) के सीईओ से मुलाकात करके उन्हें भारत में उद्योग लगाने का न्योता दिया। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक रक्षा उद्योग को उस मुकाम पर पहुंचा सकता है, जहां दुनियाभर की रक्षा निर्माण कंपनियां भारतीय विकास की कहानी का हिस्सा बन सकती हैं। भारत के रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करके द्विपक्षीय वार्ता की। राजनाथ सिंह ने भारत के लिए रक्षा क्षेत्र के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि रक्षा उत्पादन भारत को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ भारतीयों के लिए रोजगार पैदा करता है। उन्होंने रक्षा औद्योगिक गलियारों में निवेश के लिए उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु राज्य सरकारों के प्रोत्साहनों, भारत में एफडीआई और रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने वाली केंद्र सरकार की नीतियों, हितधारकों के हितों की रक्षा करने वाली मजबूत कानूनी प्रणाली और व्यापार करने में



आसानी में सुधार का भी उल्लेख किया। बैठक में कई कंपनियों के सीईओ ने भारतीय रक्षा विनिर्माण में वैश्विक निवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और रक्षा मंत्री ने उन्हें निजी उद्योग के लिए नियामक बाधाओं को दूर करने के सरकारी प्रयासों का आश्वासन दिया। जनरल एटॉमिक्स, सफरान, बोइंग, एम्ब्रेयर और राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स जैसी कंपनियों के सीईओ और वरिष्ठ प्रबंधन ने बातचीत में भाग लिया। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने, महानिदेशक (अधिग्रहण) पंकज अग्रवाल, रक्षा उत्पादन के अतिरिक्त सचिव टी. नटराजन और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने ब्रिटेन के प्रतिनिधिमंडल से अलग मुलाकात की। उन्होंने ब्रिटेन के रक्षा खरीद मामलों के मंत्री अलेक्स चॉक के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। यह मुलाकात एयरो इंडिया 2023 के दौरान हुई। मुलाकात के दौरान अनेक मौजूदा और भावी रक्षा सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें महत्वपूर्ण रक्षा औद्योगिक सहयोग संबंधी क्षेत्र भी शामिल थे। ब्रिटेन के मंत्री के साथ भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस भी मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरो इंडिया में पहले दिन बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के सुरक्षा सलाहकार तारिक अहमद सिद्दीकी से मुलाकात करके उपयोगी चर्चा की। उन्होंने जिम्बाब्वे के रक्षा मंत्री ओपाह चार्म ज्विनपांगे मुचिंगुरी, तंजानिया के रक्षा मंत्री बासुंगवा इनोसेंट लुघा और कांगो के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री चार्ल्स रिचर्ड मोंडोजो से भी मुलाकात की। सिंह ने बांग्लादेश के मेजर जनरल तारिक अहमद सिद्दीकी, नेपाल के रक्षा मंत्री हरि प्रसाद उप्रेती और श्रीलंका की रक्षा राज्यमंत्री प्रेमिता बंडारा टेनाकून के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

## प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और अन्य हस्तियों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले की बरसी पर शहीद जवानों को मंगलवार को श्रद्धांजलि दी। इस हमले में 40 से ज्यादा जवान शहीद हो गए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया- "उन वीरों को याद कर रहा हूं, जिन्हें हमने पुलवामा में खो दिया था। हम उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे। उनका साहस हमें एक मजबूत और विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा



कि मैं वर्ष 2019 में आज ही के दिन पुलवामा में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि देता हूं। देश उनके बलिदान को कभी नहीं भूल सकता। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उनका शौर्य और अदम्य साहस हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

## हिंडनबर्ग रिपोर्टः अडाणी समूह की जांच की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** कारोबारी गौतम अडानी पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट मामले पर कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के मद्देनजर अडानी समूह की जांच की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि अडानी समूह में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और एलआईसी के निवेश के फैसले की भी जांच होनी चाहिए। याचिका में कहा गया है कि एसबीआई और एलआईसी ने अडानी के एफपीओ में 3200 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से निवेश किया, जबकि सेकंडरी मार्केट में उसके शेयरों की कीमत 1800 रुपए प्रति शेयर थी। एसबीआई और एलआईसी की ओर से निवेश की गई रकम स-



ार्वजनिक संपत्ति का हिस्सा थी। जया ठाकुर के पहले इस मामले पर दो और याचिकाएं लंबित हैं।

इस मामले पर सुनवाई के दौरान 13 फरवरी को केंद्र सरकार ने कहा था कि शेयर बाजार के कामकाज में बेहतरी के लिए विशेषज्ञ कमेटी बनाने पर आपत्ति नहीं है, पर ध्यान रखना होगा कि विदेशी निवेश प्रभावित न हो। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र को कमेटी के सदस्यों के नाम के लिए सुझाव सीलबंद लिफाफे में दाखिल करने को कहा। इस मामले पर 17 फरवरी को सुनवाई होने वाली है।

## ब्रेकिंग सिस्टम में गड़बड़ी की वजह से बिना खाना-पानी दिल्ली एयरपोर्ट पर 5 घंटे विमान में कैद रहे यात्री

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आ-ईजीआई) पर फिर लापरवाही का मामला देखने में आया है। एयरपोर्ट पर उस समय एक फ्लाइट में सवार 200 से अधिक यात्रियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया, जब उन्हें पांच घंटे से भी अधिक समय तक फ्लाइट में एक तरह से कैद होकर रहना पड़ा। इस दौरान न यात्रियों को पानी दिया गया और न ही नाश्ता। जबकि यात्री रविवार-सोमवार आधी रात से फ्लाइट में सवार थे। फ्लाइट में हंगामा होते देख बाद में एयरलाइंस ने तमाम यात्रियों को कुछ खाने के लिए दिया। दिल्ली एयरपोर्ट के टी-3 पर हुई यह घटना रविवार-सोमवार आधी रात से शुरू हुई। जानकारी के मुताबिक, थाई एयरवेज की फ्लाइट नंबर-टीजी-316 को टी-3 से आधी रात को टेक ऑफ करना था। फ्लाइट में 223



यात्री सवार हो चुके थे। फ्लाइट अपने नियत समय से टेक ऑफ करने के लिए तैयार थी।

लेकिन जब पायलट ने प्लेन को टेक ऑफ कराने के लिए रनवे की ओर ले जाने की कोशिश की तो पता लगा कि प्लेन के ब्रेक में कुछ समस्या है। जबकि इससे पहले फ्लाइट इंजीनियर ने प्लेन का इंस्पेक्शन करके उसे टेक ऑफ के लिए हरी झंडी दे दी थी। जब प्लेन टेक ऑफ करने वाला था, इसके ठीक पहले पायलट को प्लेन के ब्रेकिंग सिस्टम में आई गड़बड़ी का पता लगा। इसकी जांच कराना शुरू किया गया, लेकिन इसकी जानकारी फ्लाइट में सवार यात्रियों को नहीं दी गई। फ्लाइट को सुबह 3.30 बजे टेक ऑफ करना था, लेकिन तकनीकी गड़बड़ी पर काम करने की वजह से सुबह 7 बजे विमान ने अपने गंतव्य के लिए उड़ान भरी।

## दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में 'स्वास्थ्य के लिए साइकिल रैली' का आयोजन

**राकेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज (मंगलवार) पूर्वाह्न दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में 'स्वास्थ्य के लिए साइकिल रैली (साइक्लोथॉन)' का आयोजन किया। इसमें फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बताया गया है कि 1.56 लाख आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (एबी-एचडब्ल्यूसी) में साइक्लोथॉन, साइकिल रैली और मेगा साइकिलिंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह गतिविधियां पिछले साल नवंबर में शुरू किए गए साल भर चलने वाले "स्वस्थ मन, स्वस्थ घर" अभियान का हिस्सा हैं। इस अभियान के अनुसार, देश के सभी एबी-एचडब्ल्यूसी में हर महीने की 14 तारीख को स्वास्थ्य मेला भी आयोजित किया जाएगा। सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने ट्वीट कर लोगों से बेहतर स्वास्थ्य के लिए साइकिलिंग को बढ़ावा देने की अपील की थी।

## डीडीए की आवासीय योजनाओं में अब दूसरी संपत्ति भी खरीद सकेंगे लोग

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की आवासीय योजना में फ्लैट व भूखंड खरीदने वालों को राहत मिली है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) ने डीडीए द्वारा प्रस्तावित आवास विनियम 1968 में संशोधन अथवा छूट को मंजूरी दे दी है। इससे दिल्ली में दूसरी संपत्ति खरीदने का रास्ता साफ हो गया है। दूसरी संपत्ति खरीदने पर प्रतिबंध होने से लोग डीडीए की आवासीय योजना में शामिल होने से वंचित रह जाते थे। नियम बदलने के बाद दिल्ली में 67 वर्ग मीटर से कम का फ्लैट या भूखंड होने पर कोई भी व्यक्ति डीडीए द्वारा पहली बार प्रस्तावित नवनिर्मित फ्लैट आवंटन के लिए आवेदन कर सकेगा। अब आवासीय योजना में ज्यादा लोगों को प्रतीक्षा सूची में रखा जाएगा। अब तक प्रतीक्षा सूची वाले आवेदकों की संख्या योजना में शामिल कुल फ्लैट के 25 प्रतिशत तक थी। अब यह संख्या 100 प्रतिशत कर दी गई है। प्रतीक्षा सूची वाले आवेदकों को ड्रा के माध्यम से सरेंडर व रद्द किए गए फ्लैट आवंटित किए जाते हैं। केंद्र सरकार राज्य सरकार स्थानीय निकाय और केंद्र व राज्य सरकार के स्वायत्त निकाय भी डीडीए की आवासीय योजना में फ्लैट लेने के पात्र होंगे। नियम में बदलाव से डीडीए की आवासीय योजनाओं में ज्यादा लोग भाग ले सकेंगे। प्रतिबंध के कारण डीडीए को भी अपने फ्लैट बेचने में परेशानी हो रही है। पिछली आवासीय योजना में शामिल कई फ्लैट नहीं बिक सके हैं।

## केन्द्रीय मंत्री तोमर और सिंधिया आज ग्वालियर को देंगे करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

**ग्वालियर, (हि.स.)।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और नागरिक उड्डयन ज्योतिरादित्य सिंधिया मंगलवार को ग्वालियर जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान मंत्रीद्वय जिलेवासियों को करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मध्य प्रदेश में जारी विकास यात्रा के दसवें दिन मंगलवार को जिले की मुरार जनपद पंचायत के ग्राम पारसेन में केन्द्रीय मंत्रीद्वय नरेन्द्र सिंह तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधिया की मौजूदगी में 12 करोड़ 45 लाख रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण होगा। प्रदेश के उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री द्वय विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ भी वितरित करेंगे। निर्धारित



कार्यक्रम के अनुसार, केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर दोपहर 12.00 बजे वायुमार्ग द्वारा राजमाता विजया-राजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुंचेंगे और दोपहर 1.30 बजे मुरार जनपद पंचायत के ग्राम पारसेन पहुंचकर विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह में शामिल होंगे। तोमर इस कार्यक्रम के बाद मोहना जाएंगे और वहां क्रिकेट टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण समारोह सहित अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके बाद तोमर सायंकाल 7 बजे वापस ग्वालियर पहुंचेंगे और शताब्दी एक्सप्रेस से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। इसी प्रकार केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया वायुमार्ग द्वारा दोपहर 1.30 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुंचेंगे और यहाँ से रवाना होकर दोपहर 2.30 बजे मुरार जनपद पंचायत के ग्राम पारसेन में विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम तथा जनसभा में शामिल होंगे। सिंधिया सायंकाल 5.30 बजे डबरा तहसील के अंतर्गत पिछोर कस्बे के कालिन्द्री माता मंदिर पहुंचकर विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे। साथ ही जन सभा को संबोधित करेंगे। इसी कड़ी में रात्रि लगभग 8.10 बजे ठाठीपुर डिस्पेंसरी पहुंचकर चिकित्सकों के लिये बनाए गए आवासों का लोकार्पण करेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 को महोत्सव का करेंगे शुभारंभ

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में राष्ट्रीय आदि महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। सरकार जनजातीय मास्टर शिल्प और महिलाओं को सीधे बाजार तक पहुंच उपलब्ध करवाने के मकसद से इस महोत्सव का आयोजन कर रही है। दर्शकों को 16 से 27 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव में आदिवासी शिल्प संस्कृति व्यंजन और व्यापार से सीधे रूबरू होने का मौका मिलेगा। खास बात यह है है कि 11 दिवसीय मेले में 28 राज्यों के लगभग 500 आदिवासी कारीगर और कलाकार शामिल होंगे। जबकि 13 राज्यों के आदिवासी रसोइए मिलेट्स में जायके का तड़का लगाएंगे जिसमें रागी हलवा कोदो की खीर मांडिया सूप रागी बड़ा बाजरा की रोटी बाजरा का चुरमा मडुआ की रोटीभेल कश्मीरी रायता कबाब रोगन जोश आदि का जायका खास तौर पर मिलेगा। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडिया गेट सर्कल पर



आयोजित होने वाले आदि महोत्सव का आगाज करेंगे। आदिवासी व्यंजनों जनजातीय समुदायों के कारीगरों और शिल्पकारों के प्रोडेक्ट को दशार्ती प्रदर्शनी भी देखेंगे। आत्मनिर्भर भारत मुहित के तहत जनजातीय समुदायों की पूर्ण भागीदारी और भागीदारी सुनिश्चित करने के मकसद से इसका आयोजन किया जा रहा है। जैविक उत्पादन को बढ़ावा देना मुख्य मकसद है। दिल्ली के अलावा देश के अन्य शहरों में भी इस प्रकार के महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। आदिवासी कारिगरों द्वारा तैयार कपड़ों में शीर्ष डिजाइनरों के डिजाइन दिखेंगे। देश समेत विदेशी मार्केट को देखते हुए केंद्र सरकार के संगठन ट्राइफेड जनजातीय उत्पादों में गुणवत्ता और समकालीन डिजाइन सुनिश्चित करने के लिए शीर्ष डिजाइनरों के साथ काम कर रहा है। महोत्सव में आदिवासी हस्तशिल्प हथकरघा पेंटिंग आभूषण बेंत और बांस मिट्टी के बर्तन भोजन और प्राकृतिक उत्पाद उपहार और वर्गीकरण जनजातीय व्यंजन और 200 स्टालों के माध्यम से इसे प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी-सह-बिक्री की सुविधा होगी।

## अडानी मुद्दे पर जेपीसी की मांग को लेकर अडिग है विपक्ष : कांग्रेस

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस ने कहा कि हिंडनबर्ग ने अडानी समूह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए क्योंकि भारत में लगभग तीन करोड़ परिवार शेयर बाजार से जुड़े हैं। ऐसे में पूरा विपक्ष चाहता है कि अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया जाए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि कांग्रेस ने संसद के दोनों सदनों में अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच की मांग करता रहा लेकिन सत्ता पक्ष इस मुद्दे पर बातचीत को तैयार नहीं है। रमेश ने कहा कि आज गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि अडानी मुद्दे पर उनके पास कुछ भी छुपाने को नहीं है। ऐसे में अगर गृह मंत्री शाह



की बात सही है तो अडानी समूह की जांच के लिए उनकी सरकार जेपीसी का गठन क्यों नहीं कर रही है? रमेश ने कहा कि हिंडनबर्ग ने अडानी समूह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मुद्दे की निष्पक्ष जांच जेपीसी ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निजी निवेश के खिलाफ नहीं है लेकिन मोदी सरकार चंद उद्योगपतियों को ही बढ़ा रही है। रमेश ने कहा कांग्रेस आगामी संसद सत्र में भी जेपीसी की मांग करेगी। इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष एक जुट है।

## दिल्ली व मुंबई के बीबीसी ऑफिस पर आईटी की बड़ी रेड

**- बीबीसी के दफ्तर को सील कर फोन व आईडी किए जब्त**

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली एवं मुंबई के बीबीसी के दफ्तर पर इनकम टैक्स ने बड़ी रेड डाली है। बताया जा रहा है कि बीबीसी ऑफिस में आए कर्मचारियों के फोन आईडी आईटी विभाग ने रखवा लिया है। बताया जा रहा है कि बीबीसी के दफ्तर को अभी सील कर दिया गया है। हालांकि, इस रेड के बारे में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के बीबीसी के केजी मार्ग रोड पर स्थित भारतीय दफ्तर में ये छापेमारी चल रही है, जिसमें 60 से 70 लोगों की टीम पहुंची। सूत्रों ने बताया कि वहां काम कर रहे कर्मचारियों को घर जाने के लिए कहा गया है। आयकर विभाग ने वहां काम कर रहे कर्मचारियों को यह भी कहा कि आप फोन का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। वर्ष 2002 के गुजरात दंगों और भारत पर दो-भाग के डॉक्यूमेंट्री फिल्म को




प्रसारित करने के कुछ सप्ताह बाद यह औचक कार्रवाई हुई। उन्होंने कहा कि विभाग कंपनी के कारोबारी परिचालन और उसकी भारतीय इकाई से जुड़े दस्तावेजों पर गौर कर रहा है। एक सर्वे के तहत आयकर विभाग केवल कंपनी के व्यावसायिक परिसर की ही जांच करता है और इसके प्रवर्तकों या निदेशकों के आवासों और अन्य स्थानों पर छापा नहीं मारता है। जानकारी के अनुसार कर्मचारियों से दफ्तर छोड़कर घर जाने के लिए कह दिया गया है, इसके साथ ही लंदन स्थित बीबीसी के दफ्तर में भी रेड की कार्रवाई की जानकारी मिली है। वहीं रेड पड़ते ही कांग्रेस ने आईटी की इस कार्रवाई को बीबीसी डॉक्यूमेंट्री पर बैन से जोड़ा है। कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा कि पहले बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री आई, उसे बैन किया गया। अब बीबीसी पर आईटी का छापा पड़ गया है। अघोषित आपातकाल।

## दिल्ली में मेट्रो से भी अधिक ऊंचाई पर दौड़ेंगी रैपिड ट्रेन लोगों को जाम से मिलेगी राहत

**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रैपिड ट्रेन मेट्रो से भी अधिक ऊंचाई पर दौड़ती नजर आएगी। सराय काले खां स्टेशन के पास बारापुला फ्लाईओवर क्रास करने के लिए जमीन से 25 मीटर की ऊंचाई पर विशेष स्पैन (ट्रैक का हिस्सा-वायाडक्ट) तैयार किया जा रहा है। यह मेट्रो के सर्वाधिक 24.5 मीटर ऊंचाई मेट्रो स्टेशन की ऊंचाई दुनिया में सर्वाधिक 26.7 मीटर है। यानी दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कारिडोर पर राजधानी में रैपिड ट्रेन का ट्रैक विश्व भर के सर्वाधिक ऊंचाई वाले ट्रैक में शामिल होगा। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कारिडोर के बीच में आ रहे बारापुला फ्लाईओवर को क्रास करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) एक विशाल स्पेशल स्पैन बना रहा है। इसका निर्माण ग्राउंड लेवल से 25 मीटर की ऊंचाई पर किया जा रहा है। एनसीआरटीसी अधिकारियों के मुताबिक 82 किमी लंबे कारिडोर के बीच निमार्णाधीन भारत की पहली



रीजनल रेल का कारिडोर दिल्ली में सराय काले खां स्टेशन से ही शुरू होता है। न्यू अशोक नगर स्टेशन की ओर बढ़ते समय आरआरटीएस कारिडोर बारापुला फ्लाईओवर और इसके पास स्थित रिंग रोड को पार करता है। इस विशाल क्रासिंग को संभव बनाने के लिए वायाडक्ट स्थापित करने हेतु 260 मीटर लंबा स्पेशल स्पैन बनाया जा रहा है। अभी स्पैन के लिए पिलर बनाया जा रहा है। यह निर्माण इस तरह किया जा रहा है कि सड़क पर ट्रैफिक कम-से-कम बाधित हो। बारापुला के ऊपर स्पेशल स्पैन आठ पिलरों पर बनाया जा रहा है जिनमें से एक पोर्टल पिलर हैं। स्पैन को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इन आठ पिलरों में से केवल एक का निर्माण रिंग रोड पर किया जा रहा है। यह पिलर सिर्फ तीन मीटर जगह ले रहा है। यहां पांच फ्लाईओवर पहले से हैं। इन पांचों के ऊपर से गुजरने वाले इस स्पेशल स्पैन के खंड को मात्र इस एक पिलर से ही सपोर्ट दिया जाएगा। सिविल इंजीनियरिंग के दृष्टिकोण से भी यह चुनौतीपूर्ण कार्य है। इस स्पैन की पुख्ता मजबूती के लिए इन सभी पिलरों का निर्माण लगभग 45 मीटर गहरी नींव पर किया गया है।

## दिग्विजय सिंह ने पुलवामा हमले को बताया इंटेलिजेंस चूक, शिवराज ने किया पलटवार

**मुख्यमंत्री ने कहा, दिग्विजय सिंह की बुद्धि फेल हो गई है**

**भोपाल, (हि.स.)।** पुलवामा हमले की चौथी बरसी पर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने जहां पुलवामा हमले को इंटेलिजेंस की चूक बताया है, वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह की बुद्धि फेल हो गई है। उल्लेखनीय है कि चार साल पहले 14 फरवरी को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों ने सीआरपीएफ के जवानों से भरी बस पर हमला कर दिया था, जिसमें 40 सैनिक शहीद हो गए थे। आज पूरा देश पुलवामा हमले की बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को ट्वीट कर लिखा है कि आज हम उन 40 शहीद सीआरपीएफ जवानों को श्रद्धांजलि देते हैं, जो पुलवामा में भारी इंटेलिजेंस चूक के कारण शहीद हो गए। मुझे उम्मीद है कि सभी शहीदों के परिवारों का अच्छे से पुनर्वास किया गया है। दिग्विजय सिंह के इस ट्वीट के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ ही तमाम भाजपा नेताओं ने उन पर पलटवार किया है। मुख्यमंत्री



चौहान ने मंगलवार को भोपाल के स्मार्ट पार्क में मीडिया से बातचीत में कहा कि मुझे लगता है कि दिग्विजय की बुद्धि फेल हो गई है। वे देश की सेना का अपमान करते हैं। दिग्विजय पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। सेना का मनोबल गिराने की कोशिश करते हैं। अब जांच तो दिग्विजय सिंह की होनी चाहिए। प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि दिग्विजय सिंह श्रद्धांजलि में भी तंज कस रहे हैं। ट्वीट देखकर ऐसा लग रहा है जैसे आईएसआई से किसी ने ट्वीट किया हो। भारत माता की प्राण पण से सेवा कर अपने प्राणों का बलिदान देने वालों पर तंज कसने से आप नहीं चूकते। मुझे लगता है कि कांग्रेस की आदत ही हो गई है सेना के ऊपर इस तरह के बयान देना और उनके मनोबल को तोड़ना। मप्र के नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने ट्वीट किया कि वीर जवानों के बलिदान पर राजनीति करना कांग्रेस का चरित्र रहा है। मुंबई टेरर अटैक को ये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की साजिश बोल रहे थे। राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांग रहे थे। आज देश वीर जवानों को नमन कर रहा है और ये आदतन अपना चरित्र उजागर करने में व्यस्त हैं। हालांकि, मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता केके मिश्रा ने दिग्विजय के ट्वीट का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि पुलवामा के शहीदों को उनके बलिदान-दिवस पर सादर नमन। संसद, अक्षरधाम, कश्मीर, विधानसभा सहित आधा दर्जन आतंकी हमले कब हुए? पुलवामा हमले में डीएसपी देवेंद्र सिंह की भूमिका, मध्यप्रदेश में भाजपा नेता ध्रुव सक्सेना की आईएसआई जासूसी को लेकर गिरफ्तारी पर प्रश्न पूछना क्या देशद्रोह या सेना का अपमान है?

# शासन-प्रशासन बना भय और उत्पीड़न का प्रतीक : अखिलेश यादव

**लखनऊ, (हि.स.)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कानपुर देहात जनपद में मां-बेटी के जिंदा जलकर मौत की घटना पर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने शासन-प्रशासन को लेकर भय और उत्पीड़न का प्रतीक बताया है।

अखिलेश ने ट्वीट कर कहा कि शासन-प्रशासन जब अभय एवं निर्भय की जगह भय और उत्पीड़न के प्रतीक बन जाएं तो समझ लेना चाहिए उनका अंत निकट है। उल्लेखनीय है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यह ट्वीट उत्तर



प्रदेश के कानपुर देहात जनपद में रुरा तहसील में प्रशासन और पुलिस के सामने मां-बेटी की जलकर मौत की घटना सामने आने के बाद आया है। घटना के दौरान प्रशासनिक अमला अतिक्रमण खाली कराने गया था। इस मामले में उप जिलाधिकारी समेत 39 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मां-बेटी की जलकर मौत बयां कर रही 'महिला सशक्तिकरण' का कागजी होना : सपा

**लखनऊ, (हि.स.)।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने कानपुर देहात जनपद में मां-बेटी की जलकर मौत की घटना पर प्रशासन को बेरहम बताया है। सपा ने जिले के आला अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की है। वहीं सपा नेता शिवपाल यादव ने भी 'महिला सशक्तिकरण' की बात को कागजी बताया है। समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को ट्वीट कर कानपुर देहात में अतिक्रमण हटाने पहुंचे प्रशासन के सामने ही मां-बेटी ने आग से जलकर मौत की घटना पर अफसरों के साथ सरकार को घेरा है। कहा है कि बीजेपी की यूपी सरकार और बेलगाम अफसरों के कारण दो मासूमों की मौतें हो गईं और कई घायल हैं। इस घटना से एक भरा पूरा परिवार उजड़ गया। इस मामले में छोटे अफसरों/कर्मचारियों के ऊपर तो मुकदमा हो गया और बड़े अफसरों को बचाया जा रहा है। मामले की लीपापोती न हो। वहीं सपा नेता शिवपाल यादव ने ट्वीट कर कहा कि कानपुर देहात में अतिक्रमण हटाने पहुंचे प्रशासन के सामने ही मां-बेटी ने आग लगाकर जान दे दी और पुलिस तमाशा देखती रही। अतिक्रमण हटाने व बुलडोजर के जोश में प्रशासन आखिर अपना होश क्यों खो रहा है। क्या 'महिला सशक्तिकरण' व 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की बात केवल कागजी नीति है?

**पीड़ित से मिलने जाएगा सपा दल** - समाजवादी पार्टी के आलाकमान ने मामले की जांच के लिए 11 सदस्यीय दल को कानपुर देहात के रुरा जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचेतक मनोज पांडे के नेतृत्व में विधायक अभिताभ बाजपेई, विनोद चतुर्वेदी, प्रदीप यादव, मो0 हसन रुमी, पूर्व विधायक रामप्रकाश कुशवाह, कमलेश दिवाकर, प्रमोद यादव, वेद व्यास निराला, बलवान उर्फ मुन्ना व प्रवीण यादव को दल में शामिल किया गया है। यह लोग पीड़ित से मिलकर प्रकरण की जांच रिपोर्ट तैयार करेंगे। उधर, इस सूचना पर पुलिस ने कानपुर के आर्य नगर से विधायक अमिताभ बाजपेई को घर में नजर बंद कर लिया है। वहीं दल में शामिल सभी सपा नेताओं पर निगरानी शुरू कर दी गई है। इन सभी को घटना स्थल पर जाने से रोक लगा दी गई है। प्रशासन का मानना है कि सपा नेताओं के आने से मामला तूल पकड़ सकता है।

# कानपुर देहात में मां-बेटी की जलकर मौत की घटना में 39 के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**कानपुर देहात, (हि.स.)।** जनपद में बुधवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान आग में जलकर मां-बेटी की मौत हो गई थी। मामले में मैथा तहसील के उप जिलाधिकारी समेत 39 लोगों के खिलाफ हत्या जैसी गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। कानपुर देहात के मैथा तहसील के मड़ौली गांव में रहने वाले कृष्ण गोपाल दीक्षित के खिलाफ अवैध कब्जा करने की शिकायत थी। सोमवार को उप जिलाधिकारी मैथा ज्ञानेश्वर प्रसाद, पुलिस व राजस्व कर्मियों के साथ गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे। आरोप है कि टीम ने जेसीबी से नल और मंदिर तोड़ने के साथ ही छप्पर गिरा दिया। इससे छप्पर में आग लग गई और वहां मौजूद प्रमिला (44) व उनकी बेटी नेहा (21) की आग की चपेट में आने से जिंदा जलकर मौत के गाल में समां गई। जबकि कृष्ण गोपाल गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की सूचना पर आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले में ग्रामीणों को शांत कराया। घटना की गंभीरता को देखते हुए कानपुर जोन के एडीजी आलोक सिंह, मंडलायुक्त डॉ राजशेखर के साथ एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति समेत अन्य पुलिस के अधिकारी पहुंचे और जांच पड़ताल की। इसके बाद पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर देर उपजिलाधिकारी समेत 39 लोगों पर हत्या जैसी गम्भीर धाराओं पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुकदमे में उपजिलाधिकारी मैथा ज्ञानेश्वर प्रसाद, कानूनगो, लेखपाल मंडौली अशोक सिंह, तीन अन्य लेखपाल, थानाध्यक्ष रूरा दिनेश कुमार गौतम के साथ गांव के अशोक, अनिल, निर्मल, विशाल, जेसीबी ड्राइवर दीपक के साथ 10 से 12 अज्ञात सहयोगी को शामिल किया गया है। एडीजी कानपुर जोन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। कानपुर देहात के मड़ौली में मां-बेटी की जलकर हुई घटना में शासन स्तर पर संज्ञान लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। प्रकरण में प्रथम दृष्टया उपजिलाधिकारी मैथा ज्ञानेश्वर प्रसाद, लेखपाल मड़ौली अशोक सिंह को निलम्बित कर दिया गया है। प्रकरण की उच्चाधिकारियों से जांच कराई जा रही है।

# शहीद जवानों की याद में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल ने किया मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**कटिहार, (हि.स.)।** जम्मू- कश्मीर के पुलवामा में चार वर्ष पूर्व, 14 फरवरी 2019 को आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय सेना के जवानों को याद करते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल शाखा कटिहार तत्वावधान में मंगलवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शहरी क्षेत्र अवस्थित सीताराम गार्डन में आयोजित शिविर में सुबह 10 बजे से शाम 03 बजे तक दो सौ यूनिट से ज्यादा यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य है रक्तदान शिविर में पुरूष रक्तवीरों के साथ साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शहीद जवानों की याद में रक्तदान कर रही हैं। शिविर का शुभारंभ पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, पूर्व केंद्रीय मंत्री निखिल चौधरी, भाजपा विधायक निशा सिंह, कविता पासवान, महापौर उषा अग्रवाल एवं कटिहार सेना भर्ती कार्यालय के कर्नल अजय सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पूर्व



उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल मानवता की सेवा एवं लोगों की जीवन बचाने में हमेशा आगे रहते हैं। कटिहार जिला मानवता की सेवा का एक बड़ा केंद्र रहा है। तारकिशोर प्रसाद ने बताया कि आज ही के दिन 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में कायर आतंकवादियों ने एक बड़ी घटना का अंजाम दिया था, जिसमें हमारे 40 जवान शहीद हो गए। इसके जवाब में हमारे सेना के जवानों ने 25 फरवरी की पाक अधिकृत कश्मीर में चल रहे आतंकवादी ठिकानों पर हमला कर उसे तहस नहस कर दिया। भारतीय सेना के हमला में सैकड़ों की संख्या में आतंकी मारे गए। जवानों की याद में रक्तदान कर रहे विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के रक्तवीरों ने सभी युवाओं से अपील करते हुए कहा कि आमतौर पर लोग रक्त दान से इसलिए डरते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे शरीर में कमजोरी हो जाएगी। जबकि ऐसा नहीं है, रक्त दान करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। रक्तदान से दिल की सेहत में सुधार होता है, वजन कंट्रोल में रहता है, कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है। रक्तदान से न सिर्फ आपके शरीर पर बल्कि दिमाग पर भी पॉजीटिव असर पड़ता है। रक्त दान से आप किसी जरूरतमंद की जान बचाते हैं, और साथ ही आपकी सेहत को भी कई फायदे होते हैं। इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री बीरेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष बबन झा, रेडक्रॉस सोसायटी के अनिल चमरिया सहित विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सीएम की यात्रा को लेकर तैयारी अंतिम चरण में, सुरक्षा को लेकर किये गये व्यापक प्रबंध

**मोतिहारी, (हि.स.)।** अगामी 15 फरवरी को सीएम की समाधान यात्रा की तैयारी को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सीएम दिन के दो बजे हेलीकॉप्टर से मोतिहारी पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उतरेंगे। जहां उनका स्वागत कर सलामी दिया जाएगा। वहां से वह सीधे बंजरिया प्रखंड के सिसवा पूर्वी पंचायत जायेंगे। जहां मात्र 15 मिनट रूकेंगे। इस दौरान भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण करेंगे। करीब 2.30 बजे वहां से समाहरणालय पहुंचेगे। 2.40 बजे समाहरणालय परिसर में विभिन्न विभागो द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉल का निरीक्षण करेंगे। जिसके बाद सीएम यही से कोटवा के मच्छरगांवा में सूबे के पहला गोवर्धन प्लांट के साथ ठोस एवं अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई, छतौनी में




बने डीपीआरसी भवन, सुगौली प्रखंड के उत्तरी सुगांव में बने जीविका ग्राम संगठन भवन और सदर अस्पताल के ओपीडी भवन का उद्घाटन करेंगे। जिसके बाद सीएम 2.55 बजे समाहरणालय परिसर स्थित डॉ राधाकृष्णन भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगे। इस दौरान सीएम जिले में लगभग दो घंटे तक रूकेगे। सीएम के सुरक्षा को लेकर व्यापक तैयारी की गई है। इसके लिए छह डीएसपी व इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियो के साथ करीब 450 पुलिस पदाधिकारी व 1500 जवानों को लगाया गया है। सीएम की यात्रा को लेकर 24 घंटे पूर्व जिले से जुड़ी सभी सीमा को सिल किया जायेगा।

# मंत्री जिलों के दौरे पर जाकर प्रदेश के उन्नयन की कहानी बताएं : योगी

**लखनऊ, (हि.स.)।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस-2023) के सफल आयोजन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ बैठक कर बेहतर टीमवर्क के लिए प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीआईएस-2023 अभूतपूर्व रहा। इससे उप्र को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। सभी विभाग आए निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करें और उसे धरातल पर उतारें। मंत्री जिलों का दौरा कर उद्यमियों और युवाओं को उप्र के आर्थिक उन्नय की कहानी बताएं। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि विगत एक सप्ताह की अवधि में उत्तर प्रदेश ने जीआईएस-23 और जी-20 के कार्यक्रम की सफलतापूर्वक मेजबानी की है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 देशों से अतिथियों का आगमन हुआ तो जी-20 में हमारे मित्र राष्ट्रों सहित 36 देशों के प्रतिनिधियों की सहभागिता हो रही है। दोनों कार्यक्रम के आयोजन में हमारे मंत्रियों और प्रशासनिक अधिकारियों की बड़ी भूमिका रही। एक बेहतर टीमवर्क के साथ सभी ने काम किया। स्थानीय जनता ने सकारात्मक भाव के साथ सहयोग किया। यह दोनों कार्यक्रम अनुशासन और सुशासन के प्रतिबिंब बने हैं। इन सफल आयोजनों ने पूरी दुनिया में एक नए उत्तर प्रदेश को पहचान दी है। इसके लिए पूरा प्रदेश बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की प्रेरणा से प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आशातीत सफलता प्राप्त करने वाला रहा। 10 हजार



निवेशक एक साथ एक परिसर में उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उपस्थित हुए। 33 लाख 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के औद्योगिक निवेश वाली यह इन्वेस्टर्स समिट ने देश में एक रिकॉर्ड बनाया है। बुंदेलखंड और पूर्वांचल जैसे विकास में पिछड़े क्षेत्रों में रिकॉर्ड औद्योगिक निवेश आया है। समिट की यह सफलता उप्र को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का मार्ग प्रशस्त करने वाली होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानमंडल के बजट सत्र से पूर्व सभी मंत्री अपने प्रभार के जिलों में भ्रमण करें। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ उद्यमियों, व्यापारी वर्ग, युवाओं से भेंट करें और प्रदेश के आर्थिक उत्थान से परिचय कराएं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता के बारे में जानकारी दें। जनता को बताया जाए कि यह समिट किस प्रकार प्रदेश को देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनाने वाला है। युवाओं के लिए सृजित हो रहे नौकरी-रोजगार के मौके के बारे में उन्हें जानकारी दें। सभी मंत्री अपने संबंधित विभागों को प्राप्त औद्योगिक निवेश प्रस्तावों की तत्काल समीक्षा करें। हमें अगले छह माह की अवधि में एक बड़ी संख्या में निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारते हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन करना है। औद्योगिक विकास विभाग, इन्वेस्ट यूपी से आवश्यकतानुसार सहयोग लें। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन से पूर्व सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों द्वारा प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में भ्रमण कर प्रदेश के रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों से युवाओं का परिचय कराया गया। उनके तीन दिवसीय भ्रमण की रिपोर्ट तैयार करते हुए आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजनों की तैयारी की जानी चाहिए। कैबिनेट की बैठकें जनहित की नीतियों का सबसे महत्वपूर्ण और औपचारिक माध्यम हैं। आने वाले दिनों में कैबिनेट की बैठकें राजधानी लखनऊ के अलावा अन्य महत्वपूर्ण नगरों में भी आयोजित की जाएंगी।

# रांची में रात दस बजे के बाद डीजे बजाने वालों पर हो रही कार्रवाई

**रांची, (हि.स.)।** रांची में रात 10 बजे के बाद डीजे (साउंड बॉक्स) बजाने वालों के खिलाफ पुलिस की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। एसएसपी किशोर कौशल ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वह किसी भी हाल में रात 10 बजे के बाद किसी भी समारोह में डीजे (साउंड बॉक्स) ना बजने दें। मामले को लेकर कई थाना में कार्रवाई भी की गयी है। साथ ही डीजे के साउंड बॉक्स सहित कई सामान जब्त किए गए हैं। रात 10 बजे के बाद गाना बजाने के मामले में गोंदा थाने ने जिले में सबसे अधिक कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी भी दर्ज की है। इसके अलावा रात 10 बजे के बाद एसएसपी की क्यूआरटी टीम घूम-घूम कर डीजे बजाने वालों पर अंकुश लगा रही है। एसएसपी ने मंगलवार को बताया कि शहर में रात 10:00 बजे के बाद तेज साउंड में गाना बजाने और डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश



सभी थाना प्रभारी को दिया गया है। इसके तहत लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि झारखंड हाई कोर्ट के सख्त आदेश दिया है कि रात 10 बजे के बाद अगर कहीं भी डीजे बजे तो उस पर कार्रवाई की जाए। इसके बाद रांची पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

# झारखंड के रेलवे स्टेशनों पर होगी लिफ्ट, फ्री वाई-फाई सहित अन्य सुविधाएं

**रांची, (हि.स.)।** रेलवे ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कुछ रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प करने का फैसला किया है। इसके तहत रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल अंतर्गत झारखंड में कुमारधुबी, गिरिडीह, देवघर, मधुपुर, बासुकीनाथ, दुमका, शंकरपुर, जामताड़ा और विद्यासागर स्टेशनों की तस्वीर बदलने वाली है। परियोजना का उद्देश्य मल्टी मॉडल एकीकरण की परिकल्पना के लिए स्टेशनों पर सभी सुविधाओं को एक छत के नीचे लाना है। आसनसोल रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमिताभ चटर्जी ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए निरंतरता के आधार पर स्टेशन के विकास को दशार्ती है। जैसे स्टेशनों तक पहुंचने के लिए सड़क व्यवस्था में सुधार, स्टेशन सकुर्लेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना में कियोस्क, स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ह्वन स्टेशन वन प्रोडक्टह्ण के तहत दुकानें, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउंज, बैंक्वेट हॉल, लैंडस्केपिंग जैसी योजनाओं में सुधार किया जाएगा। साथ ही स्टेशन भवनों में सुधार, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, स्टेशनों के दोनों ओर एकीकरण, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान, आवश्यकता के अनुसार रूफ प्लाजा भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही योजना पर काम शुरू किया जाएगा।

# हर्ष फायरिंग में बच्ची की मौत के मामले में एक गिरफ्तार



**मोतिहारी, (हि.स.)।** जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र के गोबरी गांव में सोमवार देर शाम का बारात के दौरान हर्ष फायरिंग में बच्ची की मौत के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि सोमवार की देर शाम गोबरी गांव में बारात के परिछावन के दौरान हर्ष फायरिंग में गोबरी गांव निवासी शे. मोगल की 11 वर्षीय पुत्री नाजनी की मौत हो गई। पुलिस ने मृत बच्ची की मां अरमेरा खातुन के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर थी। उन्होंने बताया कि डीएसपी सदर अरुण गुप्ता की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में गोबरी निवासी पूर्व पंचायत समिति सदस्य जीतेन्द्र साह को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अभी तक हथियार बरामद नहीं किया जा सका है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# अब्बास अंसारी की पत्नी का सऊदी कनेक्शन खंगाल रही चित्रकूट पुलिस

**- सपा नेता ने निकहत को किराए पर दिलवाया था मकान, छिपाई थी पहचान**

**चित्रकूट, (हि.स.)।** चित्रकूट जेल में बंद अब्बास अंसारी से मिलाई के दौरान गिरफ्तार की गई उनकी पत्नी निकहत को लेकर पुलिस की जांच तेज हो गई है। पुलिस का दावा है कि निकहत अपने पति को फरार करने की साजिश रच रही थी। उनकी मदद स्थानीय सपा नेता कर रहे थे, जिनके नाम भी सामने आए हैं। कर्वी नगर की बैंक कॉलोनी विकास नगर कपसेठी में बीमा एजेंट प्रहलाद साहू के मकान में निकहत रहती थी। प्रहलाद साहू ने बताया कि दो जनवरी को अब्बास की पत्नी ने मकान किराए पर लिया था। उनके पास उसको मोहल्ले के ही सपा के एक स्थानीय नेता लेकर आए थे और यह कहकर मकान दिलाया था कि ये लोग पानी की टंकी बनवाने वाले बड़े ठेकेदार



हैं। उसने गारंटी के तौर पर एग्रीमेंट करवाने की भी बात कही थी। मकान में निकहत के अलावा एक बुजुर्ग महिला, नौकरानी और ड्राइवर रहते थे। उसके परिवार के लोगों और रिश्तेदारों का आना-जाना रहता था। प्रहलाद साहू ने बताया कि सपा नेता जिला स्तर का पदाधिकारी है। बीमा एजेंट के मकान से पहले निकहत पुराने बाजार इलाके के एक मकान में लगभग 15 दिन ही रही थी। बरहाल पुलिस इसका भी पता कर रही है कि उस मकान को किसने दिलाया था और वहां पर क्या गतिविधियां थीं। रगौली जेल में कार्रवाई के दौरान निकहत बानो अंसारी के पास सऊदी अरब की मुद्रा 12 रियाल बरामद हुई थी। इसके बारे में जब निकहत से पूछा गया तो उसने गुमराह करने की कोशिश की और फिर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई। इस आधार पर पुलिस ने निकहत का सऊदी अरब से कनेक्शन होने की आशंका जताते हुए जांच शुरू की है। पुलिस का कहना है कि निकहत, उसके करीबी और परिवार के कौन-कौन सदस्य विदेश कब-कब गए थे, कितने रिश्तेदार खाड़ी देश में रहते हैं। इसका भी पता लगाया जा रहा है।

# राज्यपाल ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में सपरिवार की पूजा-अर्चना

**देवघर, (हि.स.)।** राज्यपाल रमेश बैस ने देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में मंगलवार को सपरिवार पूजा-अर्चना की और बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर के पुजारियों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा संपन्न कराई। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से समस्त देशवासियों के लिए सुख और शांति की कामना की। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ की महिमा अपरंपार है। वो सर्वशक्तिमान हैं। जब मैं झारखंड के राज्यपाल के पद पर आया था उस वक्त भी भोले बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया था, अब महाराष्ट्र जा रहा हूं तो यहां बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लेने आया हूं। राज्यपाल ने कहा कि बाबा से मैंने विनती की है कि जिस तरह मैंने झारखंड की जनता की सेवा की है, वैसा ही महाराष्ट्र में भी कर



सकूं। देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा से मेरी विनती है कि वो सभी को सुख, समृद्धि और शांति प्रदान करें, सभी लोगों पर उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहे। देवघर में पूजा अर्चना करने के बाद राज्यपाल सपरिवार बासुकीनाथ धाम भी जाएंगे। दुमका में भी उनके कार्यक्रम को लेकर प्रशासन मुस्तैद हैं और मंदिर प्रबंधन पूरी तरह से तैयार है। यहां भी राज्यपाल परिवार संग बाबा की पूजा अर्चना करने के बाद उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस मौके पर उनके साथ संथाल परगना के डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, एसपी सुभाष चंद्र जाट सहित जिले के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जाप प्रमुख पप्पू यादव का काफिला हादसे का शिकार, बाल-बाल बचे पप्पू

**पटना/बक्सर, (हि.स.)।** बिहार के बक्सर में जन अधिकार पार्टी (जाप) प्रमुख पप्पू यादव का काफिला सोमवार देर रात भीषण हादसे का शिकार हो गया। पप्पू यादव अपने काफिले के साथ मुबारकपुर कांड के पीड़ित परिवार से मिलने के लिए सारण गए थे। वहां से लौटने के वक्त एक ट्रक ने उनके काफिले को ओवरटेक किया। अनियंत्रित होकर काफिले में शामिल गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस दौरान एक कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि इस भीषण हादसे में जाप प्रमुख पप्पू यादव बाल-बाल बच गए। लेकिन उनके काफिले के साथ चल रहे कई नेता व कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार यह सड़क



हादसा ब्रह्मपुर फोरलेन पर आरा और बक्सर के बीच हुआ। इस पूरे मामले पर मंगलवार को पप्पू यादव ने फोन पर बातचीत में कहा कि भगवान की कृपा से सभी लोग सुरक्षित हैं। ट्रक के ओवरटेक करने के कारण यह दुर्घटना हुई है। पप्पू यादव का कहना है कि इस दुर्घटना में दो कार में सवार उनके 10 कार्यकर्ता घायल हुए हैं। इसमें उनकी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह और दिनेश के अलावा कुछ लोगों के हाथ पूरी तरह फ्रैक्चर हो गया है। बिहार मिलिट्री पुलिस (बीएमपी) के दो सुरक्षा गार्ड के साथ-साथ एस्कॉर्ट के ड्राइवर को काफी चोट आई है।

## संपादकीय

# 'ओम-अल्लाह' का धर्मयुद्ध

**ओम** और अल्लाह एक ही हैं। मनु और आदम भी एक ही हैं। मनु की संतानें 'मनुष्य' कही गईं और आदम की औलाद को 'आदमी' कहा गया। अल्लाह ने आदम को भारत की ज़मीं पर भेजा, लिहाजा भारत मुसलमानों का पहला वतन है और इस्लाम सबसे पुराना मज़हब है। जिसे हम 'अल्लाह' मानते हैं, वह ही हिंदुओं में 'ईश्वर' है, फारसी में उसे ही 'ख़ुदा' कहते हैं और ईसाई 'गॉड' मानते हैं। जब मनु धरती पर आए, तब ब्रह्मा नहीं थे, विष्णु और शिव भी नहीं थे, श्रीराम भी नहीं थे, तो मनु किसकी पूजा करते थे? किसी धर्मगुरु ने बताया कि मनु 'ओम' को पूजते थे। फिर सवाल उठा कि 'ओम' क्या था? किसी धर्मगुरु ने व्याख्या की कि 'ओम' का कोई रंग-रूप नहीं था। वह एक 'हवा' थी। जिसे आप 'हवा' मानते हैं, वही हमारे लिए 'अल्लाह' है। तमाम मुसलमानों को 'हिंदू' ही मानने वालों का विचार 'जाहिल' है। बहरहाल 21वीं सदी में धर्म और भगवान या अल्लाह की ऐसी स्थापनाएं हास्यास्पद लगती हैं। कोई विधर्मी, धूर्त और अज्ञानी व्यक्ति ही ऐसी व्याख्याएं कर सकता है या किसी के विचार को 'जाहिल' करार देते हुए गाली दे सकता है। मुसलमानों के सबसे पुराने और व्यापक मज़हबी और सामाजिक संगठन 'जमीयत उलेमा-ए-हिंद' के मंच से वयोवृद्ध मौलाना अरशद मदनी ने धर्म और परमात्मा संबंधी ऐसी व्याख्याएं कर साबित करने की कोशिश की है कि भारत 'धर्मनिरपेक्ष देश' नहीं है। बेशक संविधान में धार्मिक और पूजा-पाठ पद्धति की आज़ादी का अधिकार दिया गया है, लेकिन दूसरे के धर्म और आस्थाओं को गाली देने और उसे अधम करार देने का अलिखित अधिकार भी दिया गया है। बुनियादी तौर पर भारत को मुसलमानों का वतन कहा गया है। इस्लाम और मुसलमान भारत की ही पैदाइश हैं, वे कहीं बाहर से नहीं आए, ये स्थापनाएं भी दी गई हैं। जमीयत का यह आम आयोजन 'सर्वधर्म समभाव और सौहाद्र' की सार्वजनिक सोच के तहत किया गया था, लेकिन वह आडंबर और मुखौटा ही थे, नतीजतन जैन मुनि, सिख धर्मगुरु और अन्य को मंच छोड़ कर जाना पड़ा। स्पष्ट कर दें कि हम न तो धर्मगुरु हैं और न ही धर्मों के विशेषज्ञ हैं, लेकिन जितना भी अध्ययन किया है, उसके मुताबिक इन व्याख्याओं को खंडित किया जा सकता है। मौलाना मदनी ने विश्व के सनातन धर्म को खारिज किया है, जिसके कालखंड में वेदों, पुराणों और उपनिषदों के दर्शन दुनिया के सामने आए। मौलाना ने ब्रह्मा, विष्णु, महेश सरीखे ब्रह्मांड के 'दैवीय त्रिदेवों' और विष्णु-अवतार प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को ही नकारा है, लिहाजा एक बहुसंख्यक मानवीय आबादी की धार्मिक आस्थाओं को कुचला गया है। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव जी का नाम ही नहीं लिया गया, जिनके सुपुत्र भरत के नाम पर देश का नामकरण 'भारत' किया गया था। उनका कालखंड ही करीब 3000 साल पुराना है। 'त्रिदेव' तो ब्रह्मांड के 'आदि रचयिता' हैं, लिहाजा उनके कालखंड की तो कल्पना की जा सकती है, व्याख्या असंभव है। अध्यात्म और आस्था तर्कों के आधार पर तय नहीं किए जा सकते। फिर इस्लाम धर्म तो 1600 वर्ष पुराना ही है, तो उसे दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म कैसे माना और कहा जा सकता है? मौलाना भी धर्म के विशेषज्ञ नहीं हैं। अलबत्ता वह किसी भी मकसद और मंसूबों के तहत मुसलमानों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। मौलाना अरशद इस्लाम के कुछ जानकार हो सकते हैं, लेकिन सनातन धर्म को लेकर वह 'शून्य' हैं।

> बेशक संविधान में धार्मिक और पूजा-पाठ पद्धति की आज़ादी का अधिकार दिया गया है, लेकिन दूसरे के धर्म और आस्थाओं को गाली देने और उसे अधम करार देने का अलिखित अधिकार भी दिया गया है। बुनियादी तौर पर भातर को मुसलमानों का वतन कहा गया है। इस्लाम और मुसलमान भातर की ही पैदाइश हैं, वे कहीं बाहर से नहीं आए, ये स्थापनाएं भी दी गई हैं। जमीतय का यह आम आयोजन 'सर्वधर्म समभाव और सौहाद्र' की सार्वजनिक सोच के ततह किया गया था, लेकिन वह आडंबर और मुखौटा ही थे, तनीतजन जैन मुनि, सिख धर्मगुरु और अन्य को मंच छोड़ कर जाना पड़ा। स्पष्ट कर दें कि हम न तो धर्मगुरु हैं और न ही धर्मों के विशेषज्ञ हैं, लेकिन तिजना भी अध्ययन किया है, उसके मुताबिक इन व्याख्याओं को खंतिड किया जा सतका है। मौलाना मदनी ने विश्व के सनातन धर्म को खारिज किया है, जिसके कालखंड में वेदों, पुराणों और उपनिषदों के दर्शन दुनिया के सामने आए।

## भारत अपनी स्वतंत्र आर्थिक, सामरिक और विदेश नीति के आधार पर अपने हितों की रक्षा करने की इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है

# अर्थव्यवस्था और स्वतंत्र विदेश नीति

डा. अश्विनी महाजन

> यूरोपीय समुदाय के देशों में दिसंबर माह में महंगाई की औसत दर 10 .4 प्रतिशत बनी हुई थी, जिसमें हंगरी में 25 प्रतिशत, पोलैंड में 15 .3 प्रतिशत, इटली में 12 .3 प्रतिशत, नीदरलैंड में 11 प्रतिशत, आसट्रिया में 10 .5 और पुर्तगाल में 9 .8 प्रतिशत थी। उसी प्रकार अमरीका में महंगाई की दर अभी भी 6 .5 प्रतिशत बनी हुई है, जबकि इससे पहले वो जून 2022 में 9 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। इसी प्रकार दुनिया के अधिकांश मुल्क भीषण महंगाई की चपेट में हैं। दुनिया में बढ़ती इस महंगाई के पीछे तेल की बढ़ती कीमतें हैं। हालांकि अमरीकी अर्थव्यवस्था तेल की वैश्विक कीमतों से प्रभावित नहीं होती, तो भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में महंगे तेल के कारण अमरीका में महंगाई बढ़ी है। यूरोप में ऊर्जा (यानी तेल, पेट्रोल इत्यादि) में महंगाई 40 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी, इसके अलावा यूरोप में महंगाई बढने का दूसरा बड़ा कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि है। लेकिन भारत में मुद्रास्फीति जो पहले भी अमरीका और यूरोप से कम थी, दिसंबर माह में घटकर 5 .72 प्रतिशत ही रह गई है।

**आज** जब भारत समेत पूरी दुनिया महंगाई की मार से पीड़ित है, अमरीका और यूरोपीय देशों के मुकाबले ही नहीं बल्कि अधिकांश देशों की तुलना में भारत में महंगाई की दर काफी कम बनी हुई है। गौरतलब है कि यूरोपीय समुदाय के देशों में दिसंबर माह में महंगाई की औसत दर 10.4 प्रतिशत बनी हुई थी, जिसमें हंगरी में 25 प्रतिशत, पोलैंड में 15.3 प्रतिशत, इटली में 12.3 प्रतिशत, नीदरलैंड में 11 प्रतिशत, आसट्रिया में 10.5 और पुर्तगाल में 9.8 प्रतिशत थी। उसी प्रकार अमरीका में महंगाई की दर अभी भी 6.5 प्रतिशत बनी हुई है, जबकि इससे पहले वो जून 2022 में 9 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। इसी प्रकार दुनिया के अधिकांश मुल्क भीषण महंगाई की चपेट में हैं। दुनिया में बढ़ती इस महंगाई के पीछे तेल की बढ़ती कीमतें हैं। हालांकि अमरीकी अर्थव्यवस्था तेल की वैश्विक कीमतों से प्रभावित नहीं होती, तो भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में महंगे तेल के कारण अमरीका में महंगाई बढ़ी है। यूरोप में ऊर्जा (यानी तेल, पेट्रोल इत्यादि) में महंगाई 40 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी, इसके अलावा यूरोप में महंगाई बढने का दूसरा बड़ा कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि है। लेकिन भारत में मुद्रास्फीति जो पहले भी अमरीका और यूरोप से कम थी, दिसंबर माह में घटकर 5.72 प्रतिशत ही रह गई है। गौरतलब है कि पिछले कई महीनों से पेट्रोल, डीजल की कीमतें बढ़ नहीं रही हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि भारत रूस से सस्ते दामों में कच्चा तेल खरीद रहा है। भारत द्वारा रूस से सस्ते दामों पर कच्चा तेल खरीदना बाजार के कारण नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के कारण संभव हुआ है। आर्थिक सिद्धांतों के अनुसार महंगाई दर बढने का पहला असर ब्याज दरों पर पड़ता है। और ब्याज दरों में वृद्धि से आर्थिक संवृद्धि में बाधा आती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमरीका और यूरोपीय देशों के द्वारा विभिन्न प्रकार के आर्थिक प्रतिबंध लगाने के बाद दुनिया के अधिकांश मुल्कों द्वारा रूस से तेल और गैस की खरीदी प्रभावित हो गई। अमरीका और यूरोपीय देशों ने यह शर्त लगा दी कि रूस से तेल और गैस खरीदने पर बैंकिंग चैनल अवरुद्ध कर दिया जाएगा और वे देश भुगतान नहीं कर पाएंगे। यही नहीं नवंबर में अमरीका और यूरोपीय देशों ने रूस द्वारा बेचे गए तेल की न्यूनतम कीमत की शर्त लगा दी और कहा कि किसी भी हालत में रूस दूसरे मुल्कों को उस न्यूनतम कीमत से सस्ता नहीं बेचने दिया जाएगा। अमरीका और यूरोपीय देशों का स्विफ्ट भुगतान व्यवस्था पर एकाधिकार है और इसको वे एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, लेकिन भारत ने अमरीका और यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों को धत्ता दिखाते हुए यह कि वो रूस से तेल खरीदना



जारी रखा। गौरतलब है कि भारत रूस से आज 33.28 डालर के डिस्कांउट पर तेल खरीद रहा है। दिलचस्प बात यह है कि अमरीका के अगुवाई वाले जी-7 राष्ट्रों द्वारा लगाई गई न्यूनतम तेल कीमत यानि 60 डालर प्रति बैरल से ज्यादा कीमत पर ही भारत रूस से तेल खरीद रहा है। यानि जी-7 की यह शर्त भारत को रूस से तेल खरीदने से नहीं रोक पाएगी। यूरोपीय देशों ने जब यह प्रतिबंध लगाया कि रूस से तेल खरीदने की सूरत में पश्चिमी देशों की जहाजों और बीमा सेवाओं का उपयोग नहीं किया जा सकेगा, तो भारत ने कहा कि हम गैर पश्चिमी पोत सेवाओं से ही रूस से तेल मंगा लेंगे। जहां तक बैंकिंग चैनलों पर प्रतिबंध का सवाल है, भारत और रूस से आपसी लेन-देन स्विफ्ट के उपयोग के बिना करने का तय किया। भारत और रूस में यह भी सहमति बन गई कि आगे चलकर भारत और रूस रुपए और रूबल में व्यापार कर सकेंगे। दिलचस्प बात यह है कि जहां तेल उत्पादक देश कच्चे तेल की कीमतों को ऊंचा रखने के लिए अपने उत्पादन में कटौती कर रहे हैं, रूस भारत सरीखे एशियाई देशों, जो अमरीका और यूरोप के प्रभाव में नहीं हैं, को तेल बेच रहा है। भारत ने स्पष्ट कहा है कि वो अपने राष्ट्रीय हितों को अहमियत देता है और इस कारण से वो रूस से कच्चा तेल खरीदना जारी रखेगा। गौरतलब है कि भारत अप्रैल माह में युद्ध से पूर्व तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत पर 35 डालर प्रति बैरल के हिसाब से डिस्काउंट पर कच्चा तेल खरीद रहा था। रूस द्वारा भारत को यह आकर्षण इसलिए दिया गया था क्योंकि उसे मालूम था कि केवल भारत ही रूस से तेल खरीद सकता है, क्योंकि वह एक स्वतंत्र विदेश नीति में विश्वास रखता है। हालांकि कई यूरोपीय देशों ने दोहरे मापदंड अपनाते हुए रूस से तेल खरीदना जारी रखा। उधर भारत और कुछ अन्य देशों को तेल बेचते हुए रूस का तेल का बाजार बना रहा। इसका असर यह हुआ कि जहां दुनिया के दूसरे मुल्क 100 डालर से भी महंगा तेल खरीद रहे थे, भारत 33 से 35 डालर के डिस्काउंट पर रूस से तेल खरीद रहा था। ध्यान देने वाली बात यह है कि 2021-22 में भारत का कुल तेल के आयात का बिल 119 अरब डालर था और युद्ध और अन्य कारणों से तेल की बढ़ती कीमतों के चलते इस साल यह बिल कहीं ज्यादा हो सकता था। लेकिन भारत द्वारा अमरीका और यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों को दरकिनार करते हुए न केवल रूस से तेल खरीदना जारी रखा, बल्कि उसमें खासी वृद्धि भी की। भारत अपने कुल तेल जरूरतों का मात्र 0.2 प्रतिशत ही रूस से खरीदता था, नवंबर 2022 तक आते-आते यह खरीद 909403 बैरल पहुंच गई जो भारत की कुल तेल खरीद का 20 प्रतिशत से ज्यादा था। भारत से रूस का तेल का आयात लगातार बढ़ता ही जा रहा है। दिसंबर 7 को विदेश मंत्री जयशंकर ने राज्यसभा में स्पष्ट रूप से यह कहा कि भारत वहां से तेल खरीदेगा जहां से उसे सस्ता मिलेगा। विदेश मंत्री ने यह भी स्पष्ट रूप से कहा कि हम अपनी कंपनियों को रूस से तेल खरीदने के लिए बाध्य नहीं करते, लेकिन कंपनियां वहीं से खरीदेंगी जहां से उनको सबसे सस्ता मिलेगा। उधर यूरोपीय देश भारत की यह कहकर आलोचना करते हैं कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध में गलत का साथ दे रहा है, क्योंकि रूस ने यूक्रेन पर युद्ध किया हुआ है और यूरोपीय प्रतिबंध उसे सबक सिखाने के लिए हैं। भारत का कहना है कि एक तरफ तो भारत कहीं से भी तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र है क्योंकि उसे अपने हितों की सुरक्षा करनी है। यूरोपीय देशों को आईना दिखाते हुए भारत का कहना है कि वे स्वयं तो रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीद रहे हैं और भारत को रूस से तेल न खरीदने की शिक्षा दे रहे हैं। भारत के मंत्री हरदीप पुरी ने यूरोपीय देशों पर तंज कसते हुए कहा कि भारत पूरे महीने में इतना तेल रूस से नहीं खरीदता जितना वे (यूरोपीय देश) एक शाम को खरीद लेते हैं, यानि भारत को यूरोपीय देश नैतिक ज्ञान नहीं दे सकते। इससे पहले जब अमरीका ने ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे तो यह समझते हुए भी कि भारत को ईरान से तेल खरीदने पर फायदा हो सकता है, अमरीका के दबाव में मनमोहन सिंह की अगुवाई वाली यूपीए सरकार की ईरान से तेल खरीदने की ढुलमुल नीति रही और लम्बे समय तक भुगतान न करने के करण भी ईरान से तेल आयात बाधित रहा। अब नरेंद्र मोदी सरकार ने ईरान से तेल खरीद में इजाफा करने की ओर कदम बढ़ाया है। आज जब बड़े विकसित देश अपनी सामरिक और आर्थिक शक्ति के बलबूते दूसरे मुल्कों पर शर्तें और प्रतिबंध लगाने की कोशिश में लगे हैं, भारत अपनी स्वतंत्र आर्थिक, सामरिक और विदेश नीति के आधार पर अपने हितों की रक्षा करने की इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है। यही स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता हमारे विकास और समृद्धि का आधार बन सकती है।

# प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण जरूरी

> दुनिया को पानी का महत्त्व समझाने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1993 से 20 मार्च के दिन को 'विश्व जल दिवस' के रूप में मनाने की शुरुआत की है। मगर सनातन संस्कृति के पौराणिक ग्रंथों में जल व जलाशयों की महिमा का विशेष उल्लेख हुआ है। धार्मिक मान्यताओं में जलस्रोतों को देवतुल्य तथा जल संरक्षण को सर्वोपरि पुण्य कार्य माना गया है। मकर पर विराजमान 'वरुण देव' की जल देवता के रूप में पूजा की जाती है। सन् 2010 में जल दिवस के मौके पर यूएनओ के तत्कालीन सरवराह 'बान की मून' ने कई राष्ट्रों को संबोधित करते हुए कहा था कि जल ही जीवन है। मगर भारतीय सभ्यता में 'जल ही जीवन है' का सिद्धांत अनादिकाल से ही प्रतिपादित है। पैदल यात्रा करने वाले राहगीरों के लिए पेयजल की निःशुल्क व्यवस्था 'प्याऊ संस्कृति' प्राचीन काल से हमारे पूर्वजों का पुण्य सरोकार विश्व के लिए अनूठा उदाहरण है। महर्षि 'याज्ञवल्क्य' ने 'शतपथ ब्राह्मण' ग्रंथ में 'आपो वै प्राणः' प्रसंग के माध्यम से जल को प्राण की संज्ञा दी है। हमारे ऋषियों ने पंच तत्त्वों में जल को सबसे विशिष्ट महत्व देकर अमृत से तुलना की है।

**देवभूमि** हिमाचल प्रदेश को कुदरत ने जिन व्यापक संसाधनों से नवाजा है उनमें सबसे अमूल्य सौगात प्राकृतिक जलस्रोत हैं। प्रदेश में बहने वाली नदियों, खड्डों व प्राकृतिक जलस्रोतों के पानी से पड़ोसी राज्यों की पेयजल सहित सिंचाई की जरूरत भी पूरी हो रही है। निःसंदेह हम अपने पुरखों की कई गौरवशाली परंपराओं के वारिस रहे हैं, लेकिन इस बात में कोई दो राय नहीं कि आधुनिकता की चकाचौंध में पूर्वजों की उन गौरवमयी परंपराओं व रीति-रिवाजों को उपेक्षित करके पश्चिमी तहजीब की दहलीज पर खड़े होने की पुरजोर कोशिश हो रही है। जम्हूरियत के मौजूदा निजाम में इसे विकास कहें या आधुनिकता का खुमार, यह निश्चित तौर पर मंथन का विषय है। गर्मी का मौसम दस्तक देते ही जल संपदा के धनी राज्य हिमाचल को भी पेयजल की किल्लत से जूझना पड़ता है। दुनिया को पानी का महत्त्व समझाने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1993 से 20 मार्च के दिन को 'विश्व जल दिवस' के रूप में मनाने की शुरुआत की है। मगर सनातन संस्कृति के पौराणिक ग्रंथों में जल व जलाशयों की महिमा का विशेष उल्लेख हुआ है। धार्मिक मान्यताओं में जलस्रोतों को देवतुल्य तथा जल संरक्षण को सर्वोपरि पुण्य कार्य माना गया है। मकर पर विराजमान 'वरुण देव' की जल देवता के रूप में पूजा की जाती है। 2010 में जल दिवस के मौके पर यूएनओ के तत्कालीन सरवराह 'बान की मून' ने कई राष्ट्रों को संबोधित करते हुए कहा था कि जल ही जीवन है। मगर भारतीय सभ्यता में 'जल ही जीवन है' का सिद्धांत अनादिकाल से ही प्रतिपादित है। पैदल यात्रा करने वाले राहगीरों के लिए पेयजल की निःशुल्क व्यवस्था 'प्याऊ संस्कृति' प्राचीन काल से हमारे पूर्वजों का पुण्य सरोकार विश्व के लिए अनूठा उदाहरण है। महर्षि 'याज्ञवल्क्य' ने 'शतपथ ब्राह्मण' ग्रंथ में 'आपो वै प्राणः' प्रसंग के माध्यम से जल को प्राण की संज्ञा दी है। हमारे ऋषियों ने पंच तत्त्वों में जल को सबसे विशिष्ट महत्व देकर अमृत से तुलना की है। मगर अफसोस कि अमृत समझे जाने वाले प्राकृतिक जलस्रोतों का शुद्ध जल प्रदूषण का दंश झेल रहा है तथा करोड़ों आबादी की प्यास बुझाने वाले पारंपरिक जलस्रोत अपने वजूद को तरस रहे हैं। भूजल के सतत प्रबंधन को अहमियत देने के लिए भारत सरकार ने 1987 में पहली 'राष्ट्रीय जलनीति' का मसौदा तैयार किया था। जल संसाधनों के कुशल प्रबंधन के लिए अप्रैल 2002 में दूसरी राष्ट्रीय जलनीति बनाई गई। जल संकट को गंभीर खतरा मानते हुए पानी के बेहतर प्रबंधन एवं संरक्षण हेतु 2012 में तीसरी राष्ट्रीय जलनीति के तहत पानी के निजीकरण को विस्तार दिया गया। भूजल संसाधनों के वैज्ञानिक और सतत विकास प्रबंधन के लिए 1970 में केंद्रीय भूजल बोर्ड की स्थापना भी की गई थी। पानी की गंभीर चुनौतियों से निपटने तथा लोगों को पेयजल सुविधा मुहैया कराने के लिए 'जल शक्ति मंत्रालय' का गठन भी किया गया है। वर्तमान में इस मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 'कार्यात्मक घरेलु नल कनेक्शन' पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पेयजल की आपूर्ति के लिए गांवों में पाइपों के जाल बिछ चुके हैं। हजारों की तादाद में सरकारी व निजी हैंडपंप लगाए जा चुके हैं, मगर इसके बावजूद लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ता है। स्मरण रहे कि हमारे पुरखे जल आपूर्ति के लिए जल विभाग या जल मंत्रालयों पर निर्भर नहीं थे। पूर्वजों द्वारा पेयजल संग्रहण की सदियों पुरानी उत्तम पद्धति बावडियां व खातरियां आदि हिमाचल के गांवों में आज भी मौजूद हैं। इन पारंपरिक जलस्रोतों के गुणवत्तायुक्त शुद्ध पेयजल का आज भी कोई विकल्प नहीं है। कृषि भूमि में सिंचाई व्यवस्था के लिए जल प्रबंधन की पुरातन प्रणाली हिमाचल में 'कूहल' के नाम से विख्यात रही है। बावडियां, कुएं व तालाब आदि जल संरचनाओं के जरिए हर गांव को जलतंत्र विकसित करके पूर्वजों ने अनूठी मिसाल कायम की थी। इंसानों के अलावा जीव-जंतु, पशु-पक्षी तथा जंगली जानवरों के पानी को तलाशते सूखे हलक भी इन्हीं जल संसाधनों पर तर होते थे। ग्रामीण संस्कृति से गहरा नाता रखने वाले पारंपरिक जलस्रोतों का कृषि अर्थतंत्र को मुन्नवर करने में भी मुख्य किरदार रहा है। कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी जलाशयों के तटों पर होता आया है। मगर विडंबना है कि हमारे समाज की जीवनशैली में अंग्रेजी तहजीब इस कदर मुश्तमिल हुई कि अपने पूर्वजों की बेशकीमती विरासत पारंपरिक जलस्रोतों को खैरात में मिला गुजरे जमाने का नजऱाना समझ कर नजऱअंदाज कर दिया गया। विनाश को अंजाम देने वाले जबरन विकास की आंधी में मशीनीकरण के प्रहारों से भूमिगत प्राकृतिक जलधाराएं लुप्त हो रही हैं। नतीजतन बावडियां, चश्में व झरने आदि जल सरंचनाओं का अस्तित्व भी लुप्त होने की कगार पर पहुंच चुका है। खनन माफिया की बढ़ती दखलअंदाजी ने खड्डों व नालों का प्राकृतिक स्वरूप बिगाड़ दिया है। उद्योगों व आग उगल रही फैक्टरियों से उत्पन्न जहरनुमा प्रदूषण से नदियों, खड्डों व प्राकृतिक जलस्रोतों का पानी दूषित हो चुका है। सैकड़ों सरकारी हैंडपंप व पेयजल परियोजनाएं दम तोड़ रही हैं। अतः पहाड़ों में बसे सैकड़ों गांवों की पेयजल आपूर्ति का जरिया पुनः प्राकृतिक जलस्रोत ही बनेंगे। इनका वजूद बचाने में समाज के साथ शासन व प्रशासन को संगीदगी दिखानी होगी। ज्ञात रहे पेयजल की शदीद गर्दिश कई देशों में लाखों आबादी के पलायन का कारण बनी है। लिहाजा अपनी बदहाली पर अश्क बहा रहे पारंपरिक जलस्रोतों की खामोशी भविष्य में बड़े जल संकट की आहट का इशारा करती है। इससे सबक लेने की जरूरत है। पहाड़ के पानी से मरुस्थलों की तकदीर बदलने वाले हिमाचल में जल प्रबंधन की सदियों पुरानी कारगर तदबीर पारंपरिक जलस्रोत जलसंकट से उबारने में पूरी तरह सक्षम है। अतः जल प्रबंधन की परिपाटी का उच्च स्तर तथा धार्मिक गौरव व आध्यात्मिक महत्त्व को समेटे मुकद्दस पारंपरिक जलस्रोतों का अस्तित्व बचाना होगा। पुरखों की अमूल्य विरासत पेयजल तंत्र की उत्तम व्यवस्था पनघट संस्कृति के जीर्णोद्धार के लिए यदि सरकारी दरवाजे खुले तो जल संकट का यकीनी तौर पर समाधान हो सकता है।

## देश दुनीया से

# नई बर्फीली झीलों से संकट में आबादी

**गरमाती** पृथ्वी की वजह से हिमखंडों के टूटने का सिलसिला आगे भी जारी रहा तो समुद्र का जलस्तर बढ़ेगा, जिससे कई लघुद्वीप और समुद्रतटीय शहर डूबने लग जाएंगे। हालांकि वैज्ञानिक अभी तक यह निश्चित नहीं कर पाए हैं कि इन घटनाओं को प्राकृतिक माना जाए या जलवायु परिवर्तन का नतीजा। तापमान बढ़ने के साथ पूरी दुनिया में ग्लेशियर यानी हिमखंड बहुत तेजी से पिघल रहे हैं। नतीजतन, समूचे बर्फीले इलाकों में नवीन झीलों का निर्माण हो रहा है। इन झीलों के फटने की घटना घटती है तो इन ग्लेशियरों के पचास किलोमीटर के दायरे में रहने वाले दुनिया के डेढ़ करोड़ लोगों के लिए यह बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इन हिमखंडों में से आधे भारत, पाकिस्तान, चीन और पेरू में हैं। नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित ब्रिटेन स्थित न्यूकासल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों केअध्ययन में कहा गया है कि खतरे का सामना कर रही दुनिया की पचास फीसद यानी पचहत्तर लाख की आबादी भारत समेत इन चार देशों में रहती है। भारत में तीस लाख और पाकिस्तान में बीस लाख लोग इससे प्रभावित हो सकते हैं। इस रिपोर्ट में उत्तराखंड के चमोली में फरवरी 2021 में हुई घटना का भी हवाला दिया गया है। सबसे ज्यादा खतरा तिब्बत के पठार से लेकर चीन तक है। इस इलाके में तिरानबे लाख लोग रहते हैं। ध्रुवीय क्षेत्र के बाहर कुल ग्लेशियरों में से आधे पाकिस्तान में हैं। 2022 में गिलगिट-बाल्टिस्तान क्षेत्र में ग्लेशियर फटने की सोलह घटनाएं हुई हैं। हालांकि इस रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि 2022 में पाकिस्तान में आई बाढ़ के लिए हिमखंड का पिघलना कितना जिम्मेदार है। न्यूजीलैंड के कैंटरबरी विवि के प्राध्यापक टाम राबिनसन का कहना है कि ग्लेशियर झील का फटना जमीनी सुनामी की तरह है। इसका असर किसी बांध के फटने जैसा दिखाई देगा। सबसे बड़ा संकट यह है कि यह संकट बिना कोई पूर्व चेतावनी के कहर बरपा सकता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से बर्फ के पिघलने से बनने वाली झीलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी अनुपात में इनके जलग्रहण क्षेत्रों में भी आबादी बढ़ती रही है। जानकारों का दावा है कि उतना खतरा झीलों के फटने से नहीं है, अलबत्ता इन झीलों के निकट जनसंख्या का दबाव बढ़ जाने के कारण है। भारत के हिमालयी क्षेत्र में स्थित सतलुज नदी घाटी में हिमखंडों के पिघलने से ऐसी झीलों की संख्या बढ़ रही है, जो भविष्य में बाढ़ और तबाही का बड़ा खतरा बन सकती है। इन बर्फीली वादियों में 273 नई झीलें बनी हैं। मानसरोवर से नाथपा झाकड़ी तक कुल 1632 झीलें गिनी गई हैं। इनमें से सत्रह झीलें खतरे के निशान तक पहुंच गई हैं, जिनमें से आठ चीन के कब्जे वाले तिब्बत क्षेत्र में हैं। इनका क्षेत्रफल पांच हेक्टेयर तक है। ये झीलें सतलुज के पानी को बढ़ा कर बड़ा नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए ये झीलें हिमाचल समेत अन्य हिमालयी राज्यों के लिए खतरे की घंटी हैं। देश व प्रदेश के भूविज्ञानी हिमालयी क्षेत्र की चार घाटियों चिनाब, ब्यास, रावी और सतलुज में हिमखंड पिघलने से बनी झीलों की निगरानी में लगे हैं।

> तापमान बढ़ने के साथ पूरी दुनिया में ग्लेशियर यानी हिमखंड बहुत तेजी से पिघल रहे हैं। तनीतजन, समूचे बर्फीले इलाकों में नवीन झीलों का निर्माण हो रहा है। इन झीलों के फटने की घटना घतटी है तो इन ग्लेशियरों के पचास किलोमीटर के दायरे में रहने वाले दुनिया के डेढ़ करोड़ लोगों के लिए यह बहुत बड़ा खतरा बन सतका है। इन हिमखंडों में से आधे भातर, पाकिस्तान, चीन और पेरू में हैं। नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकातिश ब्रिटेन स्तिथ न्यूकासल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों केअध्ययन में कहा गया है कि खतरे का सामना कर रही दुनिय की पचास फीसद यानी पचहत्तर लाख की आबादी भातर समेत इन चार देशों में रतही है। भातर में तीस लाख और पाकिस्तान में बीस लाख लोग इससे प्रभावित हो सतके हैं। इस रिपोर्ट में उत्तराखंड के चमोली में फरवरी 2021 में हुई घटना का भी हवाला दिया गया है।

## कुछ अलग

# पर्यटन की नई बस्तियां

**संकल्पों** के रथ को विजयी बनाने की दृष्टि से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की दिल्ली यात्रा की सुर्खियां ईमानदार और प्रभावशाली वकालत कर रही हैं। हिमाचल को ढांचागत विकास के लिए केंद्र का हाथ चाहिए और इसलिए सरकार केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करके अपना पक्ष मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री स्पष्टता से यह जानते हैं कि अगले पांच सालों के रिपोर्ट कार्ड में केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से क्या मांगना है या पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी के राष्ट्रीय खाके में हिमाचल को कैसे उभारना है। केंद्र सरकार से हिमाचल के रिश्तों की पैरवी भले ही हर सरकार के दौर में हुई हो, लेकिन इस बार योजना प्रारूप, संकल्प, लक्ष्य तथा इच्छा शक्ति का स्तर एक अलग भूमिका में परिलक्षित हो रहा है। अब तक के फैसलों की फेहरिस्त में सरकार की इच्छा शक्ति देखें, तो तमाम राजनीतिक गारंटियों के बावजूद ऐसे संकल्प सामने आ रहे हैं, जहां मुख्यमंत्री ग्रीन राज्य की बुनियाद पर पर्यटन की नई बस्तियां ढूंढ रहे हैं। फोरलेन व अन्य सडक़ परियोजनाओं के अलावा अगर एयरपोर्ट विस्तार की दिशा में सफलता मिलती है, तो पर्यटन के कई अनछुए पहलू उजागर होंगे। इस दिशा में वाइब्रेंट विलेज, धार्मिक तथा धौलाधार पर्यटन की शिनाख्त में एक बड़ा प्रयास निश्चित है। जाहिर तौर पर 'विलेज टूरिज्म' के रास्ते हिमाचल अपनी खासियत, प्राकृतिक संपदा, लोक संस्कृति, ग्रामीण आर्थिकी व दस्तकारी को भी नए आयाम तक पहुंचा सकता है। इसी तरह धौलाधार पर्यटन के माध्यम से संभावनाओं की तलाशी, पूरे उद्योग की स्थिति बदल सकती है। ऐसा एक प्रयास शांता कुमार के केंद्रीय मंत्री रहते हुए भी शुरू हुआ था, लेकिन उनके मंसूबे पूरे नहीं हुए। अब टेंट सिटी को लेकर धौलाधार क्षेत्र में पर्यटन के खजाने का फिर से पता खोजा जा रहा है। खास बात यह है कि पहली बार पर्यटन को कांगड़ा के मार्फत विकसित होते देखा जा रहा है, तो नई परियोजनाओं के सिंहासन पर आशाएं विराजित हो रही हैं। मसलन अगर गरली-परागपुर के समीप गोल्फ कोर्स स्थापित करने में सरकार की मेहनत रंग लाती है, तो इसके आगामी कदमों में कालेश्वर धाम का विकास तथा धरोहर गांव के संरक्षण में प्रदेश की पहली फिल्म सिटी रूपांतरित हो सकती है। हालांकि कांगड़ा जिला इससे पूर्व घोषित रूप से शीतकालीन व खेल राजधानी जैसी उपमाओं से नवाजा जा चुका है, लेकिन लोग आज तक पलक पांवडे बिछा कर केवल इंतजार ही करते रहे हैं। दरअसल कांगड़ा को केवल जिला के रूप में देखने के बजाय इसकी पृष्ठभूमि से जुड़ते हमीरपुर, ऊना, चंबा तथा साथ लगते मंडी को नई संभावनाओं से देखें तो कई ट्रैवल या टूरिज्म सर्किट बन जाएंगे। हिमाचल के पर्यटन की दिशा में बढ़ते कदमों के साथ उन तमाम परंपराओं को भी निखारना होगा, जो वर्षों से हमारे साथ प्रदेश की बहुरंगी तस्वीर में रंग भर रही हैं। प्रदेश के मेलों, सांस्कृतिक व धार्मिक समारोहों को इनकी समग्रता में देखने का प्रयास ही नहीं हुआ, वरना शिवरात्रि, नलवाड़ी, मिंजर, दशहरा व रेणुका जी के वार्षिक समारोहों के अलावा ग्रामीण मेलों पर आधारित पर्यटन, अपने साथ व्यापारिक मेलों का शृंगार भी कर सकता है।

> मुख्यमंत्री स्पष्टता से यह जानते हैं कि अगले पांच सालों के रिपोर्ट कार्ड में केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से क्या मांगना है या पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी के राष्ट्रीय खाके में हिमाचल को कैसे उभारना है। केंद्र सरकार से हिमाचल के रिश्तों की पैरवी भले ही हर सरकार के दौर में हुई हो, लेकिन इस बार योजना प्रारूप, संकल्प, लक्ष्य तथा इच्छा शक्ति का स्तर एक अलग भूमिका में परिलक्षित हो रहा है। अब तक के फैसलों की फेहरिस्त में सरकार की इच्छा शक्ति देखें, तो तमाम राजनीतिक गारंटियों के बावजूद ऐसे संकल्प सामने आ रहे हैं।

## नागरिक बोध

# कश्मीर में बदलाव की बयार के बीच स्कुलो में हिंदी पाठ्यक्रम की शुरुआत

**न्यायपालिका** की अभी तक आधिकारिक भाषा अंग्रेजी ही बनी हुई है। लेकिन उच्च न्यायालयो में होने वाली बहस फरियादी और प्रतिवादी का मुह टुकर टुकर ताकते रहते है । हिंदी राष्ट्रभाषा है। इसका ज्ञान होना हरेक नागरिक का अधिकार है। कश्मीर को लहूलुहान करने में पाकिस्तान ने कोई कोरकसर नही छोड़ी।स्कुलो में पढ़ाई जाने वाली हिंदी को दरकिनार किया गया। 1990 के दशक के बाद कश्मीर पंडितों के पलायन शुरू होने के बाद कश्मीर की वादियो का अमन चैन छीन लिया गया। हिंदी को अब 32 वर्षो बाद पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की कवायद शुरू हो गई है। राज्य शिक्षा परिषद ने कमेटी बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आगामी दिनों में तीन हजार से ज्यादा स्कुलो में हिंदी पढ़ाई जाने की सिफारिश की गई है। तेईस हजार से ज्यादा स्कूल है। कश्मीर में 1990 के बाद से हिंदी शिक्षक नही है। जिसके कारण इस विषय के लिए कठिन राह है। घाटी में उर्दू और कश्मीरी भाषा मे पढ़ाई होती है। कश्मीर में हिंदी भाषा का विरोध किया गया है तो इसका समर्थन भी हुआ है। कश्मीर में हिंदी पाठ्यक्रम को लेकर अलगावादियों का कलेजा कांप उठा है तो पाकिस्तान की नीयत में खोट झलक रही है। हिंदी राष्ट्रभाषा है और कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है तो यहाँ हिंदी पढ़ाई जाए तो कोई हर्ज नही है। हिन्दी की पढ़ाई लिखाई में विरोध ही सही है। प्रयास शुरू हो गया है। इस विरोधाभाषी नतीजों के बाद हिन्दी के लिए सुनहरा मार्ग खुलेगा। इस तरह की पहल विश्वविद्यालयों में ही होनी चाहिए। उत्तरप्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेश में हाईकोर्ट में हिंदी में कार्य होते है। उतराखण्ड, झारखण्ड और छत्तीसगढ़ में कोर्ट में हिंदी भाषा का ज्यादा उपयोग की संभावनाएं रही है। हिंदी अब वैश्विक भाषा बनती जा रही है। प्रवासी भारतीयों के बोल और हिंदी लहजे ने विदेशी धरती पर भी हिंदी के झंडे गाड़ना शुरू कर दिया है। हिंदुस्तान की आधिकारिक हिंदी भाषा घर घर की भाषा बनेगी। इसमें कोई दोहराय नही है। बिना किसी के विरोध से हिंदी भाषा का स्थापन होना चाहिए।कश्मीर की घाटियों में हिंदी गूंजने का समय आ गया है। संस्कृत भाषा का पाठ्यक्रम जरूरी कर देना चाहिए। क्योंकि संस्कृत के नाभिनाल में ही देशी भाषा का प्रादुर्भाव हुआ है।



# अमेरिका के आसमान में एलियंस!: हफ्तेभर में चार अज्ञात वस्तुओं को मार गिराने पर व्हाइट हाउस का बयान, कही ये बात

**वॉशिंगटन।**

**अमेरिका में पिछले हफ्ते चीन के एक जासूसी गुब्बारे को मार गिराने के बाद देश की वायुसेना अब तक इसी तरह तीन और अज्ञात वस्तुओं को आसमान में ही ध्वस्त करने की कार्रवाई कर चुकी है। एक दिन पहले ही जब अमेरिका के उत्तरी हवाई क्षेत्र के रक्षा कमान के प्रमुख वायुसेना जनरल ग्लेन वानहर्क से पूछा गया कि क्या आसमान पर उड़ने वाले जिन अज्ञात वस्तुओं को मार गिराया गया, वे एलियंस से जुड़ी थी तो उन्होंने इसकी संभावना से इनकार नहीं किया था।**

उनके इस तरह सवाल से बचने के बाद पूरी दुनिया में इसे लेकर हलचल मची है कि अमेरिका के आसमान में सच में एलियन यूएफओ देखी गई हैं। हालांकि, अब इन अटकलों पर अमेरिका के राष्ट्रपति भवन की तरफ से विराम लगा दिया गया है।

व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अमेरिका के आसमान में वायुसेना की कार्रवाई में किसी तरह की एलियन या परग्रही उड़नतश्तरियों के उड़ने का कोई सबूत नहीं मिला है। हम बताना चाहते हैं कि सभी अमेरिकी लोग यह जान लें, क्योंकि इस बारे में काफी चर्चा हो रही है, जिस पर स्थिति स्पष्ट करना जरूरी था।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने रिपोर्टर्स से कहा, हमें पता है कि लोगों के मन में इसे लेकर सवाल और चिंताएं हैं। लेकिन हाल ही में हुई सैन्य कार्रवाइयों में एलियंस से जुड़ी किसी गतिविधि के सबूत नहीं मिले हैं।

### क्या बोले थे अमेरिकी वायुसेना जनरल

ग्लेन वानहर्क ने कहा, वह इस संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं कि अमेरिकी सेना द्वारा मार गिराई गई वस्तुएं एलियंस नहीं हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि खुफिया विशेषज्ञ उसका अध्ययन किस प्रकार करते हैं। मैं इस बारे में पता लगाने की जिम्मेदारी खुफिया विभाग और वैज्ञानिक समुदाय पर छोड़ता हूं। फिलहाल हम अमेरिका की तरफ आने वाले सभी अनजान खतरों और संभावित खतरों की पहचान कर उनकी जानकारी जुटाते हैं।

### रविवार को भी देखा गया था ऑब्जेक्ट

बता दें, अमेरिकी एयर स्पेस में संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारा देखे जाने के बाद संदिग्ध ऑब्जेक्ट एक के बाद एक सामने आ रहे हैं। बीते रविवार को भी अमेरिकी सेना ने एक ऑब्जेक्ट को अमेरिका-कनाडाई सीमा पर हूरोन झील के ऊपर देखा गया था और इसी मार गिराया।

## न्यूज ब्रीफ

### सैन्य सरकार देगी आम लोगों को बंदूक का लाइसेंस, अच्छे चरित्र का व्यक्ति होना जरूरी



**बैंकॉक।** म्यांमार में जल्द ही आम नागरिक भी लाइसेंसी हथियार रख सकेंगे। देश की सैन्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों, रिटायर्ड सैन्य कर्मियों और आमलोगों को लाइसेंसी हथियार देना का फैसला लिया है।
म्यांमार सरकार ने देश के प्रति वफादार नागरिकों को ही लाइसेंस के लिए आवेदन करने की अनुमति दी है। अच्छे नैतिक चरित्र के अलावा नगारिक राज्य की सुरक्षा में गड़बड़ी में शामिल नहीं होना चाहिए। साथ ही लाइसेंस लेने वाले की उम्र कम से कम 18 साल होनी चाहिए। साथ ही अभी यह भी स्पष्ट नहीं है क यह कानून कब प्रभावी होगा। सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन तुन ने बीबीसी बर्मी-भाषा सेवा को नीति की पुष्टि करते हुए कहा कि इसे जारी करने की आवश्यकता है, क्योंकि कुछ लोग सैन्य-विरोधी समूहों द्वारा हमलों से बचाने के लिए हथियार की मांग कर रहे थे। 1988 में बड़े पैमाने पर असफल लोकतंत्र समर्थक विद्रोह के बाद सेना ने नागरिकों के लिए बंदूक लाइसेंस रद्द कर दिया था। लोग नई नीति के तहत 9 एमएम पिस्टल और .38 कैलिबर समेत शॉटगन एवं एयर गन के हथियारों के लिए लाइसेंस ले सकते हैं। म्यांमार की सेना ने एक फरवरी 2021 को नई सरकार बनाने जा रहे निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को हिरासत में लेकर सत्ता पर कब्जा जमा लिया था। उसके बाद से गंभीर होती गई आर्थिक स्थितियों के बीच देश के लोगों को असाधारण महंगाई और जरूरी चीजों के अभाव का सामना करना पड़ा है। इस बीच कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपना कारोबार समेट कर म्यांमार से बाहर चली गई हैं। रिसर्च संस्था टोरिनो वर्ल्ड अफेयर्स इंस्टीट्यूट की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक फरवरी 2021 से दिसंबर 2022 के बीच 28 बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने या तो देश में अपना कारोबार पूरी तरह बंद कर दिया या उसे स्थगित कर रखा है।

### इमरान सरकार में विदेश नीति चला रही थी पाकिस्तानी सेना रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर हुआ बड़ा खुलासा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पूर्व सेना अध्यक्ष कमर जावेद बाजवा पर एक बार फिर हमला बोला है। पीटीआई चीफ ने दावा किया कि जब वह मॉस्को के दौरे से वापस लौटे थे तो बाजवा ने उन्हें रूस के यूक्रेन पर हमले की निंदा करने को कहा था। इमरान खान ने दावा किया कि उनकी रूस दौरे पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सस्ती दर पर तेल खरीदने को लेकर बातचीत हुई थी लेकिन जब वह वापस लौटे तो तत्कालीन सेना चीफ कमर जावेद बाजवा ने उनसे रूस के यूक्रेन पर हमले की निंदा करने को कहा था। बता दें कि रूस ने जब यूक्रेन पर हमला किया ही तो उसी दौरान इमरान खान ने बतौर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रूस का दौरा किया था। एक वीडियो में इमरान खान ने बताया कि उन्होंने तत्कालीन जनरल कमर जावेद बाजवा को भारत की तरह तटस्थ रहने को कहा था लेकिन इसके बावजूद बाजवा ने रूस की आलोचना शुरू कर दी।

### मिशिगन में यूनिवर्सिटी कैंपस में गोलीबारी, तीन की मौत, कई के घायल होने की खबर



**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन में स्थित स्टेट यूनिवर्सिटी कैंपस में गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावर अकेला था और फिलहाल फरार है, जिसे पकड़ने के लिए पुलिस सर्चिंग अभियान चला रही है। घटना सोमवार रात की है। वहीं यूनिवर्सिटी पुलिस ने घटना को सामूहिक गोलीबारी की घटना होने से इनकार किया है और बताया कि गोलीबारी दो जगह हुई। इनमें से एक एकेडमिक बिल्डिंग, जिसे बर्के हॉल और एथलेटिक फैसिलिटी सेंटर पर हुई है। गोलीबारी में घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावर ने गोलीबारी के समय मास्क पहना हुआ था और वह गोलीबारी कर मौके से फरार हो गया।

# 250 की रफ्तार से हवाएं, बाढ़ में डूबे घर, तस्वीरों में न्यूजीलैंड में आए तूफान की तबाही

**वेलिंगटन।**

न्यूजीलैंड में समुद्री तूफान गेब्रियल का असर दिखने लगा है। इससे भारी तबाही होने की आशांका जताई गई है। यही कारण है कि न्यूजीलैंड सरकार ने आपातकाल घोषित कर दिया है। न्यूजीलैंड के इतिहास में यह तीसरी बार है जब राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की गई है। अन्य दो आपातकाल 2019 में क्राइस्टचर्च आतंकी हमले और 2020 में कोविड महामारी को दौरान लगाए गए थे।

गेब्रियल तूफान के चलते यहां कई-कई फीट ऊंची लहरें उठ रही हैं और भारी बारिश भी हो रही है। 600 से ज्यादा फ्लाइट्स अब तक कैंसिल हो चुकी हैं। तूफान के चलते देश के उत्तरी इलाकों में 250 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलीं। ऑकलैंड शहर में हवा की रफ्तार मंगलवार सुबह 110 किलोमीटर प्रति घंटा रही।

उत्तरी इलाके में करीब 40 हजार घरों में बिजली सप्लाई ठप हो गई गई है। तूफान के चलते व्यापक बाढ़ और भूस्खलन का खतरा पैदा हो गया है। आइए जानते हैं इस तूफान के चलते न्यूजीलैंड में तबाही का क्या आलम है इसका कितना असर पड़ा है

न्यूजीलैंड में समुद्री तूफान गेब्रियल का असर दिखने लगा है। इससे भारी तबाही होने की आशांका जताई गई है। यही कारण है कि न्यूजीलैंड सरकार ने आपातकाल घोषित कर दिया है। न्यूजीलैंड के इतिहास में यह तीसरी बार है जब राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की गई है। अन्य दो आपातकाल 2019 में क्राइस्टचर्च आतंकी हमले और 2020 में कोविड महामारी को दौरान लगाए गए थे।

गेब्रियल तूफान के चलते यहां कई-कई फीट ऊंची लहरें उठ रही हैं और भारी बारिश भी हो रही है। 600 से ज्यादा फ्लाइट्स अब तक कैंसिल हो चुकी हैं। तूफान के चलते देश के उत्तरी इलाकों में 250 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलीं। ऑकलैंड शहर में हवा की रफ्तार मंगलवार सुबह 110 किलोमीटर प्रति घंटा रही।

उत्तरी इलाके में करीब 40 हजार घरों में बिजली सप्लाई ठप हो गई गई है। तूफान के चलते व्यापक बाढ़ और भूस्खलन का खतरा पैदा हो गया है। आइए जानते हैं इस तूफान के चलते न्यूजीलैंड में तबाही का क्या



आलम है इसका कितना असर पड़ा है

### उत्तरी द्वीप के अधिकांश हिस्से बुरी तरह प्रभावित

भारी बारिश और तेज हवाओं के चलते हजारों घरों में बिजली नहीं आ रही है। आपातकालीन प्रबंधन मंत्री कीरन मैकअनल्टी ने कहा कि यह एक अभूतपूर्व मौसम घटना है जिसका उत्तरी द्वीप के अधिकांश हिस्सों में बड़ा प्रभाव पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने मदद के लिए 60 करोड़ 37 लाख 83 हजार रुपए के राहत पैकेज की घोषणा की है। साथ ही कोस्ट लाइन के पास वाले इलाकों में रहने वाले लोगों से सुरक्षित जगहों पर जाने की अपील की है। 15 दिन पहले यानी 30 जनवरी 2023 को न्यूजीलैंड में भारी बारिश हुई थी। इसके बाद वहां बाढ़ आ गई थी। सड़कें जाम हो गईं थीं, घरों में पानी भर गया था। ऑकलैंड में चार लोगों की मौत हो गई थी।

### काफी अधिक बारिश होने का अनुमान

न्यूजीलैंड के आपातकालीन प्रबंधन मंत्री ने कहा, हम आज और अधिक बारिश और तेज हवाएं चलने की उम्मीद कर रहे हैं। रविवार से, हम राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी प्रभावित क्षेत्रों की स्थानीय नागरिक सुरक्षा आपातकालीन प्रबंधन (सीडीईएम) टीमों के साथ संपर्क में थे ताकि इस बारे में जरूरी घोषणा की आवश्यकता का आकलन किया जा सके। मंगलवार का यह दिन है, जब राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करना पड़ा है। मुझे लगता है कि हमारी व्यवस्थाओं का मानदंड अब पूरा हो गया है और एक राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति मददगार साबित होगी।

### एक फायर फाइटर लापता, एक की हालत गंभीर

न्यूजीलैंड फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज ने कहा कि वेस्ट ऑकलैंड में एक घर गिरने के बाद एक फायर फाइटर लापता है और दूसरे की हालत गंभीर है। दमकल सेवा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केरी ग्रेगरी ने कहा कि पूरे उत्तरी द्वीप के लिए सोमवार की रात एक कठिन रात रही, लेकिन यह फायर और आपातकाल सेवा के लिए ज्यादा कठिन रही। खराब मौसम की वजह से सोमवार को उड़ानें बंद हो गईं, लेकिन एयर न्यूजीलैंड ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि मंगलवार दोपहर से कुछ सेवाएं फिर से शुरू हो जाएंगी।

**सऊदी अरब की महिला एस्ट्रोनॉट स्पेस स्टेशन जाएगी**

# रेयाना बरनावी की ट्रेनिंग जारी, इसी साल यूएस से टेकऑफ करेगी फ्लाइट



**रियाद।**

सऊदी अरब पहली बार किसी महिला एस्ट्रोनॉट को स्पेस में भेजने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए रेयाना बरनावी नाम की महिला एस्ट्रोनॉट को चुना गया है। वो इस साल के आखिर में स्पेस स्टेशन जाएंगी।

यह जानकारी सऊदी न्यूज एजेंसी ने जारी की है। मिशन में अली अल करानी नाम के दूसरे एस्ट्रोनॉट रेयाना का साथ देंगे। दोनों नाम के स्पेस मिशन का हिस्सा होंगे। ये अमेरिका से टेकऑफ करेगा।

### ह्यूमन स्पेस फ्लाइट प्रोग्राम

सऊदी अरब ये स्पेस मिशन सऊदी ह्यूमन स्पेस फ्लाइट प्रोग्राम के तहत कर रहा है। इसके जरिए सऊदी स्पेस फ्लाइट और साइंटिफिक रिसर्च के अलग-अलग फील्ड में हिस्सेदारी बढ़ाना चाहता है। इसके पीछे एक वजह ये भी है कि 2019 में संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई के अंतरिक्ष यात्री हज्जा अल मंसूरी भी आठ दिन इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर बिताकर आए थे। सऊदी अरब भी उन देशों में शामिल होना चाहता है जहां से एस्ट्रोनॉट स्पेस स्टेशन गए हों।

### 1986 में सुल्तान बिन सलमान भी स्पेस गए थे

इससे पहले साल 1986 में सुल्तान बिन सलमान न सिर्फ सऊदी और पूरे अरब वर्ल्ड से अंतरिक्ष जाने वाले पहले व्यक्ति बने थे। उन्होंने अमेरिका के स्पेस मिशन प्रोग्राम में हिस्सा लिया था। सुल्तान ने सात दिन स्पेस में बिताए थे।

### छवि बदल रहा है सऊदी

सऊदी अरब ने देश में महिलाओं की स्थिति को सुधारने के लिए हाल के समय में कई बदलाव किए हैं। इसी कड़ी में अब महिला एस्ट्रोनॉट को स्पेस भेजने का फैसला किया है। इससे पहले 2018 में पहली बार देश में महिलाओं को ड्राइविंग की इजाजत दी गई।

साथ ही पहली बार महिलाओं को किसी पुरुष गार्जियन के बिना अकेले घूमने की इजाजत मिली। सऊदी अरब की महिलाओं अब खुद पासपोर्ट के लिए भी आवेदन कर सकती हैं। पहले इस पर भी पाबंदी थी।

# इक्वेटोरियल गिनी में टूटा मारबर्ग वायरस का कहर, कोरोना से भी है ज्यादा खतरनाक

**मलाबो।**



**अफ्रीकी देश इक्वेटोरियल गिनी में मारबर्ग वायरस का कहर टूटा है। इस वायरस के संक्रमण के चलते अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है और बड़ी संख्या में लोग बीमार हैं। बता दें कि मारबर्ग वायरस संक्रमण के लक्षण इबोला वायरस की तरह हैं। जिसमें मरीज को बुखार, छाती में दर्द की समस्या रहती है। हालात बिगड़ने पर मरीज की मौत भी हो जाती है।**

डब्लूएचओ ने बयान जारी कर कहा है कि मारबर्ग वायरस का इतने बड़े पैमाने पर यह पहला संक्रमण फैला है। प्रभावित इलाकों में एडवांस टीमें तैनात कर दी गई हैं, जो वायरस संक्रमितों की पहचान कर उन्हें आइसोलेट कर रही है और उन्हें इलाज भी मुहैया करा रही हैं।

मारबर्ग वायरस कितना खतरनाक साबित हो सकता है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि डब्लूएचओ ने स्वास्थ्य आपातकाल विशेषज्ञ, संक्रमण को फैलने से रोकने वाली टीमें, लैब और कम्यूनिकेशन सपोर्ट सिस्टम मारबर्ग वायरस से प्रभावित इलाकों में तैनात कर दी हैं ताकि इसके प्रसार को रोका जा सके।

डब्लूएचओ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मातशिदिसो मोइती ने बताया कि मारबर्ग वायरस का संक्रमण तेजी से फैलता है और इसके संक्रमण की मृत्यु दर 88 फीसदी तक जा सकती है। मारबर्ग वायरस, इबोला वायरस परिवार से ही संबंधित है। इस वायरस के संक्रमण के लक्षणों की बात करें तो इसमें मरीज को तेज बुखार, सिरदर्द की समस्या होती है। कई मरीजों में संक्रमण के सात दिनों के भीतर हेमेरेजिक लक्षण भी दिख सकते हैं।

यह वायरस चमगादड़ों से इंसानों में फैला है और संक्रमित मरीज के संपर्क में आने से यह अन्य लोगों में भी फैल सकता है। अभी तक इस वायरस का कोई इलाज या वैक्सीन उपलब्ध नहीं है लेकिन समय पर इलाज मिलने से मरीज की जान बच भी सकती है।

# अमेरिका की वॉर्निंग- रूस से तुरंत लौटें यूएस सिटीजन: कहा- बेवजह अमेरिकी नागरिकों को पकड़ रहा रूस, बिना सबूत दे रहा सजा

**मॉस्को।**

रूस-यूक्रेन जंग को देखते हुए अमेरिका ने रूस में रह रहे अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने को कहा है। अमेरिका ने आशंका जताई है कि रूसी अधिकारी बिना किसी वजह के गलत तरह से अमेरिकी नागरिकों को गिरफ्तार कर सकते हैं, जिसे देखते हुए मॉस्को में स्थित अमेरिकी ऐंबैसी ने चेतावनी जारी की है। साथ ही किसी भी नागरिक को रूस न जाने की सलाह दी गई है।

### अमेरिकी धार्मिक कार्यकर्ताओं पर हो रही झूठी कार्रवाई

ऐंबैसी ने कहा- रूसी अधिकारियों ने झूठे आरोपों पर अमेरिकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई से वंचित रखा जा रहा है। सुनवाई के दौरान सबूत न होने पर भी उन्हें दोषी ठहराया जा रहा है। साथ ही रूसी




अधिकारियों ने मनमाने ढंग से अमेरिकी धार्मिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ स्थानीय कानूनों को लागू किया है और धार्मिक एक्टीविटीज में लगे अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ संदिग्ध आपराधिक जांच कर रहे हैं।

### पिछले साल भी जारी हुई थी चेतावनी

रूस ने कहा कि ये पहली बार नहीं है जब अमेरिकी नागरिकों को रूस छोड़ने के लिए कहा गया है। इस तरह की चेतावनी पिछले साल सितंबर में भी जारी की गई थी जब राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस में आंशिक लामबंदी का आदेश दिया था। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने कहा कि अमेरिका की ये चेतावनी कोई नई बात नहीं है क्योंकि वो ऐसा पहले भी कई बार कर चुके हैं।

### बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी को सुनाई गई थी 9 साल की सजा

फेडरल सिक्योरिटी सर्विस ने जनवरी में कहा था कि अधिकारियों ने जासूसी के शक में एक अमेरिकी नागरिक के खिलाफ केस दर्ज किया था। पिछले साल दिसंबर में, अमेरिकी बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी ग्राइनर को वैप कैप्सूल रखने के आरोप में 9 साल की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, बाद में प्रिजनर स्वैप के दौरान उसे रिहा कर दिया गया था। अमेरिका ने जांच के बाद आरोपों को झूठा ठहराया था।

वहीं एक पूर्व अमेरिकी मरीन पॉल व्हेलन को जासूसी के आरोपों में दोषी ठहराते हुए 16 साल की सजा दी गई है। अमेरिका ने इन आरोपों के भी गलत होने का दावा किया है।

## चीन की खुफिया क्षमताओं का विस्तार से पता लगाओ


# जासूसी गुब्बारे मिलने के बाद राष्ट्रपति बाइडन का निर्देश

**वाशिंगटन।**

अपने हवाई क्षेत्र में जासूसी गुब्बारे और संदिग्ध वस्तु के मिलने के बाद से अमेरिकी सरकार बेहद सतर्क हो गई है। खतरे को भांपते हुए राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिकी खुफिया समुदाय को चीन की खुफिया क्षमताओं का व्यापक मूल्यांकन करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि चीन की खुफिया एजेंसी की गतिविधियों की पल-पल की निगरानी करें। बता दें कि बीते चार फरवरी को अमेरिकी फाइटर जेट द्वारा दक्षिण कैरोलिना के तट पर एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे को मार गिराए जाने के बाद दोनों देश के बीच एक बार फिर से तनाव बढ़ गया है। अमेरिका, चीन पर दूसरे देशों की जासूसी का आरोप लगा रहा है।

**हाल के दिनों में अमेरिका में गुब्बारे देखे जाने की तीन घटनाएं** - हाल के दिनों में अमेरिका में गुब्बारे देखे जाने की तीन घटनाएं हुई हैं। अमेरिका के एक फाइटर जेट ने बीते चार फरवरी को कनाडा के ऊपर एक अज्ञात बेलनाकार वस्तु को मार गिराया, एक दिन बाद इसी तरह की एक अन्य वस्तु को अलास्का के पानी के पास गिराया गया था, और एक हफ्ते बाद अमेरिकी सेना ने दक्षिण कैरोलिना तट से एक संदिग्ध चीनी निगरानी गुब्बारे को नीचे गिराया था।

**साल 2021 में भी बाइडन ने जारी किया था निर्देश** - व्हाइट



हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में सामरिक संचार के समन्वयक जॉन किर्बी ने बताया कि जब राष्ट्रपति बाइडन 2021 में कार्यालय में आए, तो उन्होंने उसी समय अमेरिकी खुफिया समुदाय को चीनी खुफिया क्षमताओं का व्यापक मूल्यांकन करने का निर्देश दिया था। और हमलोग उसी समय से इसपर काम कर रहे थे लेकिन राष्ट्रपति ने एक बार पिर से हमलोगों को फिर से निर्देश जारी किया है।

**इसपर अब आगे सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं करेंगे: जॉन किर्बी** - जॉन किर्बी ने कहा कि हमलोग इस मुद्दे पर अब आगे किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं करेंगे। हम विदेशी खुफिया संग्रह के प्रयासों को कैसे खोजते हैं और उनका प्रतिकार कैसे करते हैं, इसपर भी कोई खुलासा नहीं करेंगे क्योंकि हमने जो कुछ किया है और कर रहे हैं, वह निश्चित रूप से संवेदनशील है। लेकिन हम सक्षम थे यह निर्धारित करने के लिए कि चीन के पास खुफिया संग्रह के लिए एक उच्च ऊंचाई वाला गुब्बारा कार्यक्रम है जो पीपुल्स लिबरेशन आर्मी से जुड़ा है।

**पिछली सरकार इसका पता नहीं लगा पाई: जॉन किर्बी** - जॉन किर्बी ने कहा कि यह पिछले प्रशासन के दौरान काम कर रहा था, लेकिन उन्होंने इसका पता नहीं लगाया। हमने इसका पता लगाया। हमने इसे ट्रैक किया। हम जितना हो सके उतना सीखने के लिए इसका सावधानीपूर्वक अध्ययन कर रहे हैं। हम जानते हैं कि ये पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) निगरानी गुब्बारे दुनिया भर के कई महाद्वीपों के दर्जनों देशों में पार कर चुके हैं, जिनमें हमारे कुछ करीबी सहयोगी और साझेदार भी शामिल हैं।

# विधानसभा में विपक्ष की तरफ से पूनियां उठाएंगे सवाल, कटारिया की जगह मिली जिम्मेदारी



जयपुर, (हि.स.)। राज्य विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता के गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल मनोनीत करने के बाद अब कटारिया की जगह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां को सदन में विपक्ष की तरफ से बोलने की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, कटारिया की जगह नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी कौन संभालेगा, इसको लेकर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 10 फरवरी को अपने तीसरे शासनकाल का आखिरी बजट पेश किया। अब बजट पर 16 फरवरी को मुख्यमंत्री जवाब पेश करेंगे। मुख्यमंत्री के जवाब से पहले सदन में पक्ष और विपक्ष की ओर से बजट पर चर्चा हर दिन हो रही है। बजट पेश होने के बाद मुख्यमंत्री की ओर से बजट पर जवाब दिया जाता है। इसमें कई घोषणाएं भी की जाती हैं। मुख्यमंत्री के बजट रिप्लाई से पहले विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष अपनी बात रखते हैं। इसकी जिम्मेदारी अब प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां को दी गई है। विधानसभा के बजट सत्र के बीच ही नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल घोषित किया गया है। कटारिया का विदाई समारोह मुख्यमंत्री गहलोत के बजट पर जवाब देने वाले दिन ही होगा। 16 फरवरी को कटारिया को विधानसभा में उनकी विदाई पर डिनर दिया जाएगा, जिसमें सभी विधायकों के शामिल होने की संभावना है। कटारिया वर्तमान सदन के सबसे पुराने नेताओं में से एक हैं। मुख्यमंत्री गहलोत के बजट रिप्लाई के बाद 17 फरवरी को सदन में प्राइवेट बिल आएंगे। सदन में उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी ने कार्य सलाहकार समिति की ओर से 35वें प्रतिवेदन को रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। प्रतिवेदन में 18 से 27 तक विधानसभा में अवकाश रहेगा। 28 फरवरी से 4 मार्च तक अनुदान की मांगों पर चर्चा होगी। पांच से आठ मार्च तक अवकाश रहेगा। इसके बाद 9, 10 और 11 मार्च को फिर अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। संभावना जताई जा रही है कि 15 मार्च तक विधानसभा चल सकती है।

# राजस्थान में 75 आईपीएस के तबादले, आधे से ज्यादा जिलों के एसपी बदले

जयपुर, (हि.स.)। कार्मिक विभाग ने देर रात एक आदेश जारी कर प्रदेश में 75 आईपीएस ऑफिसरों के तबादले किए, जिसमें एडीजी क्राइम से लेकर 18 जिलों के एसपी तक शामिल हैं। राजस्थान के पुलिस महकमें में किए गए भारी फेरबदल के बाद आधे से ज्यादा जिलों के एसपी बदल दिए गए हैं। लगभग सभी विंग में बड़ा बदलाव किया गया है। संयुक्त शासन सचिव देवेन्द्र कुमार ने आदेश जारी कर एडीजी क्राइम के पद से डॉक्टर रवि प्रकाश मेहरड़ा को हटाकर एडीजी सिविल राइट्स में लगा दिया हैं। वहीं एडीजी एसीबी दिनेश एमएन को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए एसीबी के एडीजी क्राइम के पद पर लगाया हैं। जोधपुर रेंज के आईजी पीराम को एडीजी सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश के पुलिस बेड़े में बदलाव के तहत डॉ.रविप्रकाश मेहरड़ा को डीजी पुलिस सिविल राइट्स एवं साइबर क्राइम, जंगा श्रीनिवास को डीजी पुलिस प्रशिक्षण राजस्थान जयपुर, डॉ. प्रशाखा माथुर को एडीजी पुलिस पुनर्गठन एवं नियम पुलिस मुख्यालय, सुष्मित विश्वास को एडीजी राज. राज्य मानवाधिकार आयोग जयपुर, दिनेश एमएन को एडीजी अपराध शाखा राजस्थान जयपुर, संजीब कुमार नार्जरी को एडीजी कम्यूनिटी पॉलिसिंग जयपुर, विशाल बंसल को एडीजी आर्म्ड बटालियन जयपुर, विपिन कुमार पांडेय को एडीजी पुलिस कल्याण राजस्थान, आलोक कुमार वशिष्ट को एडीजी राज्य आपदा राहत बल जयपुर, पी.रामजी को एडीजी सुरक्षा जयपुर, भूपेन्द्र साहू को आईजी साईबर क्राइम, नवज्योति गोगोई को आईजी कार्मिक पुलिस मुख्यालय, प्रफुल्ल कुमार को आईजी क्राइम पुलिस, राघवेन्द्र सुहासा को आईजी पुलिस रेलवेज राजस्थान, हिंगलाजदान को आईजी इंटेलीजेंस, विकास कुमार को आईजी एससीआरबी, किशन सहाय मीणा को आईजी मानवाधिकार पुलिस मुख्यालय, राजेन्द्र सिंह को आईजी पुलिस कानून एवं व्यवस्था, जयनारायण को आईजी जोधपुर रेंज, संदीप सिंह चौहान को आईजी कम्युनिटी पुलिसिंग, अजयपाल लांबा को आईजी उदयपुर रेंज, परमज्योति को आईजी पुलिस सर्तकता जयपुर, सत्येन्द्र सिंह को आईजी एसओजी, अशोक कुमार गुप्ता को आईजी पुलिस मुख्यालय और सवाई सिंह गोदारा को आईजी एसीबी लगाया गया है।


इसी प्रकार अनिल कुमार टांक को डीआईजी पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड, कैलाश चंद्र विश्नोई को अति. पुलिस आयुक्त प्रथम आयुक्तालय जयपुर, प्रीति चंद्रा को डीआईजी गृहरक्षा, हरेन्द्र कुमार महावर को डीआईजी आरपीटीसी, श्वेता धनखड़ को डीआईजी आरएसी, अजय सिंह को डीआईजी पुलिस एसएसबी उदयपुर, योगेश यादव को डीआईजी एसओजी जयपुर, कुंवर राष्ट्रदीप को अति. पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था आयुक्तालय जयपुर, कल्याण मल मीणा को डीआईजी पुलिस एसएसबी कोटा, अनिल कुमार द्वितीय को डीआईजी एसएसबी जोधपुर, प्रदीप मोहन शर्मा को उपनिदेशक आरपीए जयपुर, दीपक भार्गव को निदेशक इंटेलिजेंस अकादमी जयपुर, सुनील कुमार विश्नोई को डीआईजी एसएसबी भरतपुर, मनीष अग्रवाल द्वितीय डीआईजी पुलिस प्रशिक्षण जयपुर, शिवराज मीणा को डीआईजी पुलिस मानवाधिकार पुलिस मुख्यालय, डॉ. रामेश्वर सिंह को डीआईजी यातायात पुलिस आयुक्तालय जयपुर, देशमुख परिस अनिल को एसपी श्रीगंगानगर, डॉ. राजीव पचार को एसपी जयपुर ग्रामीण, मनोज कुमार को एसपी धौलपुर, आनंद शर्मा को एसपी अलवर, भुवन भूषण यादव को एसपी साइबर क्राइम जयपुर, शरद चौधरी को एसपी कोटा शहर, राशि डोगरा डूडी को डीसीपी नॉर्थ जयपुर आयुक्तालय, किरन कैंग को एसपी जालोर और अभिजीत सिंह को एसपी बांसवाड़ा का जिम्मा दिया गया है। सूची में शांतनु कुमार को एसपी एटीएस जयपुर, देवेन्द्र कुमार विश्नोई को एसपी यातायात पुलिस मुख्यालय, तेजस्वनी गौतम को एसपी बीकानेर, अनिल कुमार को एसपी भिवाड़ी, धर्मेन्द्र सिंह को एसपी जोधपुर ग्रामीण, सुधीर चौधरी को एसपी हनुमानगढ़, हर्षवर्धन अगरवाला को एसपी सवाईमाधोपुर, राजेश कुमार मीणा को एसपी चूरू, दिगंत आनंद को एसपी बाड़मेर, राजर्षि राज वर्मा को एसपी टोंक, विकास सांगवान को एसपी एसओजी जयपुर, ज्येष्ठा मैत्रेयी को एसपी क्राइम पुलिस आयुक्तालय जयपुर, अमित कुमार को एसपी प्रतापगढ़, कुंदन कंवरिया को एसपी डूंगरपुर, मनीष त्रिपाठी को एसपी इंटेलीजेंस जयपुर, सुधीर जोशी को एसपी राजसमंद, राजकुमार चौधरी को एसपी बारां, ज्ञानचंद यादव को डीसीपी ईस्ट जयपुर आयुक्तालय, करण शर्मा को एसपी सीकर, सुशील कुमार को एडिशनल एसपी अजमेर, बृजेश ज्योति उपाध्याय को एडिशनल एसपी भरतपुर, रंजीता शर्मा को एडिशनल एसपी उदयपुर, हरिशंकर को एडिशनल एसपी बीकानेर, सुमित मेहरड़ा को परिसहाय राज्यपाल और प्रवीण नायक को एडिशनल एसपी पद का जिम्मा दिया गया है।

# एसीबी ने वर्ष 2019 से 2021 तक 1015 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार : संसदीय कार्य मंत्री

जयपुर, (हि.स.)। प्रदेश में वर्ष 2019 से 2021 के दौरान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कुल 1015 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। संसदीय कार्य मंत्री शान्ति धारीवाल ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि इनमें से 998 के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति के प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजे गए हैं। जिनमें से 811 मामलों में अभियोजन की स्वीकृति दी भी जा चुकी है संसदीय कार्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का गृह विभाग की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि 59 मामलों में अभियोजन स्वीकृति नहीं दी गई है एवं 128 मामले अभी विचाराधीन हैं। वहीं शेष 17 मामलों में फिलहाल अनुसंधान जारी है। इससे पहले विधायक अविनाश के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में संसदीय कार्य मंत्री ने अवगत कराया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा वर्ष 2019 से 2021 तक विधानसभा क्षेत्र जैतारण में रिश्वत लेते हुए 3 कार्मिकों- दिलीप कुमार धाकड़ तकनीकी सहायक, सहायक अभियंता कार्यालय जोधपुर डिस्कॉम, बर जिला-पाली, महेन्द्र कुमार मीणा अधिशासी अभियंता जोधपुर डिस्कॉम जैतारण जिला-पाली तथा मुकेश कुमार ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अमरपुरा तहसील जैतारण के खिलाफ ट्रेप संबंधी अभियोग दर्ज किए गए। इनमें से दिलीप धाकड़ तथा महेन्द्र मीणा के खिलाफ चालान पेश किया जा चुका है तथा मुकेश कुमार के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

# चैटजीपीटी को लेकर सीबीएसई एक्जाम से पहले विशेष निर्देश

उदयपुर, (हि.स.)। बहुचर्चित एलगोरिदम चैटजीपीटी इतना प्रभावी हो गया है कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने विशेष निर्देश जारी किए हैं। विशेष रूप से आगामी दिनों में शुरू हो रही सीबीएसई की परीक्षाओं के दौरान इस पर विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही है जो अप्रैल तक चलने वाली हैं। परीक्षा से ठीक पहले परीक्षार्थियों को जो परीक्षा प्रवेश पत्र दिए गए हैं उनमें शामिल दिशा-निर्देशों में चैटजीपीटी को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। दिशा निर्देशों के छठे पॉइंट में मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों साथ चैटजीपीटी को परीक्षा केन्द्र में अनुमत नहीं करने की बात कही गई है। इस पॉइंट को पढ़ने के बाद कुछ परीक्षार्थियों का कहना है कि



चैटजीपीटी एक वेबसाइट है, जिसका उपयोग मोबाइल या कम्प्यूटर सिस्टम पर ही संभव हो सकता है, ऐसे में इसे विशेष तौर से निर्देशों में शामिल करने पर उन्हें भी अचरज हो रहा है।

जो भी हो, चैटजीपीटी को परीक्षा दिशा-निर्देशों में शामिल करना उसके बढ़ते प्रभाव को जाहिर कर रहा है। चैटजीपीटी एक वेबसाइट है जो एक तरह से सर्च इंजन की तरह काम करती है। इसमें फोटो नहीं आते हैं, लेकिन जो भी सवाल आप पूछते हैं उनका उत्तर दर्शा देती है। युवा वर्ग इन दिनों इसके प्रति बेहद आकर्षित हो रहा है।

# शुष्क मौसम के बीच कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे

श्रीनगर, (हि.स.)। शुष्क मौसम के बीच कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे बना रहा। हालांकि दिन में जम्मू संभाग में तेज धूप निकल रही है जो कि लोगों को शाम से लेकर सुबह तक पड़ रही भीषण सर्दी से राहत प्रदान कर रही है। मौसम विभाग के अनुसार 18 फरवरी तक मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहने की संभावना है। इसी बीच श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 1.6 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में शून्य से नीचे 3.0 डिग्री सेल्सियस, पहलगाम में शून्य से नीचे 4.6 डिग्री सेल्सियस,



कोकरनाग में शून्य से नीचे 2.4 डिग्री सेल्सियस, गुलमर्ग में शून्य से नीचे 7.2 डिग्री सेल्सियस, और कुपवाड़ा शहर मे शून्य से नीचे 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू में पिछली रात के 3.6 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बनिहाल में न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस नीचे), बटोत में 3.8 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक), कटरा में 8.0 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस नीचे) और भद्रवाह में 1.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लद्दाख के लेह और कारगिल में न्यूनतम तापमान क्रमशः शून्य से नीचे 12.2 डिग्री सेल्सियस और शून्य से नीचे 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# एक प्रवासी मजदूर समेत दो लोगों की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत

श्रीनगर, (हि.स.)। श्रीनगर शहर के बेमिना और बटमालू इलाकों में मंगलवार को एक प्रवासी मजदूर समेत दो लोगों की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई है। एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के जलालपुर निवासी हुसैन के बेटे बाबू अली (65) श्रीनगर के बेमिना एसडी कॉलोनी में अपने किराए के मकान में मृत पाया गया। एक अलग घटना में बारामूला निवासी हबीबुल्ला के पुत्र नसीर अहमद लोन को मंगलवार सुबह बटमालू में तेंगपोरा के पास उसके वाहन में मृत पाया गया, जिसका पंजीकरण नंबर जेके13जी-0150 था। पुलिस ने दोनों घटनाओं का संज्ञान लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

# पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए 40 जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

पुलवामा, (हि.स.)। सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों ने चार साल पहले आज ही के दिन हुए पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए 40 जवानों को श्रद्धांजलि दी। मंगलवार को सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी के नेतृत्व में सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना के अधिकारियों ने पुलवामा शहीदों के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। पत्रकारों से बात करते हुए विशेष महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने कहा कि पुलवामा के शहीदों का बलिदान सुरक्षा बलों को आतंकवाद मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारे 40 बहादुरों ने अपने प्राणों की आहुति दी। हमें उन पर गर्व है। उनका बलिदान हमें देश को आतंकवाद मुक्त



बनाने की प्रेरणा देता है। सेना की 15 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल ए एस औजला, एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार, आईजी सीआरपीएफ (ऑपरेशंस) एमएस भाटिया, डीआईजी साउथ कश्मीर रेंज रईस भट और डिप्टी कमिश्नर पुलवामा ने भी स्मारक पर माल्यार्पण किया। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी, 2019 को आतंकी हमला हुआ था, जिसमें भारत के 40 जवान शहीद हो गए थे। इस हमले में विस्फोटों से भरी कार सीआरपीएफ के काफिले की बस के साथ टकराई थी। हालांकि, इस हमले के बाद हमारे बहादुर सैनिकों ने इस हमले का जवाब बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक के रूप में दिया था।

# बसों का सफर महंगा होने की संभावना, तैयारी में ट्रांसपोर्ट विभाग

जालंधर(ईएमएस)। बसों का सफर महंगा होने की संभावना है क्योंकि इसकी तैयारी की जा रही है। ट्रांसपोर्ट विभाग के अनुसार पंजाब रोडवेज, पनबस, पीआरटीसी में उम्मीद के अनुसार लाभ नहीं हो पा रहा, इसलिये विभाग किराया बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि प्रति किलोमीटर 10 पैसे बढ़ाने की योजना तैयार है, इसके लिए सरकार से मंजूरी ले नए किरायों को लागू कराया जाएगा। विभाग ने डीजल की कीमतों में वृद्धि को इसका मुख्य आधार बनाया है। सरकार द्वारा बीते सप्ताह पैट्रोल व डीजल पर 90 पैसे प्रति लीटर वैट लगाकर दामों में वृद्धि की गई है, जिसके चलते बसों को चलाने की लागत में बढ़ौतरी दर्ज हुई है। विभाग पहले से ही कई तरह के आर्थिक बोझ झेल रहा है, जिसके कारण अब विभाग के पास किराया बढ़ाने का एकमात्र विकल्प शेष रह जाता है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सरकारी अदारों द्वारा किराया बढ़ाया जाने के बाद प्राइवेट कम्पनियां भी तुरन्त प्रभाव से किराए में बढ़ौतरी को लागू कर देती हैं। प्राइवेट सैक्टर द्वारा अधिक खर्च का हवाला देकर पहले ही किराया बढ़ाने संबंधी मांग उठाई जा चुकी है। सरकारी विभागों की जानकारी के मुताबिक 10 पैसे से अधिक का किराया बढ़ाने का जो प्रस्ताव बनाया जा रहा है, उसके अंतर्गत पीआरटीसी ने इसमें पहलकदमी की है। सूत्रों का कहना है कि पीआरटीसी द्वारा 11 पैसे का प्रस्ताव तैयार किया जा चुका है। विभागों द्वारा किराया बढ़ाने का प्रस्ताव भेजे जाने के बाद सरकार इस पर क्या कदम उठाती है यह भी जल्द ही सामने आएगा। आमतौर पर पिछले समय के दौरान विभाग द्वारा भेजी गई प्रपोजलों में से अधिकतर मांगों को सरकार द्वारा मान लिया जाता है। पंजाब सरकार द्वारा पैट्रोल व डीजल पर टैक्सों में जो राहत दी गई है, वह पब्लिक पैट्रोल पम्पों पर लागू होती है। विभाग यदि अपने डिपुओं के पैट्रोल पम्पों के लिए डीजल मंगवाता है तो उसे महंगे भाव पर डीजल खरीदना पड़ता है जिसके चलते पैसे बचाने के लिए विभाग द्वारा प्राइवेट पैट्रोल पम्पों से सरकारी बसों में डीजल भरवाया जा रहा है।

# विवाह में जागो के दौरान गोलियां चलाने वाले घूम रहे 2 युवक पिस्तौल समेत गिरफ्तार

गोराया(ईएमएस)। जालंधर जिले की गोराया पुलिस ने अमरीका से अपने गांव ढंडवाड़ आए कबड्डी को प्रमोट करने वाले प्रवेश खान की बहन के विवाह में जागो के दौरान गोलियां चलाने घूम रहे 2 युवकों को पिस्तौल समेत गिरफ्तार किया है। डीएसपी फिल्लौर जगदीश राज ने गोराया में प्रैस वार्ता में बताया कि एसएचओ गोराया कंवलजीत सिंह व चौकी इंचार्ज दोसांज कलां एसआई गुरशरण सिंह को सूचना मिली थी कि ढंडवाड़ गांव की नहर के पास एक मोटरसाइकिल पर 2 संदिग्ध मुंह बांधकर घूम रहे हैं जो कोई वारदात कर सकते हैं, इस पर पुलिस की टीम ने उन्हें गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान इमनप्रीत सिंह व राजेश कुमार के तौर पर हुई है, इनके पास से पुलिस ने 2 पिस्टल 32 बोर, 2 मैगजीन तथा 8 कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि कबड्डी टूनार्मैंट की रंजिश के कारण अमरीका में रहते जसकरण वीर सिंह उर्फ कन्नू पुत्र जोगिंदर सिंह जिसका गांव कुक्कर मजारा थाना गढ़शंकर है, ने विदेश से उन्हें फोन करके गांव ढंडवाड़ में प्रवेश खान की बहन जिसकी शादी 16 फरवरी को है और 12 फरवरी को गांव में जागो का प्रोग्राम था, उस जागो के प्रोग्राम में फायरिंग करने के लिए 100000 में सौदा तय किया था।

उन्होंने कहा कि फायरिंग करने के बाद उसने 100000 उन्हें विदेश से मनीग्राम से भेजने थे पर इससे पहले ही पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया, जिनके खिलाफ पुलिस ने थाना गोराया में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और फिर अदालत में पेश करके रिमांड हासिल किया है।

# पंजाब सरकार ने 38,175 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी : भगवंत मान

चंडीगढ़ (ईएमएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पदभार ग्रहण करने के 11 महीने के भीतर उनकी सरकार ने अब तक 38,175 करोड़ रुपए का निवेश पक्का किया है, जिससे राज्य में 2.43 लाख रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने कहा यह सिर्फ प्री-मानसून बौछार है और मोहाली में 23-24 फरवरी को होने वाले इन्वेस्ट पंजाब समिट के दौरान जल्द ही राज्य में नियमित रूप से बौछार देखी जाएगी। राज्य सरकार के कड़े प्रयासों के कारण ये उद्योगपति अब पंजाब में निवेश करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट, आवास और बुनियादी ढांचे में प्रस्तावित निवेश 11,853 करोड़ रुपए है, जो 1.22 लाख नौकरियां पैदा करेगा। मान ने कहा कि इसी तरह मैन्युफैक्क्रिंग सेक्टर ने 5,981 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया है और 39,952 नौकरियां, अलॉय स्टील और स्टील सेक्टर ने 3,889 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया है, जिससे 9,257 नौकरियां मिलेंगी और कपड़ा, तकनीकी वस्त्र, परिधान और मेक-अप क्षेत्र ने 3,305 करोड़ रुपए का निवेश किया है और इससे 13,753 रोजगार सृजित होंगे और कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और पेय पदार्थ क्षेत्र ने 2,854 करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा टाटा स्टील लुधियाना में द्वितीयक इस्पात क्षेत्र में 2600 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है, सनातन पॉलीकॉट फतेहगढ़ साहिब में मानव निर्मित फाइबर क्षेत्र में 1600 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है, नाभा पावर पटियाला में बिजली क्षेत्र में 641 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है, टोप्पन एसबीएस नगर में पैकेजिंग क्षेत्र में 548 करोड़ रुपए का निवेश कर रहा है, नेस्ले मोगा में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 423 करोड़ रुपए का निवेश कर रहा है, वर्धमान स्पेशल स्टील्स लुधियाना में हाइब्रिड स्टील क्षेत्र में 342 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है, फ्रीडेनबर्ग रूपनगर में ऑटो और ऑटो घटक क्षेत्र में 338 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है, बेबो टेक्नोलॉजीज एसएएस नगर में आईटी क्षेत्र में 300 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है, एचयूएल (यूके) पटियाला में 281 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है, और कारगिल इंडिया (यूएस) फतेहगढ़ साहिब में पशु आहार में 160 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

# किसानों ने भूमि अधिग्रहण नीति को लेकर जताया रोष

फतेहाबाद, (हि.स.)। सरकार की नई भूमि अधिग्रहण नीति के खिलाफ मंगलवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। काफी संख्या में किसान लघु सचिवालय पहुंचे और गेट पर केंद्र व राज्य सरकार के विरोध में जोरदार नारेबाजी की। किसानों ने इस मामले में जल्द ही राष्ट्र स्तर पर एक और किसान आंदोलन छेडऩे का अल्टीमेटम दिया। किसान नेता जरनैल सिंह मलवाला ने बताया कि सरकार की भूमि अधिग्रहण नीति सरासर किसानों के खिलाफ है और इस नीति से किसानों की जमीन को एक तरह से दबाया जाएगा। भूमि अधिग्रहण नीति के नए प्रावधान में किसान को जमीन के कलेक्टर रेट का दोगुना व कोर्ट न जाने की बात कही गई है। यह सरासर किसानों के साथ अन्याय है। किसानों को चार गुणा रेट दिए जाने चाहिए लेकिन सरकार उन्हें मार्केट वैल्यू भी नहीं दे रही। उन्होंने



कहा कि अगर किसी किसान की जमीन का अधिग्रहण होता है तो उसे इतना मुआवजा तो मिलना चाहिए ताकि वह दूसरी जगह जाकर पुनर्वास कर सके। उन्होंने कहा कि कलेक्टर रेट मार्केट रेट से कम दिखाए जा रहे हैं। कलेक्टर रेट 11 से 13 लाख रुपए तक है लेकिन फतेहाबाद जिले में प्रति एकड़ 30 से 35 लाख रुपए जमीनों के रेट हैं। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा या भाजपा के समर्थन से सरकार है, वहां यह नीतियां लाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ जल्द ही एक और आंदोलन का किसान बिगुल बजाएंगे। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी को राष्ट्रीय स्तर पर केएमपी पर चल रहे धरने में मीटिंग होगी, जबकि 19 को कन्वेंशन कर इस पर रणनीति बनाई जाएगी।

# शिक्षा के साथ कौशल विकास से मिलेंगे आगे बढऩे के अवसर: दत्तात्रेय

गुरुग्राम, (हि.स.)। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मंगलवार को गुरुग्राम में वाणी एवं श्रवण निशक्तजन कल्याण केंद्र का दौरा किया। उन्होंने केंद्र में संचालित शिक्षण प्रणाली व स्किल डेवलपमेंट से जुड़े कार्यों का अवलोकन करने के उपरांत केंद्र में पढऩे वाले विद्यार्थियों से संवाद किया। राज्यपाल का केंद्र में पहुंचने पर उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने स्वागत किया। राज्यपाल दत्तात्रेय ने अपने संबोधन में वाणी एवं श्रवण निःशक्तजन कल्याण केंद्र में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास पर भी विशेष ध्यान देना होगा, ताकि आने वाले समय में सभी बच्चे अपने सम्मानजनक तरीके से अपना लक्ष्य हासिल कर सके। उन्होंने कहा कि कौशल विकास के माध्यम से शिक्षा, खेल, प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों में आगे बढऩे के अनेक अवसर मिलेंगे। जिससे आप रोजगार के अवसरों का सृजन करने में सक्षम बनेंगे और अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकेंगे। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्थानीय भाषा के साथ सांकेतिक भाषा को सीखने-सीखाने पर बल दिया गया है। अब भारतीय सांकेतिक भाषा सिर्फ बधिर जनों की भाषा न होकर आमजन की भाषा भी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाखों बधिर छात्रों के लिए नई उम्मीद जगाई है। उन्होंने भारतीय सांकेतिक भाषा (आईएसएल) को एक भाषा विषय के रूप में मान्यता देकर बधिर लोगों के लिए प्रगति का



मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं को हरियाणा में युद्ध स्तर पर लागू किया है। हरियाणा में दिव्यांगजनों को सर्वाधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही इस दौरान राज्यपाल ने वाणी एवं श्रवण निशक्तजन कल्याण केंद्र में पढने.वाले विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों व सीएसआर पार्टनर से सीधा संवाद भी किया। संस्थान के विद्यार्थियों ने खुलकर अपनी बात से राज्यपाल को अवगत कराया। राज्यपाल ने कहा कि चुनौतियों पर पार पाने के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने विभिन्न मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और सरकार के संज्ञान में लाने का आश्वासन भी किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों की ओर से राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। संस्थान में विद्यार्थियों के कौशल विकास व शिक्षा प्रणाली का अवलोकन करते हुए राज्यपाल बेहद प्रभावित हुए और उन्होंने केंद्र में मिल रही सुविधाओं को प्रशंसनीय बताया। डीसी निशांत कुमार यादव ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि बीते 52 वर्षों से यह संस्थान वाणी एवं श्रवण निःशक्तजनों के कल्याण के लिए कार्य कर रहा है। इस संस्थान से निकले विद्यार्थी देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में सफल प्रदर्शन कर रहे हैं।



# कृषि उड़ान योजना के विस्तार की तैयारी में सरकार, 21 अतिरिक्त हवाई अड्डों को शामिल करने की योजना

**नई दिल्ली।**

नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि कृषि उड़ान योजना बहुत सफल रही है और केंद्र सरकार इसके तहत 21 अतिरिक्त हवाई अड्डों को शामिल करने की योजना बना रही है ।

सिंधिया ने इंदौर में आयोजित पहली जी20 कृषि प्रतिनिधियों की बैठक के दूसरे दिन जानकारी देते हुए कहा कि कम से कम 31 हवाईअड्डे कृषि उड़ान योजना के तहत हैं। हम कृषि उड़ान के तहत 21 और हवाईअड्डों को शामिल करने के लिए रक्षा मंत्रालय (रक्षा मंत्रालय) के साथ बातचीत कर रहे हैं।

### कृषि उड़ान योजना से किसानों को फायदा

कृषि उड़ान योजना पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि स्पेशल विमान के जरिए किसानों की उपज सीधे बाजार तक पहुंचाने की योजना काफी सफल रही है। इससे किसानों को सीधे फायदा मिल रहा है और बेहद कम समय में उनकी फसल डारेक्ट मंडी तक पहुंच जाती है।

.आगे उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से उत्तर पूर्व में उगाए जाने वाले नींबू, कटहल और अंगूर को न केवल देश के अन्य हिस्सों में बल्कि जर्मनी, लंदन, सिंगापुर और फिलीपींस जैसे अन्य देशों में भी पहुंचाया जा रहा है।

### बैठक में इन चार चीजों पर फोकस

जी20 कृषि प्रतिनिधियों की पहली बैठक के दूसरे दिन चार प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर प्रतिनिधि अपने विचार- विमर्श रखेंगे, जिसमें खाद्य सुरक्षा और पोषण, क्लाइमेट स्मार्ट एप्रोच के साथ कृषि; समावेशी कृषि वैल्यू चैन एवं फूड सप्लाई सिस्टम और कृषि का डिजिटलीकरण शामिल है।

### क्या है कृषि उड़ान योजना

केंद्र सरकार की ओर से अगस्त 2020 में कृषि उड़ान योजना को शुरू किया गया था। इस योजना का उद्देश्य किसानों के जल्दी खराब होने वाले उत्पादों को बाजार तक किफायती दरों पर पहुंचाना है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह कि किसान अपनी फसल अच्छे दामों पर दूसरे बाजारों में बेच सकते हैं। इसमें किसानों को देश के बाजारों के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों के विकल्प भी मिलते हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 24 महीने के निचले स्तर पर थोक महंगाई: जनवरी में कम होकर 4.73प्रतिशत पर आई, फ्यूल और पावर की कीमतों में कमी से गिरावट



**नई दिल्ली।** थोक महंगाई दर में जनवरी में गिरावट देखने को मिली। मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, होलसेल प्राइस-बेस्ड इन्फ्लेशन घटकर 4.73प्रतिशत पर आ गई है। इससे पहले दिसंबर में ये 4.95प्रतिशत पर थी। एक साल पहले यानी जनवरी 2022 में महंगाई 13.68प्रतिशत थी। महंगाई का ये 24 महीने का निचला स्तर भी है। फरवरी 2021 में ये 4.83प्रतिशत पर थी। महंगाई दर में गिरावट मिनरल ऑयल, केमिकल और केमिकल प्रोडक्ट, टेक्सटाइल, क्रूड पेट्रोलियम और नेचुरल गैस की कीमतों में कमी के कारण आई है। एक दिन पहले सरकार ने रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए थे। रिटेल महंगाई जनवरी महीने में बढ़कर 6.52प्रतिशत पर पहुंच गई। ये तीन महीने का उच्चतम स्तर है। सब्जियों की महंगाई -35.95प्रतिशत से बढ़कर -26.48प्रतिशत हो गई है। अंडे, मीट और मछली की महंगाई 3.34प्रतिशत से घटकर 2.23प्रतिशत हो गई है। फ्यूल एंड पावर डब्लूपीआई में 18.09प्रतिशत से घटकर 15.15प्रतिशत रहा। डब्लूपीआई का आम आदमी पर असर डब्लूपीआई थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहना चिंता का विषय है। ये ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर को प्रभावित करती है। यदि थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक उच्च रहता है, तो प्रड्यूसर इसे कंज्यूमर्स को पास कर देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डब्लूपीआई को कंट्रोल कर सकती है।

### सेबी ने सुप्रीम कोर्ट में रखा पक्ष, कहा- बाजार की अस्थिरता से निपटने के लिए उसके पास मजबूत ढांचा



**नई दिल्ली ।** शेयर बाजार की नियामक संस्था सेबी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वह अदाणी प्रकरण में नियमों के किसी भी उल्लंघन का पता लगाने के लिए जांच कर रहा है। सेबी ने कहा है कि वह अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों के साथ-साथ रिपोर्ट जारी होने के तुरंत पहले और बाद की बाजार गतिविधियों की पड़ताल कर रहा है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने न्यायालय से यह भी कहा कि उसके पास अनवरत कारोबार सुनिश्चित करने और शेयर बाजार में अस्थिरता से निपटने के लिए मजबूत ढांचा है। सेबी ने दावा किया कि विकसित प्रतिभूति बाजार दुनिया भर में शॉर्ट सेलिंग को 'वैध निवेश गतिविधि' के रूप में मानते हैं।

### रेनो-निसान ने बताए अपने फ्यूचर प्लान: भारत में 5,300 करोड़ इन्वेस्ट करेंगी कंपनियां, 2 इलेक्ट्रिक व्हीकल और 4 एसयूवी मार्केट में उतारने की तैयारी

**मुंबई।** कार बनाने वाली फ्रांस की रेनो और जापान की निसान कंपनियों ने इंडियन मार्केट के लिए अपने फ्यूचर प्लान बताए हैं। ये दोनों कंपनियां मिलकर भारत और ग्लोबल मार्केट के लिए 6 नई गाड़ियां बनाकर बेचेंगी। 6 कारों के मॉडल्स में से तीन जॉइंट प्लेटफॉर्म पर डेवलप किए जाएंगे। इनमें 2 नए फुली इलेक्ट्रिक व्हीकल और 4 एसयूवी होंगे। अगले 15 साल में ऑटो कंपनियां इंडियन मार्केट में अपने नए प्रोजेक्ट के लिए 5,300 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट करेंगी। रेनो निसान ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने इसके लिए तमिलनाडू सरकार के साथ एग्रीमेंट किया है। ऑटोमेकर्स का कहना है कि वे चेन्नई बेस से इस प्रोजेक्ट पर काम करेंगे। इस बेस को एक एक्सपोर्ट हब के तौर पर भी तैयार किया जाएगा। इससे रेनो-निसान को उम्मीद है कि आरएंडडी में 2,000 रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं। निसान मोटर के मुख्यपरिचालन अधिकारी और अलायंस बोर्ड के सदस्य अश्विनी गुप्ता ने बताया कि अभी दोनों कंपनियां चेन्नई से 45 किलोमीटर दूर ओरागदम के कारखाने में चार मॉडलों का उत्पादन करती हैं। गुप्ता ने कहा कि रेनो-निसान का मैन्युफैक्चरिंग प्लांट 2045 तक कॉर्बन मुक्त हो जाएगा। यहां सिर्फ रिन्यूएबल एनर्जी का इस्तेमाल होगा।

# कराची में दूध 210 रु. प्रति लीटर, चिकन 700 रु. प्रति किलो के पार ; अब रक्षा बजट कम करने की तैयारी

**कराची।**

पाकिस्तान लगातार आर्थिक संकट की स्थिति से गुजर रहा है, जिससे लोग बेतहाशा बढ़ती महंगाई से परेशान हैं। देश में अनिश्चित आर्थिक स्थिति के बीच राज्य के दुकानदारों ने कराची में दूध की कीमत 190 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 210 रुपये प्रति लीटर कर दी है।

कुछ दुकानदारों ने खुले दूध की कीमत 190 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 210 पाकिस्तानी रुपये कर दिया है और जिंदा ब्रायलर चिकन में पिछले दो दिनों में 30-40 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी देखी गई है। जिससे बाद ब्रायलर चिकन की कीमत 480-500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं, मुर्गे का मांस अब 700-780 रुपये किलो बिक रहा है, जो कुछ दिन पहले 620-650 रुपये प्रति किलो था।

### विदेशी मुद्रा भंडार तीन अरब डॉलर से भी कम

नकदी संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार तीन अरब डॉलर से भी कम रह गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कराची मिल्क रिटेलर्स एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी वहीद गद्दी ने कहा कि कुछ दुकानदार दूध को बढ़ी हुई कीमत पर बेच रहे हैं। ये दुकान थोक विक्रेताओं और डेयरी किसानों के हैं। उन्होंने कहा कि यदि डेयरी किसानों और थोक विक्रेताओं ने इसी बढ़ी हुई कीमत पर दूध को बेचना जारी रखा तो खुदरा विक्रेताओं को खरीद मूल्य में 27 रुपये प्रति लीटर अधिक देने होंगे। इसके बाद वो ग्राहकों से एक लीटर दूध के लिए 210 के बजाय 220 पाकिस्तानी रुपये लेने को मजबूर होंगे।

### मुर्गे-मुर्गियों को खिलाया जाना वाला दाना भी महंगा

पाकिस्तान में मुर्गे-मुर्गियों को खिलाया जाना वाला दाना भी काफी महंगा हो गया है। 50 किलो के एक दाने के बोरे के लिए 7,200 रुपये देने पड़ रहे हैं। इस कारण पाकिस्तान में चिकन भी महंगा होता जा रहा है।

### बिजली महंगी, सब्सिडी समाप्त होगी



पाकिस्तान की आम जनता पर आने वाले दिनों में और मुश्किलें आने वाली हैं। आईएमएफ ने लोन देने को लेकर जो शर्तें रखी हैं, उनमें सब्सिडी खत्म करना भी शामिल है। आईएमएफ का कहना है कि पाकिस्तान सब्सिडी को कम करे और अपने राजस्व में बढ़ोतरी करे। आईएमएफ स्थायी राजस्व उपायों पर जोर दे रहा है, जिसमें जीएसटी को 17 से बढ़ाकर 18 फीसदी करना, पेट्रोलियम तेल उत्पादों पर जीएसटी लगाना जैसे उपाय शामिल हैं।

रक्षा बजट में कटौती का सुझाव वित्त मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र के अनुसार, सरकार ने रक्षा मंत्रालय से रक्षा बजट में 10-15 फीसदी की कटौती करने की आईएमएफ की शर्त के बारे में चर्चा की है। रक्षा मंत्रालय ने सेना के सामान्य मुख्यालय (जीएचक्यू) के सुझाव से जवाब दिया है कि गैर-लड़ाकू बजट में केवल 5-10 प्रतिशत की कटौती की जा सकती है।

### रुपया 13 पैसे बढ़कर 82.57 डॉलर हुआ



**मुंबई ।** अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी आने से मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 13 पैसे मजबूती के साथ 82.57 प्रति डॉलर पर आ गया। फॉरेक्स डीलरों ने कहा कि घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी मुद्रा की आवक से भी निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.59 प्रति डॉलर पर खुलने के बाद और चढ़कर 82.57 प्रति डॉलर पर आ गया। यह पिछले कारोबारी सत्र की तुलना में 13 पैसे की बढ़त है। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 82.61 के निचले स्तर तक गया। इससे पहले सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 12 पैसे टूटकर 82.70 पर बंद हुआ था। इस बीच छह मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत गिरकर 103.18 पर पहुंच गया।

## बिना स्टीयरिंग वाली कार चलते देख उड़े लोगों के होश

# अमेजन के जोक्स ने पब्लिक रोड पर चलाई रोबोटैक्सी, कर्मचारियों को एक बिल्डिंग से दूसरी बिल्डिंग तक ड्रॉप किया



**नई दिल्ली।**

**ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन के जोक्स ने पहली बार सेल्फ-ड्राइविंग कार रोबोटैक्सी को पब्लिक रोड पर चलाने का दावा किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि पिछले हफ्ते उसने एक ऐसे इलेक्ट्रिक व्हीकल को सड़को पर दौड़ाया जिसमें स्टीयरिंग व्हील नहीं है।**

जोक्स ने कैलिफोर्निया के फोस्टर सिटी में अपने एंप्लॉइज को लंच के दौरान सेल्फ-ड्राइविंग कार में बैठाकर कंपनी की एक बिल्डिंग से दूसरी बिल्डिंग तक ड्रॉप किया। इस दौरान सार्वजनिक रोड पर ड्राइवलेस पैसेंजर कार को 1 किलोमीटर से ज्यादा चलाया गया। ये टेस्ट नो-कॉस्ट एम्प्लॉय शटल सर्विस के लॉन्च का हिस्सा था जो कंपनी को अपनी टेक्नोलॉजी को रिफाइन करने में भी मदद करेगा।

### सिटी ड्राइव के लिए किया डिजाइन

ये रोबोटैक्सी बिना स्टीयरिंग व्हील और पैडल के आता है और इसमें 4 पैसेंजर बैठ सकते हैं। ये कार 55 किमी प्रति घंटे तक की टॉप स्पीड पकड़ सकती है। जोक्स ने 2020 के अंत में रोबोटैक्सी को पेश किया था। कंपनी ने कहा कि जोक्स को शहर की सड़कों के लिए डिजाइन किया है, लेकिन ये हाइवे पर भी अच्छा परफॉर्म कर सकती है।

### अमेजन ने 2020 में जोक्स को खरीदा था

इसके हाई स्पीड के लिए टेस्ट किए जा रहे हैं। अमेजन ने जोक्स कंपनी को 2020 में खरीदा था। रोबोटैक्सी को तैनात करने के लिए जनरल मोटर्स कंपनी के क्रूज सहित स्टार्टअप्स का एक कलेक्शन दौड़ रहा है। इस बीच सेफ्टी को लेकर टेक्नोलॉजी की जांच की जा रही है।

# वेलेंटाइन डे पर गोवा, मनाली नहीं प्रेमनगरी घूम रहे कपल, होटल बुकिंग में छप्परफाड़ तेजी

**नई दिल्ली।**



वेलेंटाइन डे यानी एक-दूसरे के लिए प्यार जताने और दिखाने का दिन। हर कपल, हर प्रेमी जोड़ा एक खास दिन को खास अंदाज में सेलिब्रेट करना चाहता है। वेलेंटाइन पर होटलों, रेस्टोरेंट की प्रीबुकिंग चलती है। अगर आप मौका चूक गए तो फिर अपनी पसंद की जगह पर अपने प्यार के साथ दिन बिताने का मौका चूक जाएंगे। लोग महीनों पहले से इसकी तैयारी में जुट जाते हैं। वेलेंटाइन डे पर होटल ट्यूरिस्ट प्लेस पर होटल में कमरे मिलना आसान नहीं होता है। ऐप बेस्ड होटल बुकिंग ऐप ओयो के जरिए इस वैलेंटाइन डे पर खूब बुकिंग हुई है। पिछले साल के मुकाबले इस साल वेलेंटाइन डे होटलों की बुकिंग में 35 फीसदी की तेजी आई है। सबसे ज्यादा बुकिंग मथुरा वृंदावन में हुई है।

### 35प्रतिशत बढ़ी होटल की बुकिंग


वेलेंटाइन डे कपल गोवा, मानाली, केरल जैसी ट्यूरिस्ट प्लेस के बजाए वृंदावन में घूम रहे है। वृंदावन में सबसे ज्यादा ओयो रूम्स की बुकिंग हुई है। वृंदावन के अलावा हैदराबाद, कोलकाता, चेन्नई में सबसे ज्यादा ओयो रूम्स की बुकिंग हुई है। पिछले साल के मुकाबले वेलेंटाइन डे वीक में वृंदावन ने 231प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की गई है। मंगलवार को वर्किंग डे होने के बावजूद पिछले साल के मुकाबले इस साल होटलों की बुकिंग में 35 फीसदी की तेजी आई है। सबसे ज्यादा बुकिंग वृंदावन के लिए की गई है। जबकि 26 जनवरी को लॉग वीकेंड में सबसे ज्यादा बुकिंग गोवा में हुई थी। अगर पिछले साल के आंकड़ों से तुलना करें तो साल 2022 में वैलेंटाइन डे पर सबसे ज्यादा बुकिंग बेंगलुरू में 51 फीसदी, हैदराबाद 47 फीसदी, पुणे 45 फीसदी, कोलकाता 38 फीसदी, चेन्नई 35 फीसदी और मुंबई 19 फीसदी रहा था। इस बार ये आंकड़े बढ़े है। ओयो की रिपोर्ट के मुकाबले पिछले साल के मुकाबले इस साल वैलेंटाइन डे पर कपल दो दिन के बजाए 4 दिनों के लिए होटलों की बुकिंग करवा रहे हैं। ओयो प्रवक्ता के मुताबिक ये बहुत ही रोचक है कि लोग वैलेंटाइन डे वीक डे में होने के बावजूद घूमने-फिरने का प्लान बना रहे हैं।

# जेपीसी की मांग से पीछे नहीं हटेंगे, छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो सरकार इसे स्वीकारे : कांग्रेस

**नई दिल्ली ।**

कांग्रेस ने अदाणी समूह से जुड़े मामले को मित्रवादी पूंजीवाद की मिसाल करार देते हुए मंगलवार को कहा कि अगर इस मामले पर सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो उसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग स्वीकार करनी चाहिए।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने गृह मंत्री अमित शाह के एक बयान के संदर्भ में यह टिप्पणी की। शाह ने कहा है कि अदाणी समूह के मामले में छिपाने के लिए कुछ नहीं है। रमेश ने यह भी कहा कि उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए रिजर्व बैंक के गवर्नर और सेबी प्रमुख को पत्र लिखा है। उनका कहना था कि कांग्रेस जेपीसी की मांग से पीछे नहीं हटेगी।



उन्होंने संवाददाताओं से कहा, अगर छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो जेपीसी की मांग से क्यों भाग रहे हैं सरकार के लोग संसद में जेपीसी का जिक्र तक नहीं करने देते। रमेश ने कहा, अगर छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो जेपीसी की मांग स्वीकार करिये। जेपीसी को एक समयसीमा दे दीजिए। अडाणी की जांच कराइये।

उनका कहना था, कहते हैं कि जांच हिंडनबर्ग की कराएंगे। जांच तो अदाणी की होनी चाहिए, प्रधानमंत्री से उनके रिश्ते की जांच करिये। रमेश ने कहा, कांग्रेस हमेशा निजी निवेश के पक्ष में रही है। हम हमेशा उद्यमशीलता के पक्ष में हैं। यही आर्थिक तरक्की का रास्ता है। उनका कहना है, हम अंध निजीकरण के खिलाफ हैं। निजी निवेश को प्रोत्साहन देना जरूरी है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सरकारी उपक्रमों को बेचा जाए।

रमेश ने कहा, हम उदारीकरण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उदारीकरण नियम के अनुसार और पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारी लड़ाई प्रधानमंत्री से निजी निवेश को लेकर नहीं है, सरकारी उपक्रमों को बेचने को लेकर है, मित्रवादी पूंजीवाद को लेकर है। उन्होंने कहा कि अदाणी का मामला मित्रवादी पूंजीवाद की एक मिसाल है।

कांग्रेस महासचिव के अनुसार, हम बजट सत्र के अगले चरण में बार-बार जेपीसी की मांग करते रहेंगे और इस पर विपक्षी पार्टियां एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि 17 फरवरी को कांग्रेस के नेता देश के अलग-अलग शहरों में संवाददाता सम्मेलन करेंगे।

## अडाणी एंटरप्राइजेज को तीसरी तिमाही में 820 करोड़ का प्रॉफिट

# रिजल्ट के बाद शेयर 4प्रतिशत चढ़ा, एक साल पहले की तिमाही में घाटा हुआ था

**मुंबई।**

अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने मंगलवार को दिसंबर 2022 में खत्म तीसरी तिमाही के नतीजे घोषित किए। कंपनी को इस तिमाही में 820 करोड़ करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट हुआ है। जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 12 करोड़ रुपए का नेट लॉस हुआ था। सितंबर 2022 की पिछली तिमाही में कंपनी ने 460 करोड़ का मुनाफा कमाया था।

कंपनी का ऑपरेशन से रेवेन्यू 42प्रतिशत बढ़कर 26,612 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही में ये 18,758 करोड़ रुपए था। वहीं कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 26,171 करोड़ हो गया, जो एक साल पहले 19,047.7 करोड़ था।

### अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 4प्रतिशत चढ़ा

नतीजों के बाद अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में करीब 4प्रतिशत की तेजी देखी जा रही है। पहले इसमें 4प्रतिशत के करीब गिरावट थी। वहीं ग्रुप की 10 में से 6 कंपनियों के शेयर 5प्रतिशत नीचे है।




इनमें ग्रीन एनर्जी, पावर, टोटल गैस, ट्रांसमिशन विल्मर और एनडीटीवी हैं। वहीं सीमेंट कंपनी अंबुजा में भी गिरावट है। हालांकि अडाणी पोर्ट्स के शेयर करीब 0.39प्रतिशत चढ़कर कारोबार कर रहे हैं।

### अमीरों की लिस्ट में 24वें स्थान पर अडाणी

गौतम अडाणी ग्लोबल अरबपतियों की लिस्ट में 24वें स्थान पर आ गए हैं। फोर्ब्स रियल-टाइम बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार 14 फरवरी को अडाणी की नेटवर्थ गिरकर 4.31 लाख करोड़ रुपए (52.2 बिलियन डॉलर) तक पहुंच गई। सोमवार को उनकी नेटवर्थ 4.49 लाख करोड़ रुपए (54.4 अरब डॉलर) थी और वो 23वें स्थान पर थे। 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने से पहले वो लिस्ट में तीसरे नंबर पर थे।

### हिंडनबर्ग ने शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए

24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी ग्रुप को लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। रिपोर्ट में ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए गए थे। रिपोर्ट के बाद ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली थी। शुक्रवार, यानी 3 फरवरी को अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1000 रुपए के करीब पहुंच गया था। हालांकि बाद में इसमें रिकवरी आई।

### अडाणी ग्रुप ने कानून नहीं तोड़ा

मॉरिशस के रेगुलेटर, फाइनेंशियल सर्विसेज कमीशन ने कहा कि अडाणी ग्रुप से जुड़ी 38 कंपनियों और 11 ग्रुप फंड्स ने कानून का कोई उल्लंघन नहीं किया है। धनेश्वरनाथ विकास ठाकुर ने बिजनेस स्टैंडर्ड से ये बात कही है।

### सिस्टम को मजबूत करने के लिए कमेटी बनेगी

केंद्र सरकार अडाणी ग्रुप-हिंडनबर्ग मामले में एक्सपर्ट कमेटी बनाने को तैयार हो गई है। कमेटी यह देखेगी कि स्टॉक मार्केट के रेगुलेटरी मैकेनिज्म में फेरबदल की जरूरत है या नहीं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कोर्ट को सील बंद लिफाफे में कमेटी मेंबर्स के नाम देंगे। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी। सुप्रीम कोर्ट अडाणी ग्रुप के खिलाफ हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से जुड़ी दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। इस मामले में पहली सुनवाई चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला ने शुक्रवार (10 फरवरी) को की थी। इस दौरान कोर्ट ने शेयर मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया से भविष्य में निवेशकों की सुरक्षा के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इस पर सुझाव देने को कहा था। सेबी की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कोर्ट ने कहा था कि वे इस मामले पर सोमवार को पूरी जानकारी के साथ आएं।

# आसिफ शेख को डॉक्टर बनाना चाहते थे पिता

## -130 फिल्मों के बाद भी नहीं मिली पहचान



मुंबई (ईएमएस)। टेलीविजन शो के भाबीजी घर पर है विभूति नारायण मिश्रा उर्फ आसिफ शेख के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं कि आसिफ के पिता उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे। लेकिन आसिफ का इंट्रेस्ट एक्टिंग में करियर बनाने का था। तकरीब 130 फिल्मों का हिस्सा रह चुके आसिफ आज जिस मुकाम पर हैं वहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने काफी कुछ झेला है। वह कई रात भूखे भी सोए हैं। अपने एक इंटरव्यू में आसिफ ने खुद अपनी प्रोफेशनल लाइफ और अपने संघर्ष से जुडी कई अहम बातों का खुलासा किया था। आसिफ ने बताया था कि मुंबई में उन्होंने अपना शुरूआती समय काफी मुश्किल से गुजारा है। क्योंकि ना उनके पास घर था और ना ही पैसे। एक छोटे से कमरे में वह अपने फ्रेंड्स के साथ रहा करते थे। उन्होंने बताया कि कई बार तो वह बिना खाना खाए ही सो जाते थे। क्योंकि खाना ही नहीं होता था। मुश्किल वक्त आने पर उन्हें अपनी सोने की चेन तक बेचनी पड़ी थी। उन्होंने बताया कि, हम लोग में काम किया तो लोग उन्हें पहचानने लगे थे। बावजूद इसके कहीं कोई काम नहीं मिलता था। ऐसे में क्योंकि मैंने उनके खिलाफ जाकर एक्टिंग की राह चुनी थी तो उनसे मदद भी नहीं मांग सकता था। काम की तलाश में मैं उस दौरान अलग-अलग प्रोडक्शन हाउस के धक्के खाया करता था। मैं काम मांगने के लिए मिर्जा ब्रदर्स के ऑफिस भी गया था। उस वक्त वो गोविंदा और किमी काटकर को लेकर फिल्म बना रहे थे। लेकिन जब मैं उनसे मिला तो उन्होंने मुझे उस फिल्म में लेने का फैसला किया। मेकर्स ने जब ये बात किमी को बताई तो उन्होंने पहले मुझसे मिलने की इच्छा जाहिर की। किमी ने मुझसे मुलाकात के बाद ही फिल्म के लिए हां कहा और मेकर्स ने मुझे फिल्म के लिए साइन कर लिया। मैंने रामा ओ रामा से अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी। मैंने अपने करियर में बहुत काम किया। लेकिन घर-घर पहचान पाने का पूरा श्रेय मैं भाबीजी को देना चाहूंगा। मैंने तकरीबन 130 फिल्मों में किया। इनमें से कुछ तो पर्दे तक भी नहीं पहुंच पाईं। इतना काम करने बाद भी मुझे इस शो से इंडस्ट्री में अलग जगह मिली। अमुमन, मेरी उम्र के एक्टर पर्दे पर सिर्फ पापा और चाचा की भूमिकाओं में ही नजर आते हैं। मुझे भी कोई उम्मीद नहीं थी कि ऐसा भी किरदार मिल सकता है। लेकिन ये चांस मुझे भाबीजी से मिला। बता दें आसिफ शेख ने इस बात का भी जिक्र किया था कि उन्हें अपने पहले शो हम लोग में तीन एपिसोड करने के कुल मिलाकर 1500 रूपए मिले थे। इन पैसों से उन्होंने अपने फ्रेंड्स के साथ पार्टी भी की थी। लेकिन उस दौरान खुशी में इतना खा गए थे कि उनका आधा बिल उनके दोस्तों को देना पड़ा था। मालूम हो कि भाबीजी घर पर है टेलीविजन का एक पॉपुलर शो है। इस शो का हर किरदार घर-घर में पहचान बनाने में कामयाब रहा है। इसी शो में दमदार किरदार में नजर आ रहे हैं विभूति नारायण मिश्रा उर्फ आसिफ शेख। साल 1985 में अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत भी आसिफ ने डेली सोप हम लोग से ही की थी। अपने 37 साल के करियर में आसिफ ने टीवी और फिल्मों दोनों ही जगह अपना टैलेंट साबित किया है। लेकिन घर-घर पहचान उन्हें भाबीजी घर पर है से मिली।

# मेहनत करने के बाद भी ट्रोल करते हैं : जाह्नवी

## -नेपोटिज्म पर जाह्नवी कपूर का छलका दर्द

**मुंबई (ईएमएस)।** कुछ लोग बालीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर को जमकर ट्रोल करते हैं। उन्हें नेपोटिज्म का प्रोडेक्ट बताते हैं। इस तरह के लोगों से परेशान होकर अब अपनी जाह्नवी ने अपना दर्द बयां किया है। साथ ही ट्रोल करने वालों की क्लास भी लगाई है। जाह्नवी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। उनके फैंस को उनकी हर पोस्ट का बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। यही वजह है कि उनकी हर पोस्ट सामने आते ही वायरल हो जाती है। इन दिनों एक्ट्रेस को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। जो एक्ट्रेस को बिल्कुल नहीं भाया है और उन्होंने अपने काम, एक्टिंग च्वाइस और नेपोटिज्म पर अपने दिल की बीत कही है। जाह्नवी कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में ट्रोलिंग पर अपनी राय रखते हुए कहा, लोग जिस तरह की बातें कर रहे हैं, उन्हें देखकर बहुत दुख होता है। क्योंकि एक एक्टर अपने काम पर पूरा फोकस रखता है और उसके लिए हार्ड वर्क भी करता है। लेकिन लोग बिना कुछ सोचे समझे इतनी आसानी से कह देते हैं कि एक्टिंग नहीं आती तो करती क्यों हो, नेपोटिज्म की प्रोडक्ट। जाह्नवी ने ट्रोल करने वाले लोगों पर कहा कि कुछ लोग ऐसे होते हैं कि आप चाहे जितना मर्जी अच्छा काम कर लें, लोग आपके अंदर कमियां निकाल ही लेते हैं। ये देखकर कभी



कभी बहुत बुरा और कभी बहुत गुस्सा आता है क्योंकि इतना खून-पसीना लगाते हैं, मेंटल ट्रामा भी झेलते हैं, लेकिन लोग आकर आसानी से कह देते हैं कि इसे एक्टिंग नहीं आती। अपनी बात आगे रखते हुए जाह्नवी ने कहा कि वह अपने काम को पूरे दिल से करती हैं। अपने हर किरदार के लिए हार्ड वर्क भी करती है, लेकिन लोग बिना कुछ देखे ही हर चीज का मजाक बनाते हैं। ये सब देखकर मन बहुत परेशान हो जाता है। हालांकि जब कोई कहता है कि मिली में उन्होंने अच्छा काम किया था लेकिन बाकी फिल्मों में उतना अच्छा काम नहीं कर पाई तो वह इस तरह कमेंट पढ़ने के बाद सुधार करने की कोशिश करती हैं। अपनी बातचीत में जाह्नवी ने ये भी कहा कि जो लोग आपके लिए अच्छा नहीं सोच सकते, वो आपकी हर अच्छी चीज को छीनना जरूर चाहेंगे। बता दें कि जाह्नवी कपूर ने हर तरह के किरदार में जान डाल देती हैं। अपनी एक्टिंग और पर्सनल लाइफ को लेकर एक्ट्रेस अक्सर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। जाह्नवी के फैंस उन्हें बहुत प्यार करते हैं।

# क्रिस मार्टिन ने रिहाना को बताया सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ गायिका



कोल्डप्ले के गायक क्रिस मार्टिन रिहाना के सुपर बाउल हॉल्टटाइम परफॉर्मेंस को देखने को लेकर बहुत उत्सुक हैं। उन्होंने उन्हें अब तक की सर्वश्रेष्ठ गायिका बताया है। मार्टिन 12 फरवरी को हाफटाइम शो करेंगे। उन्होंने बताया मैं रिहाना को बहुत अच्छी तरह से नहीं जानता। मैं मुख्य रूप से सिर्फ एक प्रशंसक हूं और हमने उसके साथ कुछ प्रदर्शन किया है। रिहाना सुपर बाउल में अपने बेटे के सामने प्रदर्शन करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। रूड बॉय हिटमेकर ने हाल ही में कहा था, जब आप एक मां बन जाती हैं, तो कुछ ऐसा होता है, जहां आपको लगता है कि आप दुनिया को संभाल सकती हैं।

# फीचर फिल्म में नजर आएंगे अंकिता और शोएब



फिल्ममेकर और प्रोड्यूसर राहत काजमी की फीचर फिल्म द लास्ट कॉफी में अभिनेत्री अंकिता लोखंडे और अभिनेता शोएब निकेश शाह एक साथ दिखाई देंगे। शोएब निकेश शाह आखिरी बार लिहाफ में नजर आए थे और अब हिना खान के साथ कंट्री ऑफ ब्लाइंड्स में नजर आएंगे। द लास्ट कॉफी के बारे में राहत काजमी ने कहा, फिल्म की कहानी दो लोगों के बारे में है, जिनकी जिंदगी प्यार और गलतफहमी के इर्द-गिर्द घूमती हैं, और जो चीज इसे और खास बनाती है वह है फिल्म के कलाकार। मुझे लगता है कि अंकिता और शोएब स्क्रिप्ट के लिए एकदम सही मैच हैं और उन दोनों के साथ काम करना सोने पर सुहागा जैसा है।फिल्म का ट्रेलर कल सामने आएगा और हम निश्चित रूप से दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते। फिल्म शोएब निकश शाह द्वारा निर्देशित है, जो अंकिता लोखंडे के साथ फिल्म में मुख्य अभिनेता भी हैं और जी 5 स्टूडियो द्वारा निर्देशित है। राज कुशवाहा ने राहत काजमी के साथ फिल्म का सह-निर्माण भी किया है।


# मैं रश्मिका से प्यार करता हूं: अल्लू अर्जुन

## - पुष्पाः द राइज के सेट पर देखी दोनों की क्यूट बॉन्डिंग



**चेन्नई (ईएमएस)।** तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने बताया कि मैं रश्मिका मंदाना को पेट के नाम क्रशमिका के नाम से बुलाता हू। हम बहुत सारे लोगों के साथ काम करते हैं लेकिन इनमें से बहुत कम ऐसे होते हैं जिन्हें हम बहुत पसंद करते हैं या कहें जिनसे हम प्यार कर सकते हैं। रश्मिका उनमें से एक हैं जिन्हें मैं प्यार करता हूं। वह बहुत प्यारी, बहुत सीधी-सादी, बहुत सिंपल, बहुत सुंदर, बहुत जीनियस और सबसे बढ़कर एक बहुत ही प्रतिभाशाली लड़की है। अल्लू अर्जुन आगे कहते हैं, रश्मिका पहले से ही अपने गेम में टॉप पर हैं, लेकिन उनमें जो क्षमता है, मुझे लगता है कि वह और भी बहुत कुछ कर सकती हैं। मेरा मानना है कि आने वाले सालों में सही फिल्मों और सही निर्देशकों के साथ वो अपनी स्किल को ज्यादा दर्शा सकती हैं। वह एक बेहतरीन कलाकार है। मैं रश्मिका को शुभकामनाएं देता हूं। नेशनल क्रश रश्मिका ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में चलो और गीता गोविंदम जैसी फिल्मों के जरिए अपनी अहम पहचान बनाई है। उन्होंने कार्थी-स्टारर सुल्तान से तमिल में शुरूआत की थी फिलहाल वे पुष्पाः द राइज के जरिए लाइमलाइट लूट रही हैं। रश्मिका एक बार अल्लू अर्जुन के साथ पुष्पाः द राइज के सीक्वल पुष्पाः द रूल में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वे सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ मिशन मजनू में भी नजर आएंगे। आखिरी वे बार थलपति विजय के साथ वरिसु में नजर आई थीं। बता दें कि फिल्म पुष्पाः द राइज के सेट पर अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की क्यूट बॉन्डिंग देखी है। दोनों अब ग्लोबल स्टार बन चुके हैं और करोड़ों लोग इनकी अपकमिंग फिल्म पुष्पा 2 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ब्लॉकबस्टर पुष्पराज और श्रीवल्ली ने स्क्रीन पर अपनी प्यारी जोड़ी के साथ सही मायने में हमारे दिलों पर राज किया और देश-विदेश में धूम मचा दी। यह बॉन्डिंग कैमरे के बाहर भी देखी जाती है जब अल्लू अर्जुन नेशनल क्रश रश्मिका को क्रशमिका कहते हैं। अभिनेता अपनी को-स्टार के लिए अपने प्यार को भी बयां कर चुके हैं।

# अभिनेत्री रुबीना बीमार, तस्वीर की शेयर



अभिनेत्री रुबीना दिलाइक की तबीयत पफिलहाल नासाज चल रही है। उन्होंने फैंस के साथ अपना स्वास्थ्य अपडेट साझा किया है। इसमें रुबीना ने लिखा- उन्हें बुखार है और उनके होंठ सूज गए हैं, जिससे वह बतख की तरह दिख रही हैं। रुबीना ने इंस्टाग्राम पर अपने चेहरे और होंठों की तस्वीरें साझा कीं। रुबीना ने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, बुखार, गले में खराश, इंफेक्शन और होंठ सूजे हुए हैं, मैं निश्चित रूप से एक बत्तख की तरह दिख रही हूं। और मैं निराश हूं और खुद को देखकर हंसी भी आ रही है। बता दें कि रुबीना ने साल 2022 में अर्ध के साथ हिंदी फिल्म की शुरूआत की थी। रुबीना को डांस-आधारित रियलिटी शो झलक दिखला जा में देखा गया था और वह फिल्म निमार्ता रोहित शेट्टी के स्टंट आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 12 में फाइनलिस्ट भी थीं।

# सिड-कियारा ने मुंबई पहुंचकर मीडिया को शादी की मिठाई बांटी



अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और उनकी पत्नी कियारा आडवाणी शादी के बाद लगातार सुर्खियों में है। जैसलेमेर में शाही शादी के बाद मैरिड कपल ने दिल्ली आकर अपने करीबियों को रिसेप्शन पार्टी दी। वहीं दिल्ली के बाद कपल अपने वर्क टाउन मुंबई लौट आया है। मुंबई पहुंचते ही सिड-कियारा ने अपने हाथों से मीडिया को शादी की मिठाई बांटी और एक साथ जबरदस्त पोज दिए। कपल की ये तस्वीरें अब इंटरनेट पर खूब छाई हुई हैं। शादी के बाद मुंबई पहुंचे सिद्धार्थ-कियारा की एक साथ जोड़ी बेहद प्यारी लग रही थी। इस दौरान नई नवेली दुल्हन कियारा येलो सूट में बेहद खूबसूरत लगीं। मांग में सिंदूर, गले में मंगलसूत्र और वेडिंग रिंग से उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट किया। वहीं सिद्धार्थ इस दौरान ऑल व्हाइट लुक में परफेक्ट दिखे। दोनों ने हाथों में हाथ थाम मीडिया के लिए पोज दिए और एक दूसरे की आंखों में खोए भी नजर आए। कपल ने पैपराजी को मिठाइयां बांटी और स्वीट मैसेज भी दिए।

# जूनियर एनटीआर के साथ साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू करने को तैयार है एक और बॉलीवुड अभिनेत्री



दक्षिण भारतीय फिल्मों में पहले बॉलीवुड अभिनेत्रियां ज्यादा नजर नहीं आती थी, लेकिन पिछले कुछ समय में यह काफी बदल गयी है। बॉलीवुड फिल्में लोगों का अब पहले जितना मनोरंजन नहीं कर पा रही हैं और साउथ की फिल्मों का बुखार लोगों पर अब कुछ ज्यादा ही बढ़ता जा रहा है। आलिया भट्ट और रवीना टंडन जैसी अभिनेत्रियों के बाद अब ऐसी खबर सामने आ रही है कि बोनी कपूर की बेटी जान्हवी कपूर भी बहुत जल्द साउथ फिल्मों में डेब्यू करेंगी।

पिछले काफी समय से जान्हवी के साउथ फिल्मों में डेब्यू करने की खबरें मीडिया में सुर्खियों बटोर रही थी, लेकिन फिर जान्हवी के पिता बोनी कपूर ने इस खबर को नकार दिया था। फिलहाल सूत्रों के अनुसार जाह्नवी कपूर बहुत जल्द जूनियर एनटीआर के साथ साउथ फिल्मों में डेब्यू करेंगी। जाह्नवी कपूर की इस फिल्म का टाइटल 'एनटीआर 30' रखा गया है, लेकिन यह नाम अभी फाइनल नहीं है। इस नाम को बदला भी जा सकता है। इस फिल्म का निर्देशन कोरटाला शिवा करेंगे और इस महीने के आखिर तक इस प्रोजेक्ट को आधिकारिक तौर पर लॉन्च कर दिया जायेगा और मार्च से फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। जान्हवी के पिता बोनी कपूर ने भले ही जान्हवी के साउथ फिल्मों में डेब्यू करने की खबर को गलत ठहराया है। मगर, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने इस बात की पुष्टि की है कि मेकर्स ने हाल ही में जान्हवी को इस फिल्म के लिए साइन कर लिया है। जान्हवी बहुत जल्द ही जूनियर एनटीआर के साथ फोटोशूट के लिए टीम से जुड़ेंगी। दावा तो यह भी किया जा रहा है कि मेकर्स कुछ ही दिनों के अंदर इस फोटोशूट को कराने की प्लानिंग कर रहे हैं।

# 'वैलेंटाइन डे' पर देशमुख कपल ने अपने फैन्स को दिया बड़ा तोहफा




अभिनेता रितेश देशमुख और अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख ने 'वैलेंटाइन डे' के मौके पर अपने फैन्स को एक बड़ा तोहफा दिया है। 13 फरवरी से 16 फरवरी तक दर्शक फिल्म 'वेड' को सिनेमाघरों में महज 99 रुपये में देख सकते हैं। इस समय एक्टर द्वारा 'वैलेंटाइन डे' के मौके पर अपने फैंस को दिए गए खास तोहफे की हर तरफ चर्चा हो रही है। तो आप भी रितेश-जेनेलिया के साथ अपना 'वेलेंटाइन डे' मना सकते हैं। कुछ फैंस ने अभी भी रितेश और जेनिलिया फिल्म 'वेड' नहीं देखी है। अगर आपने भी फिल्म 'वेड' नहीं देखी है तो अब आप अपने पार्टनर के साथ फिल्म 'वेड' को बड़े पर्दे पर देख सकते हैं। रितेश-जेनेलिया के फैंस के पास बेहद कम कीमत में 'वेड' देखने का एक और मौका है। रितेश ने खुद पोस्ट शेयर कर फैन्स को बड़ा तोहफा दिया है। सोशल मीडिया पर भी रितेश और जेनिलिया की चर्चा हमेशा रहती है। वे इंस्टाग्राम पर अलग-अलग वीडियो क्लिप शेयर कर अपने प्यार का इजहार करते नजर आते रहते हैं। कुछ दिनों पहले रितेश-जेनिलिया स्टारर फिल्म 'वेड' रिलीज हुई थी। दर्शकों ने इस फिल्म को खूब पसंद किया।

## सूडोकू नवताल- 6343

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 6342 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल- 7090

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | व | र | सु | चे | ता | कृ | प | ला | नी | इ |
| न | सुं | क | ज | इं | डो | ने | ह | ति | म | श्त |
| अ | ध | आ | ज | य | ल | लि | ता | ह | प | उ |
| हु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | ह | इ | मा |
| ब | रा | ब | ड़ी | दे | वी | क | र | क | त्ते | भा |
| द | जे | कि | र | क | दा | का | को | ड | क | र |
| शी | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ती |
| ला | दे | श | शि | न | प | य | रा | घु | व | ला |
| दी | दि | ल | क | ले | दा | र | जा | या | वी | दे |
| क्षि | ज | ति | ला | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | ष | मा | स्व | रा | ज | त | र | म |

शब्दजाल में 'भारत की 10 महिला मुख्यमंत्रीयो के नाम' ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

सुचेताकृपलानी, शशिकला, काकोडकर, मायावती, राबड़ी देवी, सुषमा स्वराज, शीलादीक्षित,उमाभारती,वसुंधराराजे,जयललिता

### शब्दजाल - 7089 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ते | ग | ब | हा | दु | र |
| रा | अ | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | अ |
| य | म | जु | हे | रा | दी | ना | न | व | ग | रू |
| इं | र | ब | न | म | वा | स | क | त | ज | प |
| प | दा | ह | प्या | दा | तो | हो | दे | गो | र | त |
| ह | स | क | प | स | स | व | व | ण | गो | व |
| द | र | न | न | ट्रे | रू | ह | र | गो | विं | द |
| क | र | रा | प | क्श | प | का | र | चो | द | ख |
| र | व | त | य | रा | हो | प | य | अ | सिं | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | न | चि | त्र | ब | त | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6043

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | | 7 | | 5 | |
| | 33 | 3 | 35 | 1 | 27 | |
| 4 | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 35 | 2 | 37 | 7 | 32 | |
| | 4 | | | | | 1 |
| 2 | 29 | 1 | 33 | 4 | 30 | 5 |
| 1 | | | 7 | | | 4 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6042 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 38 | 6 | 32 | 1 | 30 | 7 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 1 | 25 | 2 | 37 | 4 | 32 | 5 |
| 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 |
| 3 | 26 | 4 | 38 | 5 | 36 | 6 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# 15 खिलाड़ी डेढ़ करोड़ से ज्यादा में बिकीं : सबसे महंगी मंधाना तेजी से रन बनाती हैं, कप्तानी भी करने में सक्षम

**मुंबई।**

विमेंस प्रीमियर लीग के पहले सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी हो चुकी है। मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में फ्रेंचाइजीज ने 15 खिलाड़ियों पर 1.50 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए। इनमें 9 भारतीय और 6 विदेशी खिलाड़ी रहीं। भारत की टॉप ऑर्डर बैटर और वाइस कैप्टन स्मृति मंधाना ऑक्शन में सबसे महंगी रहीं। उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम ने अपनी टीम में शामिल किया। 26 साल की स्मृति तेजी से रन बनाने की काबिलियत रखती हैं। साथ ही उनमें टीम लीड करने की क्षमता भी है। टीम उन्हें बतौर ओपनिंग बैटर और कप्तान के रूप में देख रही है। मंधाना के अलावा, एश्ले गार्डनर, नेटली सीवर, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और पूजा वस्त्राकर जैसी 15 खिलाड़ियों पर फ्रेंजाइजीज ने धनवर्षा की।

**स्मृति मंधाना** - टीम इंडिया की उपकप्तान स्मृति मंधाना तेजी से रन बनाने की क्षमता रखती हैं। उनमें लीडरशिप क्वॉलिटी भी हैं। मंधाना ने 112 टी-20 मैचों में 123.13 के स्ट्राइक रेट से 2651 रन बनाए हैं। उनके नाम 20 अर्धशतक भी हैं।

**एश्ले गार्डनर** - 25 साल की ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर गार्डनर बैटिंग और बॉलिंग दोनों में माहिर हैं। वे 133.62 के स्ट्राइक रेट से रन बनाती हैं, जबकि 6.23 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करती हैं। दाएं हाथ की ऑफ स्पिनर 68 टी-20 मुकाबलों में गार्डनर के नाम 1069 और 48 विकेट हैं।

**नेटली सीवर ब्रंट** - इंग्लिश ऑलराउंडर ब्रंट दाएं हाथ से मीडियम पेस गेंदबाजी करती हैं और पावर हिटिंग कर सकती हैं। वे टी-20 इंटरनेशनल में हैट्रिक लेने वाली पहली इंग्लिश गेंदबाज हैं। 30 साल की ब्रंट ने 105 मैचों में 112.64 के स्ट्राइक रेट से 2004 रन बनाए हैं और 78 विकेट भी लिए हैं।

**दीप्ति शर्मा** - 25 साल की भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा गेंद और बैट दोनों से प्रभाव छोड़ती हैं। दाएं हाथ की ऑफ ब्रेक स्पिनर दीप्ति शर्मा ने 88 मैचों में 6.12 की इकोनॉमी से 97 विकेट लिए हैं। उन्हें बल्ले से 106.52 के स्ट्राइक रेट से 914 रन निकले हैं।

**जेमिमा रोड्रिग्ज** - 22 साल की जेमिमा रोड्रिग्ज एक भरोसेमंद बल्लेबाज हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका में चल रहे विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में अपनी नाबाद 53 रनों की अर्धशतकीय पारी के दम पर भारत को पाकिस्तान पर 7 विकेट की रोमांचक जीत दिलाई है। जेमिमा को उस पारी का ईनाम भी मिला। 76 मैच में जेमिमा के बल्ले से 10 अर्धशतक सहित 1628 रन निकले हैं। कुछ मौकों पर वे गेंदबाजी करती भी नजर आई हैं, लेकिन विकेट नहीं ले सकीं।

**शेफाली वर्मा** - भारत की टॉप ऑर्डर बल्लेबाज हैं। जो भारतीय पारी की शुरुआत करती हैं। 19 साल की शेफाली ने 134.46 के रन रेट से 1264 रन बनाए हैं। इनमें 5 अर्धशतक भी शामिल हैं। शेफाली के नाम 6 इंटरनेशनल विकेट भी हैं। शेफाली लीडरशिप मटेरियल भी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएसएल की ओपनिंग सेरिमनी के दौरान लगी आग, पाकिस्तान की इज्जत धुआं-धुआं



**नई दिल्ली।** भारत में महिला प्रीमियर लीग, महिला आईपीएल, का ऑक्शन चल रहा था तो पाकिस्तान सुपर लीग के 2023 सीजन का आगाज हो रहा था। मुल्तान के मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में धमाकेदार शुरुआत हुई, क्योंकि सीजन का पहला मुकाबला मुल्तान सुल्तान बनाम लाहौर कलंदर्स के बीच खेला जा रहा था तभी आतिशबाजी के कारण एक बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। इसे लेकर सोशल मीडिया पर कुछ लोग कह रहे हैं कि क्वॉलिटी फ्लडलाइट्स तो लगवा नहीं सकते और आईपीएल से तुलना करते हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान फ्लडलाइट्स में से एक में आग लग गई थी। इसके बाद स्टेडियम में अफरातफरी मच गई। इसकी वजह से मुकाबला लगभग 30 मिनट की देरी से शुरू हुआ। इस वजह से पाकिस्तान की इंटरनेशनल लेवल काफी बेइज्जती हो रही है। इस मोमेंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मैच की बात करें तो लाहौर कलंदर्स ने मुल्तान सुल्तानों को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हराकर शानदार आगाज किया। मीडिया और सोशल मीडिया पर शेयर किए गए विजुअल्स में देखा जा सकता है कि आग 2023 पीएसएल सीजन की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान पटाखों की वजह से लगी। आग की लपटों को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड तुरंत पहुंच गई थी, जिससे टॉस से पहले चिंताजनक दृश्य पैदा हो गया था। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुल्तान सुल्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने बाद में टॉस जीतकर लाहौर को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया। फखर जमां की 42 गेंद में 66 रन की शानदार पारी की मदद से मेहमान टीम ने छह विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में मुल्तान की टीम ने सलामी बल्लेबाज शान मसूद और रिजवान के साथ शानदार शुरुआत की और 100 रनों की साझेदारी की, हालांकि मध्य क्रम कप्तान की मदद करने में विफल रहा, जो अंततः 50 गेंदों पर 75 रन बनाकर आउट हो गया। हाजांकि, मेजबान मुल्तान टीम ने अचानक 3 विकेट गिरने से मोमेंट्म खो दिया और एक रन से उसे हार मिली। मुल्तान सुल्तांस का अगला मुकाबला बुधवार शाम को क्वेटा ग्लैडिएटर्स से होगा, जबकि लाहौर कलंदर्स का सामना रविवार को कराची किंग्स से होगा। लाहौर के कप्तान शाहीन अफरीदी ने कहा- अच्छी शुरुआत हुई। हमारे पास गेंद के साथ कई विकल्प हैं। जमान ने जिस तरह से इसे खत्म किया वह कमाल है। टीम के लिए संदेश था कि एक विकेट हमें वापस लाएगा।

### शुभमन गिल आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बनेः वनडे में डबल सेंचुरी लगाई, टी-20 में शतक जमाया; सिराज और कॉन्वे को पीछे छोड़ा



**दुबई।** टीम इंडिया के ओपनर शुभमन गिल ने मोहम्मद सिराज और डेवोन कॉन्वे को पछाड़ कर आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड अपने नाम किया है। जनवरी के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड घोषित किया। गिल ने पिछले महीने सफेद गेंद के दोनों फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन किया। बीते महीने ही खेल के सबसे छोटे प्रारूप टी-20 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने एक फरवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल शतक भी लगाया। न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने 126 रन की नॉट आउट पारी खेली। इस शतक के साथ वह तीनों फॉर्मेट में शतक जड़ने वाले पांचवें भारतीय बने। भारत के लिए टी-20 क्रिकेट में यह सबसे बड़ा स्कोर भी है। उनसे पहले विराट कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ 122 रन की नॉटआउट पारी खेली थी। गिल ने मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ पहला टी-20 में 7 रन बना सके, लेकिन उसके बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। तीसरे मैच में 46 रन बनाये। इसके बाद तीन वनडे में 70, 21 और 116 रन बनाये। न्यूजीलैंड के खिलाफ हैदराबाद में पहले वनडे में उन्होंने 149 गेंद में 208 रन की पारी खेली। वह वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बने। इसके बाद अगली दो पारियों में नाबाद 40 और 112 रन बनाये। उन्होंने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 360 रन बनाकर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी की।

## धर्मशाला में भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच रद्द होने का असर

# क्रिकेट प्रेमी निराश, इकोनॉमी भी हुई प्रभावित ; 90 प्रतिशत तक पहुंच गई थी एडवांस बुकिंग

**धर्मशाला।**

हिमाचल के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाले मैच के रद्द होने से न केवल निराश किया है, बल्कि यहां कि इकोनॉमी को भी प्रभावित किया है। मैच आयोजन को लेकर होटलों की एडवांस बुकिंग 90 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। जो वर्तमान में धर्मशाला के होटलों में ऑक्यूपेंसी 15 और 20 प्रतिशत चल रही थी। हिमाचल के कांगड़ा घाटी में पर्यटकों की संख्या में निरंतर कमी होती जा रही है। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में पर्यटकों की आवाजाही में कमी से छाई वीरानी के चलते कारोबार मंदी की चपेट में है।

**मैक्लोडगंज की अधिकांश अर्थव्यवस्था पर्यटन कारोबार पर निर्भर** - हालात यह हैं कि इक्का-दुक्का पर्यटक ही मैक्लोडगंज का रुख कर रहे हैं। कारोबारियों के अनुसार, मैक्लोडगंज की अधिकांश अर्थव्यवस्था पर्यटन कारोबार पर ही निर्भर है। उन्हें धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाले मैच के रद्द होने से न केवल निराश किया है बल्कि यहां कि इकोनॉमी को भी प्रभावित किया है।

**होटलों की बुकिंग होना हुई कैंसिल** - धर्मशाला के होटलों में 70 फीसदी एडवांस बुकिंग एक से 5 मार्च तक टेस्ट मैच को लेकर हुई थी। यह बुकिंग अब कैंसिल होना शुरू हो गई है। इससे जिला कांगड़ा के होटल, गेस्ट हॉउस और होम स्टे के संचालकों को निराश किया है। मैच के न होने से आगामी ग्रीष्म कालीन पर्यटन सीजन को भी नुकसान पहुंचा है।

**धर्मशाला के होटलों में ऑक्यूपेंसी 15 और 20 प्रतिशत** - वर्तमान में कांगड़ा घाटी के होटलों में ऑक्यूपेंसी महज 20 प्रतिशत है जो मार्च में आयोजित होने वाले मैच के चलते 90 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। धर्मशाला के होटलों में ऑक्यूपेंसी 15 और 20 प्रतिशत रह गई है। आलम यह है कि टूरिज्म के जरिए हिमाचल की आर्थिकी में बड़ा योगदान देने वाले धर्मशाला में होटलों के लिए अपना खर्च निकाल पाना मुश्किल हो गया है। होटल इंडस्ट्री से जुड़े लोग इसको कोविड के बाद सबसे बड़ी आर्थिक मार मान रहे हैं। इससे उबरने में इस इंडस्ट्री को कई महीने लग जाएंगे।



**नुकसान की भरपाई कठिन** - होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने कहा कि पहले ही होटल इंडस्ट्री नुकसान में चल रही थी। मैच से उम्मीदें थीं, लेकिन वे भी अधूरी रह गई हैं। सरकार को इस दिशा में बड़ा कदम उठाना होगा। नुकसान की भरपाई कठिन है। स्मार्ट सिटी होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के महासचिव संजीव गांधी ने कहा कि पहले ही न्यू ईयर और क्रिसमस में स्लो बिजनेस रहा। अब मैच भी नहीं हो रहा और बुकिंग भी हाथ से छिटक गई है।

**मैच से पहले होटलों में काफी जोर से हो रही थी बुकिंग** - उन्होंने कहा कि धर्मशाला से लेकर चामुंडा तक के होटलों में काफी जोर से बुकिंग हो रही थी। रेनोवेशन पर खर्च किया जा रहा था। मैच शिफ्ट होने से सब बर्बाद हो गया है। एचपीसीए के सचिव परमार ने कहा कि स्टेडियम को बनाने के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद और ठंड के मौसम के कारण आउट फ़ील्ड में घास का घनत्व कम है। इस तरह वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय संचालन के लिए आवश्यक मानकों का अभाव है।

**मैच शिफ्ट होने से पर्यटन उद्योग को नुकसान हुआ** - जिसके चलते बीसीसीआई को धर्मशाला से टेस्ट मैच इंदौर स्थानांतरिती करने के लिए मजबूर किया है। भविष्य में अपने हितधारकों को आश्वस्त करती है कि शीघ्र ही धर्मशाला स्टेडियम विश्व स्तरीय मानकों पर आधारित होगा। पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर विनय धीमान ने बताया कि इस समय होटलों में ऑक्यूपेंसी 20 प्रतिशत रह गई है। मैच शिफ्ट होने से पर्यटन उद्योग को नुकसान हुआ है। उम्मीद है आने वाले समय में धर्मशाला को मैच मिलेंगे

# हार्दिक पांड्या और नताशा करेंगे डेस्टिनेशन वेडिंग, परिवार के साथ उदयपुर रवाना



**मुंबई।**

भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और अभिनेत्री-मॉडल नताशा स्टेनकोविक परिणय सूत्र में बंधने के लिए राजस्थान रवाना हो गए हैं। हाल ही में हुई कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की शादी के बाद भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और अभिनेत्री-मॉडल नतासा स्टेनकोविक शादी के बंधन में बंधने के लिए राजस्थान रवाना हो गए हैं। दोनों ने 2020 से कानूनी रूप से शादी कर ली थी। उन्होंने अपने करीबी दोस्तों और परिवार के साथ अपने मिलन का जश्न मनाने के लिए डेस्टिनेशन वेडिंग करने का फैसला किया है। 14 फरवरी को उदयपुर में एक बार फिर से शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार यह सेलिब्रिटी जोड़ी अपने खास दिन के लिए मुंबई से रवाना हो गई है। राजस्थान अधिकांश भारतीय हस्तियों के लिए एक पसंदीदा विवाह स्थल है। कुछ दिनों पहले ही बी टाउन के प्यारे कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में शादी की थी। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास के साथ-साथ कैटरीना कैफ और विक्की कौशल भी शादी के बंधन में बंध गए।

एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए हार्दिक और नताशा दोनों ही कैमरे के लिए स्माइल करते नजर आए। जहां एक्ट्रेस-मॉडल ऑल-ब्लैक फॉर्मल फिट में स्टनिंग लग रही थीं, वहीं हार्दिक ने टी और जींस में कैजुअल पहना था। खबरों के मुताबिक नताशा के ईसाई होने के बाद से जोड़े की शादी पारंपरिक सफेद रंग में तय की गई है।

प्री-वेडिंग जैसे हल्दी, संगीत और मेहंदी की भी योजना बनाई गई है। उदयपुर रिपोर्ट में वैलेंटाइन्स डे पर हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक की पारंपरिक सफेद शादी होगी। उन्होंने तब एक अदालत में शादी कर ली थी। जब यह हुआ तो सब कुछ जल्दबाजी में था। तभी से उनके मन में एक भव्य शादी का विचार आया। वे सभी इसे लेकर बहुत उत्साहित हैं।

# श्रेयस अय्यर के दूसरा टेस्ट खेलने की संभावना नहींः बुमराह की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में वापसी को लेकर जल्दबाजी में नहीं टीम मैनेजमेंट

**नई दिल्ली।**



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 17 फरवरी से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दूसरा टेस्ट खेला जाना है। उम्मीद थी कि पहले टेस्ट में चोट की वजह से टीम से बाहर रहे श्रेयस अय्यर की दिल्ली टेस्ट में वापसी होगी। अब खबरें आ रही हैं कि अय्यर का दूसरे टेस्ट में खेलना संभव नहीं है। वहीं, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का भी चार मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद होने वाली वनडे सीरीज में भी खेलना मुश्किल है। दोनों ही खिलाड़ी अभी बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब कर रहे हैं। भारतीय टीम चार टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़ते ले चुकी है।

**अय्यर बैक इंजरी और बुमराह स्ट्रेस फ्रैक्चर की वजह से टीम से बाहर हैं** - अय्यर बैक इंजरी की वजह से पहले टेस्ट मैच से बाहर थे, जबकि बुमराह स्ट्रेस फ्रैक्चर की वजह से टीम से बाहर चल रहे हैं। उनके ऑस्ट्रेलिया के साथ वनडे सीरीज से वापसी की संभावना थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अय्यर एक महीने से टीम से बाहर हैं। वह रिहैब से गुजर रहे हैं। ऐसे में टीम मैनेजमेंट उन्हें डायरेक्ट इंटरनेशनल मैच में उतारने की जोखिम नहीं लेगा। अय्यर ने बेंगलुरू में रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम के कुछ वीडियो पोस्ट किये थे, जिसमें वह ट्रेनर एस रजनीकांत के साथ थे। अय्यर स्ट्रेंथ और कंडिशनिंग ट्रेनिंग कर रहे हैं, लेकिन नेशनल टीम के साथ इंटरनेशनल स्तर पर वापसी के मानदंड के अनुसार उन्हें कम से कम एक घरेलू मैच खेलना जरूरी होगा। अय्यर को सीधे टेस्ट मैच में नहीं उतारा जा सकता है, इसमें उन्हें 90 ओवरों के लिए फील्डिंग करनी होगी और लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी पड़ सकती है।

**अय्यर-बुमराह की वापसी के लिए टीम मैनेजमेंट जल्दबाजी में नहीं** - टीम मैनेजमेंट अय्यर और बुमराह की वापसी को लेकर जल्दबाजी में नहीं है। चूंकि जून में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल है और अक्टूबर में वनडे वर्ल्ड होना है। दोनों खिलाड़ी टीम के लिए अहम है। ऐसे में टीम मैनेजमेंट किसी तरह की जोखिम नहीं उठाना चाहती है। मैनेजमेंट चाहता है कि दोनों खिलाड़ी पूरी तरह फिट होकर वापसी करें।

**ईरानी ट्रॉफी में खेल सकते हैं अय्यर** - अब यह देखना होगा कि चेतन शर्मा की अगुआई वाली चयन समिति 1 से 5 मार्च तक मध्य प्रदेश के खिलाफ होने वाले ईरानी कप मैच के लिए अय्यर को फिटनेस साबित करने के लिए शेष भारत टीम में शामिल करती है ।

# जब मैं टीम में शामिल हुआ तब सचिन नाखुश थे : गैरी किर्स्टन ने कहा - 2007 वर्ल्ड कप के बाद सचिन रिटायरमेंट लेने की सोच रहे थे

**मुंबई।**



2011 की वर्ल्ड कप विजेता टीम इंडिया के कोचगैरी किर्स्टन ने अपना अनुभव शेयर किया। दी फाइनल वर्ल्ड क्रिकेट पॉडकास्ट में उन्होंने अपना अनुभव सांझा किया। वे बताते है कि 2007 वर्ल्ड कप के बाद टीम में आते ही मैंने ड्रेसिंग रूम में नाखुशी देखी। सचिन उस समय खुश नहीं थे। वर्ल्ड कप में मिली हार की वजह से वे रिटायरमेंट लेने की सोच रहे थे।

### टीम कॉम्बिनेशन बैठाना मुश्किल हो रहा था

गैरी किर्स्टन ने बताया - 2007 में आने के बाद मेरे लिए टीम में से एक अच्छा लीडर निकालना था। इस टीम में बहुत पोटेंशियल था, लेकिन जब मैंने कमान संभाली थी तो निश्चित तौर पर टीम में काफी डर था। बहुत सारी नाखुशी थी और इसलिए मेरे लिए यह समझना ज्यादा महत्वपूर्ण था कि कौन सा प्लेयर कहा फिट बैठता है।

### सचिन थे सबसे ज्यादा अलग

क्रस्टन ने आगे बताया - सचिन शायद मेरे लिए सबसे अलग थे क्योंकि जब मैं टीम में शामिल हुआ तो वह बहुत नाखुश थे। वे टीम के लिए बहुत कुछ करना चाहते थे, लेकिन उन्हें क्रिकेट नहीं आ रहा था। उनके करियर में एक सीसा समय चल रहा था जब वे संन्यास लेने के बारे में सोचने लगे। टीम में उन्हें समझाना मेरे लिए चुनौती थी। 2011में टीम की जीत में उनका बहुत बड़ा योगदान था।

### कप्तानी के मामले में धोनी सचिन से बेहतर

क्रस्टन ने कहा - सचिन क्रिकेट को एन्जॉय नहीं कर पा रहे थे। देश के लोगों के इमोशंस उनका साथ जदए थे। ऐसे में उन्हें कप्तान बनाकर नई जिम्मेदारी देना मैंने ठीक नहीं समझा। दूसरी ओर धोनी इस बीच एक लीडर के रूप में असाधारण थे क्योंकि उनका ध्यान टीम के अच्छा प्रदर्शन करने पर था, वह ट्राफियां जीतना चाहते थे और बड़ी सफलता हासिल करना चाहते थे। धोनी के कप्तान बनने के बाद सचिन भी क्रिकेट को एंजॉय करने लगे।

# बकरियां चराने वाली लड़की गेंदबाजों के छुड़ा रही छक्केः पहनने के लिए जूते भी नहीं, नंगे पैर ही करती है प्रैक्टिस

**बाड़मेर।**

वुमन इंडियन टीम ने पाकिस्तान को हराकर कीर्तिमान रचा है। वुमन प्रीमियर लीग का ऑक्शन भी हुआ। इस बीच राजस्थान की एक 14 साल की लड़की का वीडियो सामने आया है। वीडियो में लड़की क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव की तरह चौके-छक्के मार रही है। वीडियो बाड़मेर जिले के शिव शेरपुरा कानासर गांव का है। छक्के-चौके लगा रही ये लड़की 14 साल की मूमल मेहर है। 8वीं क्लास में पढ़ती है। पिता मठार खान किसान है। घर की हालत भी काफी खराब है। खेलने के लिए जूते भी नहीं। मकान पक्का तो है, लेकिन अधूरा बना हुआ है। परिवार की इतनी कमाई भी नहीं है कि बेटी को क्रिकेट की सही ट्रेनिंग दिला सकें। फिलहाल स्कूल के ही टीचर रोशन खान मूमल के कोच है। जो उन्हें क्रिकेट की बारीकियों के बारे में बताते हैं। रोज तीन से चार घंटे प्रैक्टिस कराते हैं। मूमल को घर के कामों में भी हाथ बंटाना पड़ता है। बकरियां चरानी पड़ती है। मां का हाथ भी बंटाना पड़ता है। मूमल ने कहा- मैं 9 साल की थी, तब मैं अनीसा के साथ क्रिकेट खेलती थी। जब अनीसा का अंडर 19 राजस्थान टीम में चयन हुआ तो मेरी रूचि बढ़ गई। सूर्यकुमार को बैटिंग करते देखा तो गांव के बच्चों के साथ-साथ बैट- बॉल लेकर उसी तरह खेलने की प्रैक्टिस करती हूं। छोटी-मोटी चोट लगी थी, लेकिन मेरे जुनून के आगे वो चोट बिल्कुल छोटी थी। मूमल के स्कूल में टीचर और कोच रोशन खान ने बताया- मूमल के खेल का वीडियो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। मूमल के वीडियो को हर कोई सोशल साइट्स पर पोस्ट कर रहा है। अब हो सकता है कि मूमल को आगे कोई प्लेटफॉर्म पर जगह भी मिल जाए। सरकार से यह उम्मीद है कि 14 साल की उम्र में अच्छा खेल रही है। उसे आगे खेलने का मौका देना चाहिए। घर की स्थिति इतनी अच्छी नहीं है। थोड़ा सपोर्ट मिल जाएगा तो इंडिया तक खेल लेगी। गांव के साथ पूरे देश का नाम रोशन करेगी। कोच ने बताया- मूमल सुबह 8 से 9 बजे तक और शाम 4 से 6 बजे तक क्रिकेट प्रैक्टिस करती है। ग्रामीण ओलिंपिक में मूमल का अच्छा प्रदर्शन रहा था। सेमीफाइनल मैच में 25 रन बनाकर नाबाद रही थी। चार मैच में 7 विकेट भी लिए थे। दो कैच पकड़े थे। फिल्डिंग से बहुत सारे रन भी बचाए। फाइनल मैच में हम बायतु से हार गए थे।

**चचेरी बहन खेल चुकी अंडर 19 ट्रॉफी** - बता दें कि मूमल की चचेरी बहन अनीसा का



चैलेंजर क्रिकेट ट्रॉफी अंडर-19 में चयन हुआ था। 27 अगस्त को जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में हुए ट्रायल में सिलेक्शन बतौर गेंदबाज हुआ था। अनीसा समाज और जिले की पहली बेटी हैं, जो स्टेट टीम के लिए क्रिकेट खेल चुकी हैं। मूमल के चाचा रज्जाक मेहर ने बताया- मूमल के सात बहनें और दो भाई है। मूमल घर से तीन किलोमीटर दूर पैदल स्कूल जाती है। क्रिकेट प्रैक्टिस करती हैं। फिर घर आती है।

**सांसद सहित सोशल मीडिया यूजर डाल रहे पोस्ट** - 14 साल की मूमल का वीडियो जिसने भी देखा हर किसी ने उस वीडियो को अपने-अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाला। सांसद पीपी चौधरी ने लिखा कि जुनून हो तो धोरों में से भी हीरा निकल सकता है। बेटियां तो भी किसी हीरे से कम नहीं है। बाड़मेर के एक गांव की प्रतिभा-वाह! वहीं यूजर्स लिख रहे हैं राजस्थान की धोरों वाली धरती में उग रही सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल जैसी प्रतिभाएं। पहचान और जरूरी संसाधनों का इंतजार।

**इंस्टा पर डालती है वीडियो** - वहीं, मूमल का एक इंस्टाग्राम अकाउंट भी है। इस अकाउंट पर वो अपनी बैटिंग और बॉलिंग के वीडियो शेयर करती हैं। इन वीडियो में वे अपने स्कूल में प्रैक्टिस करती भी दिख रही है। साथ ही गेंदबाजी भी करते नजर आ रही है। उसके इस पेज पर 12 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं, जो लगातार बढ़ रहे हैं।

**आखिरकार मूमल के पास पहुंचा किट** - सोशल मीडिया पर मूमल के वीडियो शेयर होने के बाद आज उसके पास क्रिकेट किट पहुंच गया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने ट्वीट किया- आज बहुत खुशी हुई। चौके-छक्के मारने वाली बाड़मेर की बेटी मूमल के पास क्रिकेट किट पहुंच गया। बेटी खेला, आगे बढ़ो, खूब सारी शुभकामनाएं। चौहटन प्रधान रूपाराम और उनके प्रतिनिधि रणजीत चौधरी ने मूमल के गांव जाकर क्रिकेट किट दी। प्रधान ने क्छ्क्कप्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया से फोन पर बात भी करवाई। पूनिया ने मूमल को कहा- क्रिकेट पिच सहित विभिन्न संसाधनों को लेकर विधानसभा में मांग उठाऊंगा। जितनी हो सकेगी मदद की जाएगी।

**मूमल बोली- खुशी का ठिकाना नहीं** - मूमल का कहना है कि जयपुर से किट मिला है। वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डालने वाले सभी यूजर्स को बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं इंडिया के लिए खेलना चाहती हूं। पूनिया ने फोन पर कहा कि ऐसे ही मेहनत करते रहा और अच्छा खेलो देश का नाम रोशन करो। किट मिलने के बाद खुशी का ठिकाना नहीं है।

अनीसा का कहना है कि मेरी भी पूनिया से बात हुई थी। मैंने उनसे कहा कि ग्राउंड की कमी है। उन्होंने बोला की विधानसभा में इस मुद्दे को रखूंगा। आप जयपुर जब भी आएं तो मेरे से जरूर मिले।

# सर्वाइकल पेन से राहत पाने के लिए करें इन 5 योग आसनों का अभ्यास



जो लोग कम्प्यूटर या लैपटॉप पर एक ही पोश्चर में बैठे रहकर घंटों काम करते रहते हैं उन्हें अकसर गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द की शिकायत रहती है। जो कंधे और हाथों तक भी कई बार पहुंच जाता है। इसे सर्वाइकल पेन कहते हैं। ज्यादातर वर्किंग प्रोफेशनल्स आजकल इस पेन का शिकार हैं। लैपटॉप, कंप्यूटर के अलावा बहुत ज्यादा मोबाइल के इस्तेमाल से भी सर्वाइकल की प्रॉब्लम हो सकती है। शुरू में अगर आपने इस समस्या को समझते हुए जरूरी सावधानियां बरत लीं, तो इसे दूर करना आसान है लेकिन इलाज और सावधानी की कमी से धीरे-धीरे यह खतरनाक रूप भी ले सकती है। सर्वाइकल पेन से राहत दिलाने में कुछ योगासन भी बेहद असदार हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में साथ ही इन्हें करने का तरीका भी।

1. भुजंगासन

भुजंगासन सर्वाइकल पेन से राहत दिलाने में बहुत ही असरदार आसन है। इसके लिए पेट के बल लेट जाएं, दोनों हथेलियों को अपने चेस्ट के पास रखें। धीरे-धीरे सांस भरते हुए हथेलियों की सहायता से अपर बॉडी को ऊपर की ओर उठाएं। कोहनी को सीधा रखें। गर्दन को अपनी क्षमतानुसार पीछे ले जाने की कोशिश करें। कुछ देर इस मुद्रा में बनें रहें। अब सांस छोड़ते हुए नीचे आ आएं। भुजंगासन सर्वाइकल पेन के साथ ही पेट की चर्बी और डबल चिन की समस्या भी दूर करता है। साथ ही स्ट्रेस से भी राहत दिलाता है।

2. बालासन

नियमित रूप से बालासन का अभ्यास भी सर्वाइकल पेन दूर करने में कारगर है। इसके लिए वज्रासन की मुद्रा में बैठें। दोनों हाथों को सांस भरते हुए ऊपर की ओर उठाएं। अब धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए आगे की तरफ झुकें। सिर को जमीन से टच करें। इस मुद्रा में थोड़ी देर बने रहें। फिर वापस व्रजासन में बैठें। इस आसन को कम से कम 5 से 7 बार दोहराएं।

3. मार्जरी आसन

मार्जरी आसन भी सर्वाइकल के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद आसन है। इससे गर्दन, पीठ और कमर की अच्छी स्ट्रेचिंग हो जाती है। मार्जरी आसन करने के लिए पैरों और हाथों के बल आ जाएं। सांस भरते हुए सिर को ऊपर उठाएं। कमर को नीचे की ओर दबाएं और हिप्स को बाहर की ओर निकालें। इसका भी 5-7 बार अभ्यास करें।

4. धनुरासन

धनुरासन का अभ्यास एक साथ कई सारी समस्याओं से राहत दिलाएगा।

## विंटर सीजन में हाई बीपी को कंट्रोल करती हैं पांच सब्जियां

हाई बीपी आजकल सामान्य समस्या है। यह समस्या खराब दिनचर्या, गलत खानपान, अत्यधिक आराम और तनाव की वजह से होती है। इसके अलावा, शरीर में सोडियम के असंतुलन से भी हाई बीपी होती है। हाई बीपी से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। इसके लिए हाई बीपी को कंट्रोल में रखना बेहद जरूरी है। अगर आप भी हाइपरटेंशन के मरीज हैं और हाई बीपी को कंट्रोल करना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में इन सब्जियों को जरूर शामिल करें। आइए जानते हैं-

**टमाटर :** बढ़ते उच्च रक्तचाप को कंट्रोल करने के लिए टमाटर के जूस का सेवन कर सकते हैं। हालांकि, जूस में नमक न मिलाएं। टमाटर में पोटेशियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। पोटेशियम शरीर में सोडियम को संतुलित करता है। इसके लिए रोजाना टमाटर का जूस पिएं।

**पालक :** सर्दियों में पालक आसानी से मिल जाती है। इसमें आवश्यक पोषक तत्व ल्यूटिन, पोटैशियम, फाइबर, फोलेट और विटामिन-इ पाए जाते हैं, जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों में फायदेमंद होते हैं। खासकर, पोटेशियम उच्च रक्तचाप के लिए फायदेमंद होता है। इसके लिए सर्दियों में पालक का सेवन जरूर करें।

**गाजर :** बढ़ते उच्च रक्तचाप को कंट्रोल करने के लिए अपनी डाइट में गाजर को शामिल करें। गाजर में कई ऐसे आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हाई बीपी को कंट्रोल करने में सहायक होते हैं। इसके लिए सर्दियों में गाजर का हलवा और सलाद का सेवन कर सकते हैं।

**बीन्स :** आप हाई बीपी को कंट्रोल करने के लिए डाइट में बीन्स को शामिल कर सकते हैं। इसमें फाइबर कैल्शियम, आयरन, प्रोटीन, पोटैशियम और विटामिन ए, सी, के और बी 6 पाए जाते हैं, जो हाई बीपी समेत कई अन्य बीमारियों में फायदेमंद होते हैं।

# अफेयर की खबरों के बीच वेकेशन के मूड में

# तमन्ना भाटिया



फिल्म बाहुबली में नजर आने वाली तमन्ना भाटिया ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें गोवा में वेकेशन एन्जॉय करते हुए देखा जा सकता है। पहली तस्वीर में वह कैमरे की ओर देख रही हैं और उन्होंने कैजुअल ड्रेस पहन रखी है। वह काफी रिलैक्स नजर आ रही है। दूसरी वीडियो में कुछ निगलने का नाटक कर रही है और रील बना रही है। तीसरी तस्वीर में वह रेत पर बैठकर कॉफी पीती नजर आ रही है। चौथी में वह समुद्र की लहरों के बीच चाय पी रही है। पांचवी तस्वीर में उन्होंने एक फोटो को कॉपी किया है। सातवीं फोटो में वह एक पेंटिंग के पास खड़े होकर पोज दे रहे हैं। तमन्ना भाटिया हाल ही में गोवा में हॉलीडे मना कर मुंबई वापस लौटी है। इस अवसर की तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। उन्हें फोटोज में बीच पर चील करते हुए देखा जा सकता है। तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है कि नए साल का स्वागत ऐसे कर रही हूं जैसे 2020 फ्री है। एक पोस्ट में उन्होंने बताया है कि 2022 का समापन अच्छा हुआ है। उन्होंने बाहुबली में काम किया और कांस फिल्म फेस्टिवल में भाग लिया। वहीं, उन्होंने अपनी पहली मलयालम फिल्म भी साइन की थी और तबाही गाने में भी काम किया था। 2022 तमन्ना भाटिया के लिए काफी अच्छा रहा है। तमन्ना भाटिया ने फिल्म बाहुबली में दमदार भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस फिल्म के अलावा देवी, सायरा नरसिम्हा रेड्डी में भी काम किया है। इन दिनों वह विजय वर्मा के साथ अपने अफेयर को लेकर खबरों में है। दरअसल यह खबर आई थी कि वह और विजय वर्मा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों को हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर भी साथ स्पॉट किया गया था।




मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय ) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, ( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )